he was much influenced by his close relative, Ayodhya Prasad, who was a great scholar, a good orator and follower of Arya Samaj. He advised him to go to Sanskrit Institute at Baidyanath Dham. He accepted his advice and went to the Sanskrit Institute at Baidyanath Dham. He was appointed as Principal of the Sanskrit Institute which was generally known as Gurukul Vidyapith.[3] He remained as Principal of the Sanskrit Institute for two years (1932-33).

Shri Jagdish Narain left the Sanskrit Institute of Baidyanath Dham and went to Varanasi where he got an opportunity to meet Dr. Bhagwan Das, a renowned scholar and thinker of India.. Dr. Das advised him to study Buddha-Vacana[4] of the Thervada School. The Buddha-Vacana (Pali Tripitaka) contains the complete sermons, speeches, rules and orders of the Lord Buddha. Shri Jagdish Narain decided to go to Srilanka. Shri Rahul Sankrityayana also gave his consent and wrote a letter to Rev. Dhammanand, the Head of the Vidyalankar Mahavihar of Srilanka and requested him for his ordination. Shri Jagdish Narain received his higher ordination as a Buddhist Monk from Rev. Dhammanand. Now he is called as Bhikkhu Jagdish Kashyap. In Vidyalankar Mahavihar he devoted his full time in reading the Pali Tripitaka which was available there only in Sinhlese characters. Thereafter he visited Buddhist Countries-Malaya and Myanmar (Burma).[5] He also visited Chinanga and Singapore and learnt Chinese language. He devoted his time in Meditation also. Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap came to India and stayed at Sarnath and started teaching the students of a high school which was managed by the Mahabodhi Society, Sarnath. In the year 1940 the highest degree of Tripitakacharya was conferred on him in Srilanka.[6] The founder of the Banaras Hindu University, Pt. Madan Mohan Malviya, requested him to accept the post of professor

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

to teach Pali. Shri Malviyaji appointed him as professor of Pali and very soon a building was constructed to accommodate him in the premises of the University. Rev. Kashyapji taught students of the University from 1940 to 1950.

But Bhikkhu Jagdish Kashyap had an idea to revive the glory of the ancient University of Nalanda.

ESTABLISHMENT OF NAVA NALANDA MAHAVIHARA

In 1950 Bhikkhu Jagdish Kashyap left the Banaras Hindu University and came to Bihar. The Managing Committee of the Nalanda Degree College, Biharsharif, appointed him as professor to teach Pali and Philosophy. The teaching of Pali was started in this College. This was the first College in Bihar where Pali was included in the courses of studies.

Once the President of India, His Excellency Dr. Rajendra Prasad had declared that the ancient seat of Buddhist learning at Nalanda would be revived. Dr. Shri Krishna Sinha, the then Chief Minister of Bihar had approved a plan for establishment of a number of institutes in Bihar. The then Education Minister, Shri Acharya Badrinath Verma and the then Education Secretary, Shri Jagdish Chandra Mathur, I.C.S. extended their full co-operation for the establishment of an international research institute near the ruins of the Ancient University of Nalanda.[7]

Accordingly, at the instance of Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap the Government of Bihar established an International Institute in 1951, on advanced lines in different aspects of Pali and Buddhistic learning.[8]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

It imparts teaching of Post-graduate standard. It has started functioning as a residential Institute. In the beginning it was affiliated to Patna University, then to Bihar University and now to Magadh University, Bodh Gaya, as a teaching-cum-research institute, and its students are permitted to appear at the M.A. examinations in Pali, Philosophy and Ancient Indian and Asian Studies. This Institute prepares students for Ph.D. and D. Litt. degrees of the Magadh University. It also teaches students for Pali Acharya examination conducted by the Kameshwar Singh Darbhanga Sanskrit University, Darbhanga. In this Institute there are diploma courses in many languages, viz. Pali, Sanskrit, Tibetan, Chinese, English and Japanese and there is a certificate course in Pali.[9]

REV. BHIKKHU JAGDISH KASHYAP AS FOUNDER DIRECTOR OF THE NAVA NALANDA MAHAVIHARA

The Government of Bihar appointed Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap as Director of the Nava Nalanda Mahavihar in the year 1951. He took over charge of the Director of the Institute as its Founder Director on 1st August, 1951 and remained there as such till 28th February, 1955. I got myself admitted in the institute in M.A. Pali class in 1954. During my study I observed Rev. Kahsyapji from close and found him well-equipped with tremendous energy, organising capacity, extraordinary teaching method etc. When I was in M.A. class besides Rev. Kashyap there were two professors, namely, Dr. Nathmal Tatia and Dr. B. Jinanand. In the beginning, the Nava Nalanda Mahavihar had a Director. No other teachers were appointed. Under the circumstances Rev. Kashyap had to bear the burden of teaching all the eight papers

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

of the M.A. (Pali) course. Even the daily routine-work of the Institute fell on him. Often he went on taking classes for hours together at a stretch. He was an extraordinary teacher, "he had the capacity to kindle the torch of learning in the hearts of his students, so that they might be inspired to seek and discover 'fresh fields and postures new' in the domain of knowledge."[10]

BUILDING OF THE NAVA NALANDA MAHAVIHARA

In the beginning the Institute was functioning in a small bungalow at Rajgir as there was no building of the Nava Nalanda Mahavihar. The site of the Institute was selected on the southern side of Indrapuskarani lake. For the building of the Institute Rev. Kashyap personally approached the local noble-minded Muslim Zamindar who gladly donated a piece of land measuring seven acres and nintythree decimals.

On 20th November, 1951 His Excellency Dr. Rajendra Prasad, the first President of India laid the foundation stone of the first building of the Institute. On its completion the building was formally inaugurated by His Excellency Dr. Sarvapalli Radhakrishnan, the then Vice-President of India on 20th March, 1956.

NEED OF A LIBRARY BUILDING

Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap felt need of a separate building for library of the Nava Nalanda Mahavihara. He sent a proposal to the Government of Bihar for the construction of a new building for library. The Government accepted the proposal of Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap for construction of a new building meant for library. The building was constructed by the Public Works Department, Government

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

of Bihar, for which Finance Department, Government of Bihar sanctioned the required amount, The building of the library of the Nava Nalanda Mahavihara is double storeyed with two halls, sixteen research cubicals and two big rooms also attached to it.

Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap wanted to establish a good research library in the Institute. He procured rare and classical books, journals and manuscripts. The Government of Bihar purchased valuable collections of personal libraries of West Bengal. The Government of United States of America donated a good number of books through Wheat Loan Collection. A German scholar, Swami Agehanand prepared the list of books for the Library of the Institute. Buddhist countries of Asia also donated books to the Library. We are proud to say that volumes of the Tripitak in different characters of the Asian Countries are stocked in the Library of the Institute. Chinese and Tibetan Tripitaks are also in the Library.

PUBLICATION OF PALI TRIPITAKA IN DEVANAGRI CHARACTER

On the occasion of the 2500th anniversary of Lord Buddha's Mahaparinirvan, the Cultural and Scientific Research Department, Government of India and Education Department , Government of Bihar had jointly approved a scheme of bringing out entire Pali Tripitak in Devanagri characters.

Pt. Jawaharlal Nehru, the then Prime Minister of India was patron of the publication of the Tripitaka in Devanagri characters. The valuable role he played in the celebrations of the 2500th Buddha

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Jayanti in 1956 was an evidence of the influence of Buddhism on Pt. Nehru, as once he confided to a friend, "no other religion attracts me but if I had to chose from among them it would certainly be Buddhism."[11]

The task of publication of the Tripitaka was entrusted to the Devanagri Tripitak Publication Department, Nava Nalanda Mahavihar, Nalanda (Bihar) under the able general editorship of Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap. During the publication of the Tripitaka he remained as an Honorary Director of the Nava Nalanda Mahavihara. Dr. Satkari Mukharjee was the Director of the Institute. The printing of the text of the Vinay Pitak was started at Niranaya Sagar Press, Bombay. In 1956 two printed volumes in Devnagri characters were presented on the occasion of the 2500th anniversary of the Lord Buddha's Mahaparinirvana at Bodh Gaya. The Devnagri edition of the Tripitaka begins with a preface by Dr. Sarvapalli Radhakrishnan, the then Vice-President of India. The printing work of the rest volumes of the Tripitak was started at Hindi Pracharak Press, Manmandir, Tara Printing Press, Varanasi and Hindi Sahitya Sammelan Press, Allahabad. Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap, General Editor deputed me as Editor-in-charge to supervise the editing and printing works at Allahabad Camp Office. In 1961 entire Tripitak was published in Devanagri characters. Rev. Kashyapji decided to present 41 volumes of the Tripitaka in Devanagri characters to Pt. Jawaharlal Nehru, the then Prime Minister of India. Rev. Bhikkhu Kashyap was of the view that the Tripitak in Devanagri characters should be presented to Pt. Nehru at Sarnath. As it is evident that the places connected with the Buddha had a special charm for Pt. Jawaharlal Nehru. Writing about the panorama of India's past in the 'Discovery of India', Nehru writes, "Hundreds of vivid pictures

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

of the past filled my mind, and they would stand as soon as I visited a particular place associated with them. At Sarnath, near Banaras, I would almost see the Buddha preaching his first sermon and some of his recorded words would come like a distant echo to me through 2500 years. Ashoka's pillars of stone with their inscriptions would speak to me in their magnificent languages and tell me of a man who, though an emperor, was greater than any king or emperor."[12]

Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap wrote a letter in 1961 to Pt. Nehru, showing his willingness to present him the entire Pali Tripitaka in Devanagri characters at Sarnath. Pt. Nehru gladly gave his consent. On 30th December, 1961 complete Pali Tripitaka in Devanagri characters was presented to Pt. Jawaharlal Nehru at Sarnath by the general editor, Rev. Jagdish Kashyap. The members of the editorial board received much appreciation from Pt. Nehru.

But as a result of Chinese aggression in 1962 the scheme of the publication of other Pali texts specially commentaries, sub-commentaries and Pali-English Dictionary was dropped resulting the closer of the Publication Department. Pt. Nehru was so generous that he wrote a letter to the Chief Minister of Bihar that scholars relieved of from the services should be accommodated in Government services as soon as possible.

After completion of the Tripitaka and closure of the publication scheme Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap was appointed as head of the Department of Pali and Thervada Buddhism in the Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi. He was highly respected by the Pandits of the University. In 1965 he was again appointed as the Director

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

of the Nava Nalanda Mahavihar by the Government of Bihar. He encouraged the scholars and teachers to edit the manuscripts of the commentaries and sub-commentaries of the Pali texts. About 30 volumes of the commentaries have been published so far by the Institute. During the period of Rev. Kashyap an Asian Seminar on Pali Studies was organised in 1967 at Nava Nalanda Mahavihar. He served the Institute as Director till January, 1973. The Fourth special convocation of the Nava Nalanda Mahavihar was held on 20th February, 1973 and Degree of Vidyavaridhi (honoris causa) was conferred on rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap, the Founder Director of the Nava Nalanda Mahavihara.[13]

WORKS OF BHIKKHU JAGDISH KASHYAP

1. Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap edited 11 texts of the Khuddak-Nikaya in Devanagri characters with Rahul Sankrityayan and Bhikkhu Anand Kaushalyayan, which were published in Myanmar (Burma).

He translated the following Pali books in Hindi:-

2. Digh-Nikaya with Rahul Sankrityayana.
3. Ṣamyukta-Nikaya - Publisher, Mahabodhi Sabha, Sarnath.
4. Udan - Publisher, Mahabodhi Sabha, Sarnath.
5. Milinda-Panha - Publisher, Mahabodhi Sabha, Sarnath.
6. Moggalan Vyakaran with Hindi translation.
7. Buddhism for every body (in English).
8. Western Logic - Deductive (in Hindi).
9. Western Logic - Inductive (in hindi).
10. Abhidhamm Philosophy, Part - 1 & 2 (in English).

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

11. Pali Nesseni (concise Pali Grammar).
12. Buddhistic Outlook (in English).
13. Tripitak Sabad Anukkramani (Edited).
14. Edited 41 Vols. of the text of the Devanagri Tripitaka and wrote an exhaustive introduction of each Vol. in English and Hindi.[14]

In the wider world, Reverend Bhikkhu Jagdish Kashyap has long been respected as an outstanding scholar and exponent of Thervada Buddhism. He will be remembered also for ever as a successful guide, teacher, founder of the Nava Nalanda Mahavihar, an author, translator, organiser and an editor. Rev. Bhikkhu Jagdish Kashyap's demise on 28th June, 1976 is a great loss to us and to the Thervada Buddhist World. Although he is no longer with us in body but his excellent works, good deeds continue to live alongwith us. He has made great contributions. But for us a light has gone out. May God grant us the energy and strength to follow the path he has shown us.

References

1. *Homage to Bhikkhu Jagdish Kashyap*, 1986, p. 3.
2. *Ibid.*
3. Tripathi, Hawaldar, *Bauddhadharm Aur Bihar*, Bihar Rashtra Bhasa Parishad, 1960, p. 274.
4. *Homage to Bhikkhu Jagdish Kashyap*, 1986, p. 6.
5. *Bauddhadharm Aur Bihar*, Bihar Rashtra Bhasa Parishad, 1960, p. 275.
6. *Ibid.*, p. 275.
7. Bihar, 1959-60, *Report of the Government of Bihar*, p. 7.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Presentation of Tripitak in Devanagri Character by Bhikkhu J. Kashyap



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

8. *Nava Nalanda Mahavihar - A Sketch*, 1996, p. 12.
9. *Ibid.*, pp. 30-31.
10. *Homage to Bhikkhu Jagdish Kashyap*, 1986, p. 78.
11. Brecher, M., *Nehru : A Political Biography*, p. 606.
12. Nehru, J., *The Discovery of India*, p. 39.
13. *Nava Nalanda Mahavihar - A Sketch*, 1996, p. 32.
14. *2500 Years of Buddhism*, Publication Division, Government of India, 1956, p. 366; *Homage to Bhikkhu Jagdish Kashyap*, Nava Nalanda Mahavihar, 1986, p. 21 and *Bauddhadharm Aur Bihar*, Bihar Rashtra Bhasa Parishad, 1960, p. 276.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बौद्ध धर्म और नालन्दा

जयराम दास

विश्व में एशिया खंड ही एक ऐसा स्थल है जहाँ अनेक धर्मों और सम्प्रदायों का उद्गम हुआ है। पारसी, यहूदी, ताओ, कन्फ्यूसियन, सांख्य-योग, बौद्ध जैन जैसे धर्म इसी पावन एवं उर्वर भूमि में जन्मे और इनकी वैचारिक उद्भावनाएँ ईसापूर्व पाँच-छः शताब्दियों में ही नवीन चेतना के रुप में प्रतिष्ठित हुई। इनमें से भारतवर्ष में प्रादुर्भूत बौद्धधर्म व्यापक मानवीयता, करुणा और नैतिकता का अधिक पोषक माना गया और इसका प्रसार शिष्टता एवं अत्यंत आदर के साथ पूरे एशिया खंड में आरंभ से ही होने लगा। इस धर्म में किसी सद्विचार का विरोध नहीं था, किसी जीवधारी का अहित चिन्तन नहीं था, अपितु समन्वयात्मक विश्व-कल्याण की भावना थी। इस देश में प्राचीनकाल से यह भावना अनजानी न थी; किन्तु कुछ शतकों के बीच लौकिक जीवन का नेतृत्व राजाओं और पुरोहितों, श्रेष्ठियों और ऋत्विजों के अधीन हो गया था। ये लोग शक्ति, धन और देवपूजा द्वारा अपने भोग और सुविधाएँ जुटाना ही अपने जीवन का लक्ष्य मानने में लगे थे। अतः जन-सामान्य के कष्ट सें तप्त गौतम बुद्ध ने भरी तरुणाई में व्यक्तिगत सुख से मुँह मोड़कर मानवता के उद्धार में ही अपनी शांति एवं निर्वाण-प्राप्ति की सिद्धि की और कृतज्ञ जनता उनके वचनामृतों से अपनी जीवन-पद्धति निर्धारित की। भारत का यह धर्म-संदेश यूनानी, तूरानी, चीनी, जापानी आदि शासकों में भी शिरोधार्य हुआ।[1] इस आधुनिक नये युग मे भी बुद्ध उपदिष्ट धर्म को मानने वाले विदेशी लोगों की संख्या भारतवासी हिन्दुओं से कहीं अधिक है और वे सब इस देश को पुण्य भूमि मानते हैं।

भारत के सांस्कृतिक इतिहास में नालंदा एक अविस्मरणीय पृष्ठ है जिसे हम बार-बार दुहराते रहना चाहते हैं। शिक्षा, ज्ञान ओर संस्कृति से जुड़ा इस विख्यात नालंदा हमें भारतीय इतिहास के उन खोये हुए पृष्ठों की ओर ले जाता है जो कभी हमारे गौरव-निधि थे। तथागत के पावन संदेश तथा श्रमण महावीर के मंगलमय उपदेशों की प्रतिध्वनियाँ आज भी यहाँ के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पहाड़ियों, खंडहरों खेतों और खलिहानों मे गूँजती है। तथागत के संबोधन - 'चरथ भिक्खवे चारिकं, बहुतन हिताय बहुजन सुखाय।'[2] आज भी हमारे मन-मानस को उत्प्रेरित करते हैं।

सैकड़ों वर्ष पूर्व मगध की राजधानी राजगृह से उत्तर-पश्चिम में अवस्थित नालंदा नामक एक समृद्ध संपन्न तथा बहुजनाकीर्ण नगर था। पालि साहित्य में इसका स्पष्ट उल्लेख मिलता है-'अयं नालन्दा इद्धा चेव फीता च बहुजना आकिरणमनुस्सा ति'।[3] इस क्षेत्र का नाम नालंदा किस प्रकार पड़ा, इस संदर्भ में किवदंतियां तथा अनेक कथाएँ प्रचलित हैं। बौद्धदर्शन के प्रख्यात आचार्य बुद्धघोष ने नालंदा शब्द की व्युत्पति करते हुए कहा था- 'नालं ददाति नालन्दा' अर्थात जहाँ कमल के नाल प्रचुर मात्रा में पाये जाते वही नालंदा है। अनेक ऐतिहासिक संदर्भों से यह प्रमाणित होता है कि नालंदा के इर्द-गिर्द कई सुन्दर सरोवर थे जिनमें असंख्य मात्रा में शतदल कमल खिला करते थे। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि इन सुन्दर सरोवरों में खिले हुए कमल के सौंदर्य से प्रभावित होकर ही किसी ने इस स्थान का नाम 'नालंदा' रख दिया है। आज भी नालंदा ग्राम के निकट कमल के नालों से भरी अनेक रम्य पुष्करणियाँ दर्शकों का मनभावन बनी हुई है।

कई विद्वानों की यह मान्यता है कि राजगृह से कुछ ही दूरी पर 'नालक' नामक ग्राम में भगवान बुद्ध के परम शिष्य सारिपुत्र का जन्म हुआ था और उनका निर्वाण भी इसी स्थान पर हुआ था। उनकी मृत्यु के पश्चात् उनकी स्मृति में यहाँ एक प्रमुख चैत्य का निर्माण भी किया गया था। कहा जाता है कि यही ग्राम 'नालक' अपने महत्व के कारण कालांतर में 'नालंदा' के नाम से विख्यात हुआ।

हुएनसांग ने -निदानगाथा में आई एक प्रसिद्ध कथा का सहारा लिया है। इनके अनुसार 'न अलम दा' से नालंदा शब्द बना जिसका अर्थ होता है- वह दान जिसका अंत नहीं। नालंदा शब्द की व्युत्पति -बुद्धिस्ट रेकार्ड्स ऑफ द वेस्टर्न वर्ल्ड' में 'ना आलम दा' बतलाया गया है जिसका अर्थ है सतत् दानशीलता।[4] अत्यंत प्रचीन काल में तथागत बोधिसत्व के रुप में थे। उन्होंने एक शासक होने के कम में इस क्षेत्र में अपनी राजधानी की स्थापना की। ये एक महान दानी थे जिनका दान देने का कोई अन्त नहीं था। इनके इस महान पवित्र कार्य के कारण इनकी चारित्रिक विशेषता को लेकर इस क्षेत्र का नाम नालंदा पड़ा।[5]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालंदा के नामाकरण के संबंध में भले ही अनेकानेक कथाएँ और किवदंतियाँ हो, परन्तु यह एक प्रामाणिक तथ्य है कि बौद्धकालीन भारत में नालंदा ज्ञान और संस्कृति का एक विख्यात अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र था। इतिहासकार इस बात को स्वीकारते हैं कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना के पूर्व भी नालंदा बौद्ध-दर्शन के एक प्रमुख केन्द्र के रुप में उभर चुका था।

नालंदा में तथागत प्रायः विश्राम हेतु ठहरा करते लेकिन मुख्य कर्मभूमि के रुप में इस स्थल को प्रश्रय नहीं दिया गया था। फिर भी यह स्थल बौद्धधर्म से प्रभावित था।[6] महावीर जिन्हें 'निर्ग्रन्थ नाथ पुत्त' के रुप में माना जाता है, नालंदा की यात्रा किया करते थे। इन्होंने यहाँ तीन चौमासे (वस्सावास) व्यतीत किया था।[7] भगवान बुद्ध के प्रिय शिष्य सारिपुत्र और मौद्गल्यायन इसी बौद्ध स्थल के समीपस्थ गाँव के ब्राह्मण कुल में जन्मे एक मित्र थे। दोनों में बचपन से ही गाढ़ी मित्रता थी। ऐसा कहा जाता है कि दोनों एक ही दिन उत्पन्न हुए थे। उनका रहना-सहना, पढना-लिखना साथ-साथ हुआ करता था। एक बार दोनों साथ-साथ कहीं पड़ोस के गांव में मूक अभिनय देखने गये। उसके पश्चात दोनों संन्यासी हो गये और राजगृह में संजय के आश्रम में अध्ययन करने लगे। इन दोनों ने यद्यपि अनेक शास्त्रों का अध्ययन किया था लेकिन इच्छित ज्ञान की प्रप्ति नहीं हो सकी थी।

सारिपुत्र एक दिन कार्यवश राजगृह में थे तभी उन्हें संस्कारयुक्त अश्वजित नामक भिक्षु दिखाई पडा जिसने सारिपुत्र को बुद्ध के बारे में बताया।[8] अश्वजित से बुद्ध के उपदेशों के बारे में जानकर सारिपुत्र को बड़ी प्रसन्नता हुई। सारिपुत्र ने इसकी जानकारी अपने परममित्र मौद्गल्यायन को दी। अब दोनों ने मिलकर संजय से बौद्ध धर्म ग्रहण करने की अनुमति माँगी लेकिन संजय ने उन्हें अनुमति नहीं दी फ़िर भी ये दोनों बुद्ध से दीक्षित होने चले गये।

सारिपुत्र बचपन से ही बड़े मेधावी थे और राजगृह में संजय के आश्रम में मीमांसाशास्त्र का अध्ययन कर चुके थे। बौद्ध होने के बाद उन्होंने चार भिक्षुणियों को वैशाली में शास्त्रार्थ में पराजित किया था। भगवान बुद्ध सारिपुत्र के ज्ञान को तथा उनके साधु-चरित्र स्वभाव को बहुत अधिक सम्मान देते थे। बुद्ध ने अपने पुत्र राहुल की दीक्षा इनसे दिलवाई थी तथा राहुल ने अपना ज्ञान सारिपुत्र की देख-रेख में ही बढ़ाया था। जब कभी संघ में कोई समस्या आती तो उसके सामाधान के लिए सारिपुत्र को ही भेजा जाता। वस्तुतः उस समय बौद्ध संघमें सारिपुत्र जैसा प्रभावशाली भिक्षु कोई नहीं था। देवदत्त ने जब बुद्ध के संघ से वज्जिदेस के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

500 भिक्षुओं को फोड़ लिया तब बुद्ध की चिन्ता को सारिपुत्र और मौदगल्यायन ने ही दूर किया था। बुद्ध के ये दोनों शिष्य गयासीस पर्वत पर गये और देवदत्त के समक्ष ही अपनी प्रगाढ़ विद्वता और अमित ज्ञान से उन पांच सौ भिक्षुओं को अपने पक्ष में कर लिया। इतना ही नहीं इस प्रकार बौद्ध संघ के बीच में आई अनेक दरारों को भी उन्होंने समाप्त कर दिया था।[9]

मौदगल्यायलन भगवान बुद्ध के दूसरे प्रियतम शिष्य थे। उन्होंने भी अपने प्रिय मित्र सारिपुत्र के साथ 44 वर्षों तक बौद्ध धर्म और बौद्ध संघ की सेवा की। सारिपुत्र की तुलना में ये अधिक मेधावी थे। अर्हत् प्राप्त करने में जहाँ सारिपुत्र को इक्कीस दिनों का समय लगा था वहीं मौदगल्यायन को मात्र सात दिनों का समय लगा था। बौद्ध संघ में सारिपुत्र के बाद इन्हीं का स्थान था। सारिपुत्र के मृत्यु के ठीक पन्द्रह दिनों के बाद राजगृह के आश्रम में धर्म विद्रोहियों ने मौदगल्यायन की हत्या कर दी।[10]

नालंदा के इन दो रत्नों ने बौद्ध-संघ की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। नालंदा को इसका गर्व है । इन दोनों के कृत्यों ने नालन्दा को बुद्धमय बना दिया था। बाद में यह स्थल एक प्रमुख शिक्षा केन्द्र के रूप में बौद्ध-धर्म की आज भी सेवा करता आ रहा है।

नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में कई धारणाएँ हैं। अधिकांश विद्वानों के मतानुसार नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना 5 वीं शताब्दी (ए० डी०) में हुई थी और इसकी ख्याति सुदूर प्रदेशों तक फैली हुई थी। पालवंश के उदार, दानवीर एवं श्रद्धालु सम्राटों ने नालन्दा के निर्माण में अपना समस्त वैभव लगा दिया था। इन सम्राटों ने अनेक विहारों एवं भवनों का निर्माण कराया। विश्वविद्यालय परिसर में अनेक विशालकाय भवन थे जिनमें छोटे-बड़े अनेक कक्ष थे। उत्खनन से मिले अवशेष वहाँ की भव्यता प्रमाणित करते हैं। विश्वविद्यालय भवन में व्याख्यान के निर्मित 7 बड़े कक्ष और 300 छोटे छोटे कक्ष थे। विद्यार्थी छात्रावासों में रहते थे तथा प्रत्येक कोने पर कूपों का निर्माण किया गया था, जिसकी पुष्टि उत्खनन से मिले साक्ष्य से होती है।[11] प्राप्त अभिलेख एवं चीनी यात्री ह्वेनसांग के विवरण से यह स्पष्ट होता है कि नालन्दा में एक विशाल एवं भव्य विहार का निर्माण किया गया था जो 300 फीट ऊँचा था।[12] यहाँ बौद्ध-धर्म, दर्शन, कला एवं इतिहास का विशद एवं महन अध्ययन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कराया जाता था। विश्वविद्यालय में ज्योतिष, चिकित्साशास्त्र, सांख्य, रसायन विज्ञान आदि विषयों के अध्ययन की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। विश्वविद्यालय के आचार्य अपने-अपने विषयों के प्रकांड एवं उद्‌भट् विद्वान हुआ करते थे। विश्वविद्यालयों के आचार्यों में शीलभद्र, नागार्जुन, धर्मकीर्ति, वसुबंधु, दिङ्नाग, धर्मपाल, चन्द्रपाल, गुणमति, स्थिरमति, ज्ञानचन्द्र, जिनमित्र, प्रभामित्र आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यहाँ के आचार्यों एवे पंडितों ने न केवल विश्वविद्यालय के प्रांगण में ही सीमित रहकर देश-विदेश से आनवाले विद्यालयों के ज्ञान-चक्षु खोले, अपितु विदेशों में जाकर भी ज्ञान की दीपशिखा प्रज्जवलित की। ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालयों के अनेक आचार्यों एवं पंडितों ने तिब्बत, चीन, तथा दक्षिणी एशिया के अनेक देशों में जाकर बौद्ध-दर्शन के मर्म को जन साधारण के बीच उद्‌घाटित किया था।

भगवान बुद्ध ने कहा था - "यं किञ्च उत्पाद धम्मं सब्बं तं निरोध धम्मं।" नालन्दा विश्वविद्यालय के साथ भी यह कथन सत्य सिद्ध हुआ। नालन्दा की सुदृढ़ व्यवस्था जो कभी इसकी शक्ति थी, वही अंततोगत्वा इसकी दुर्बलता सिद्ध हुई। बारहवीं शताब्दी में बख्तियार ख़िलजी की फौज तूफान की तरह आयी और नालंदा को देखते-देखते क्षत-विक्षत कर गयी। कहा जाता है कि बख्तियार खिलजी की सेना ने नालन्दा को कोई बड़ा गढ़ समझकर घेर लिया तथा अग्नि और असि से संहार किया। तुर्क इतिहासकार मिनहाज ने अपनी पुस्तक तवकात-इ-नासिरी में खिलजी द्वारा किये गये आक्रमण का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया है। तारानाथ ने अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ बुद्धिज्म इन इंडिया में नालंदा पर तुर्कों के आक्रमण का उल्लेख करते हुए लिखा है कि तुर्कों की सेना ने समस्त मगध पर आधिपत्य स्थापित कर लिया तथा नालंदा विश्वविद्यालय के विहारों एवं चैत्यों पर जितना गहरा आघात पहुँचा उससे विश्वविद्यालय पूर्णतया ध्वस्त हो गया।[13] ऐसे भी संकेत मिले हैं कि हिन्दुओं ने भी बौद्ध-विहारों को क्षति पहुँचायी। महायानों तथा हीनयानों के आपसी संघर्ष से भी नालंदा महाविहार को काफी क्षति पहुँची।

दिन और रात की भाँति दुःख और सुख का एक दूसरे के बाद आगमन होता है। नालंदा के अतीत की समाधि पर नालंदा के नवनिर्माण की प्रक्रिया 20 नवम्बर 1951 की तिथि को माना जा सकता है। नव नालन्दा के लिए यह तिथि अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि उस तिथि को भारत के मनीषी एवं विद्वान राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के कर-कमलों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्वारा वर्त्तमान 'नव नालंदा महाविहार' का इस उद्देश्य एवं अपेक्षाओं के साथ शिलान्यास किया गया कि नालन्दा एक बार पुनः अन्तर्राष्ट्रीय मानचित्र पर सांस्कृतिक केन्द्र बनकर उभरे। ताम्रपत्र में निम्नलिखित पालि श्लोक उत्कीर्ण कर उनकी नींव में स्थापित किया गया-

"अस्मा एवं सिला सिंगा नालंदा भानुरं सियो।
उदेन्तु लोकभासाय विगमे मार रत्तिया॥"

(रात्रि के बीत जाने पर संसार को प्रकाश देने के लिए नालन्दारूपी सूर्य की किरणें इसी शिला के शिखर से उदित हो।)

नव नालन्दा महाविहार के माध्यम से बौद्ध-दर्शन को पुनः आलोकित करने में महाविहार के प्रथम निदेशक भिक्खु जगदीश काश्यप के विशिष्ट योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पालि त्रिपिटक का देवानागरी रूपांतरण उनकी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शायद वह दिन दूर नहीं, जब नालंदा अपने प्राचीन गौरव तथा अपनी प्राचीन मान्यताओं को पुनर्जीवित तथा पुनर्स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा।

पाद टिप्पणी

1. डॉ पाण्डेय, गोविन्दचन्द्र, बौद्धधर्म के विकास का इतिहास, पृ० 4.
2. मज्झिम निकाय, सू०-56.
3. उपासक, सी० एस०, नालंदा विश्वविद्यालय, पृ० 1.
4. ब्रील, एस०, बुद्धिष्ठ रेकार्डस ऑफ द वेस्टर्न वर्ल्ड, पृ० 167.
5. शास्त्री, हीरानन्द, नालंदा एंड इट्स एपिग्राफिक मैटेरियल्स, पृ० 5.
6. संयुक्तनिकाय -1.322, 40.9.
7. नालन्दा पास्ट एन्ड प्रेजेन्ट, नव नालंदा महाविहार, पृ० 30.
8. महावग्गो, 1.4.2-4.
9. चुल्लवग्गो संघभेदक, 7.2.8.
10. बुद्धचर्या, हिन्दी पृ० 519.
11. डॉ मिश्र, जयशंकर, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, पृ० 473.
12. संकालिया, एच० डी०, दि यूनिर्वसिटी ऑफ नालंदा, पृ० 48.
13. तारानाथ, हिस्ट्री ऑफ बुद्धिज्म इन इंडिया, पृ० 39.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जैन धर्म के आलोक में नालन्दा

विद्यानन्द उपाध्याय

विश्व शिक्षा केन्द्र के रूप में नालन्दा की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक महत्ता सदियों तक गुंजायमान रही। नालन्दा और उसका समीपस्थ क्षेत्र क्रमशः हिन्दू, जैन और बौद्ध तीनों धर्मों की दृष्टि से गौरवान्वित रहा है। किन्तु शिक्षा केन्द्र (विश्वविद्यालय) के रूप में इसकी प्रतिष्ठा सदियों तक सुरक्षित रही। वस्तुतः नालंदा विभिन्न संस्कृतियों का संगमस्थल है। ज्ञान, कला, साहित्य एवं संस्कृति की समृद्ध परम्पराओं की भूमि है। शिक्षा केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित होने से पूर्व ही यह भगवान महावीर और भगवान बुद्ध की कर्मभूमि के रूप में प्रख्यात हो चुकी थी और इस क्षेत्र के प्रसिद्ध आचार्य इनके शिष्य हो चुके थे। इस पृष्ठभूमि में हम मान सकते हैं कि गुप्तकाल से सदियों पूर्व नालन्दा जैन और बौद्ध धर्म-दर्शन का केन्द्र रहा था। फलस्वरूप जैन एवं बौद्ध साहित्य में नालन्दा की चर्चाएँ भरी पड़ी हैं।[1] छठी शताब्दी ई० पूर्व के पहले नालन्दा का कहीं भी उल्लेख नहीं मिलता है; लेकिन इस समय से नालन्दा का उल्लेख बौद्ध एवं जैन साहित्य में एक समय के अनुरुप विस्तार से हुआ। कारण था- छठी शताब्दी ई०पूर्व से बौद्ध एवं जैन धर्म की पृष्ठभूमि में इस स्थल की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता बढ़ने लगी थी। यह स्थान भगवान महावीर एवं भगवान बुद्ध की कर्मभूमि तो बनी ही इनके प्रिय शिष्यों में - महावीर के प्रधान गणधरों में अग्निभूति, वायुभूति एवं इन्द्रभूति गौतम तथा बुद्ध के शिष्यों में सारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन नालंदा के समीपस्थ ग्रामों के ही थे।

बौद्ध धर्म की दृष्टि से विश्वविद्यालय की पृष्ठभूमि में नालंदा की अपनी महत्ता है वहीं यह स्थल जैनियों के लिए तीर्थस्थल के रूप में पूज्य है। भगवान महावीर ने नालंदा में अपने उपदेशों से लोगों को लाभान्वित किया था। प्रथम चातुर्मास (वर्षावास) अस्थिक ग्राम में समाप्त करके शरद् ऋतु में महावीर ने विहार किया। ये क्रमशः उत्तर वाचाला से श्वेताम्बी नगरी[2] (केकय राज्य की राजधानी) से होते हुए गांगेय प्रदेश आये और नालंदा में तंतुवायशाला[3]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

में ठहरे। यहाँ भगवान ने तंतुवायशाला के मालिक की आज्ञा से वहाँ एक कोने में दूसरा चातुर्मास सम्पन्न किया। इसी समय मंख जातीय मक्खलिगोशाल की भेंट भगवान महावीर से हुई।[4] बी० सी० लॉ० ने गोशाल को चित्रकार पुत्र कहा है।[5] डिक्शनरी ऑफ पालि प्रॉपर नेम्स (भाग 2, पृ. 400) में मलालसेखर ने उसे न तों चित्रकार और चित्र विक्रेता ही कहा है अपितु चित्र दिखाकर जीवन यापन करने वाला कहा है।[6]

गौशाल की माता का नाम भद्रा था।

भगवान के नालंदा में इस वर्षावास के प्रथम उपवास की पारना विजय सेठ ने अत्यंत भक्तिपूर्वक और आदर के साथ विविध भोज्य सामग्री से कराया था। उस समय पंच दिव्य प्रकट हुए।[7] उनको देखकर मक्खलि गोशाल के हृदय में भगवान महावीर के प्रति अपूर्व श्रद्धा उत्पन्न हुई और उन्होंने भगवान का शिष्य बनने की इच्छा प्रकट की। भगवान के सम्पर्क में आने के बाद वह "नियतिवाद" का पक्का समर्थक हो गया। गोशाल भगवान के साथ कई वर्षावास में साथ-साथ रहा।

व्याख्या प्रज्ञप्ति के पन्द्रहवें शतक में मंखलिपुत्र गोशाल की विस्तृत चर्चा आई है। गोसाल के लिए मंखलिपुत्र एवं मक्खलिपुत्र इन दोनों शब्दों का प्रयोग होता रहा है। जैन परम्परा में मंत्रलिपुत्र शब्द और बौद्ध परम्परा में मक्खलिपुत्र शब्द प्रचलित है। हाथ में चित्रपट लेकर उनके द्वारा लोगों को उपदेश देकर अपनी जीविका चलानेवाले भिक्षुक जैन परंपरा में "मंख" कहे गये हैं। गोशाल का जन्म सरवणा नामक ग्राम में रहने वाले वेद विशारद गौबहुतल ब्राह्मण की गोशाला में हुआ। इसीलिए उसके पिता मंखलिमंत्र एवं माता भद्रा ने अपने पुत्र का नाम गोशाल रखा। जब महावीर दीक्षित होने के बाद दूसरे चातुर्मास में घूमते-फिरते राजगृह के बाहर नालंदा पहुंचे और बुनकरवास में ठहरे, तब उन दिनों पास में ही मंखलिपुत्र गोशालक भी ठहरा हुआ था। वह नग्न रहा करता था। ऐसा लगता है कि गृहस्थाश्रम में नहीं रहता था। महावीर के दीक्षित होने के पूर्व से ही मंख भिक्षुओं की परंपरा यहां विद्यमान थी। भगवान महावीर से मक्खलिगोशाल मिला। राजगृह में उसने स्वत: शिष्य के रुप में उसे स्वीकार करने की प्रार्थना की। इस बार महावीर मौन रहे किन्तु दूसरी बार उसे अपना शिष्य बना लिया।[8] बाद में वे दोनों छ: वर्षों तक साथ-साथ विचरण करते रहे।[9]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मक्खलिपोशाल पूर्ण नियतिवादी थे। सिद्धांत के अनुसार जीव का अपवित्र तथा पवित्र होना अहेतुक तथा निष्कारण है, अर्थात् कोई भी दुःख (क्लेश) का कारण जन्म नहीं है। अपने या दूसरे के सामर्थ्य से कुछ नहीं होता या न तो पुरुषार्थ ही कुछ करता है। पुरुष में न तो बल है, न वीर्य है या न कोई दूसरी शक्ति है। सभी जीव और सभी भूत-निवीर्य हैं। जीव स्वभावतः सुख-दुःख का भोक्ता है। जिस प्रकार सूत का गोला फेंकने पर जब तक संपूर्ण न खुल जाय, तब तक बढ़ता चला जाता है, उसी प्रकार बुद्धिमानों तथा मूर्खों का दुःख इस जीव के चौरासी लाख छियासठ सौ योनियों में चक्कर काट लेने के बाद ही नष्ट होता है। इनकी धारणा है कि इस भव-सागर में कुछ ऐसी भँवरें हैं, जिन्हें बिना झेले पार नहीं किया जा सकता है। इनमें 505 कर्म, 3 अधिकर्म (मानसिक), 62 मार्ग, 62 अन्तर कल्प, 6 अभिजातियों, 8 पुण्यभूमियों, 1900 आजीवक, 900 परिव्राजक, 4900 नाग-आवास, 2000 इंद्रियाँ, 3000 नरक, 36 नजो धातु और सात-सात संज्ञीगर्भ, निर्ग्रंथ-ग्रंथ देव, मनुष्य, पिशाच, स्वर तथा 707 मांडें, 707 प्रपात, 707 स्वप्न तथा अस्सी लाख छोटे-बड़े कल्प हैं। व्यक्ति इन्हें जानकर अथवा इनका अनुगमन कर ही दुःखों का अंत कर सकता है। इन सबों को पार करने के लिए भाग्य ही सब कुछ है। बौद्ध धर्म में इसी आधार पर नरक की कल्पना की गई है।

इनके सम्प्रदाय को "आजीवक" कहा गया था। ये अक्रियावादी तथा नियतिवादी कहे जाते थे। वेदान्तवादियों के सर्वव्यापी एकदेव[10] की तरह इनकी नियति ही सर्वसमर्थवती है। भगवान बुद्ध के समय में मगध-प्रदेश में आजीवकों का बहुत बड़ा गढ़ था। सर्वसाधारण में इनकी बहुत प्रतिष्ठा थी। इनका एक भारी संघ राजगृह के जेतवन के पीछे के भाग में रहता था और ये कठिन तपस्या में विश्वास करते थे। अशोक के पोते "दशरथ" ने गया के पास "बराबर" की पहाड़ी में कई गुफायें बनवायीं थीं और उन्हें दान में दे दिया था।

जैन आगमों के अनुसार भगवान महावीर के इन्द्रभूति आदि चौदह हजार शिष्य थे। महावीर ने अपनी श्रमण-संस्था को व्यवस्था की दृष्टि से नौ गणों में बाँट दिया था और इसके नियमन के लिए ग्यारह प्रधान शिष्यों को नियत किया था जो "गणधर" नाम से प्रसिद्ध थे।[11]

प्रथम सात गणों का एक-एक गणधर था, परन्तु आठवें और नवें गण के दो-दो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गणधर थे। इस प्रकार नौश्रमण-गणों के ग्यारह गणधर थे जिन्हें भगवान महावीर ने अपने केवल ज्ञान के दूसरे दिन वैशाख शुक्ल एकादशी को नियत किया था। ये सभी गणधर गृहस्थाश्रम में भिन्न-भिन्न स्थानों में रहने वाले उत्कृष्ट ब्राह्मण थे। पावा-मध्यमा निवासी सोमिलार्य, ब्राह्मण के आमंत्रण पर वे अपने शिष्य (छात्र) गणों के साथ महावीर के शिष्य बने और सभी गणधर राजगृह के गुणाशील चैत्य में मासिक अनशन के अन्त में आयुष्य पूर्ण कर निर्वाण को प्राप्त हुए थे।[12]

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रमुख शिष्यों (गणधरों) में सर्वाधिक श्रेष्ठ एवं प्रिय शिष्य थे – इंद्रभूति गौतम, जिन्हें जैन धर्म में महान गणधर गौतम के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त हुई। यह गौरव की बात है कि भगवान महावीर के सर्वश्रेष्ठ शिष्य गौतम तथा भगवान बुद्ध के सर्वश्रेष्ठ शिष्यों में सारिपुत्र मौद्‌गल्यायन दोनों की जन्मभूमि नालन्दा क्षेत्र ही थी। गौतम का जन्म गोबर ग्राम कुण्डलपुर, नालन्दा के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये गौतम गोत्रीय "वसुभूति" के ज्येष्ठ पुत्र थे। इनकी माता का नाम "पृथ्वी" था। गौतम अपने पाँच सौ शिष्यों के प्रधान उपदेशक थे।

गौतम गणधर के नाम और गुण एक समान थे। गौतम शब्द का व्युत्पत्तिजन्य अर्थ करते हुए जैनाचार्यों ने लिखा है – "गाभिस्तमो ध्वस्त यस्य सः गौतमः" अर्थात, बुद्धि या ज्ञान के द्वारा जिनका अंधकार नष्ट हो गया हो वह गौतम है।

"गणधर" तीर्थंकरों की अर्थरूपी वाणी को संकलन करने वाले होते हैं। आचार्य हेमचन्द्र के शब्दों में उत्तम ज्ञान, दर्शन आदि गुणों को धारण करने वाले 'गणधर' होते हैं।

गौतम वेद वेदांतों के प्रकाण्ड विद्वान थे। इनकी विद्वता एवं ज्ञान का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि भगवान महावीर का प्रथम समवशरण में देशना (उपदेश) इनके अभाव में संभव नहीं हो पाया फिर दूसरी बार राजगृह में विपुलाचल पर्वत शिखर पर इन्द्रभूति गौतम गणधर की जिज्ञासा और भगवान महावीर का समाधान के रूप में ही हुआ। इन्द्रभूति संपूर्ण पूर्वी भारत के श्रेष्ठतम विद्वान एवं तर्कशास्त्री थे। आर्य इन्द्रभूति गौतम भगवान महावीर के प्रथम शिष्य एवं प्रथम गणधर थे। भगवान महावीर के बाद यदि दूसरा कोई सार्वभौम व्यक्तित्व जैन परंपरा में है तो वह गणधर गौतम का है। मध्यामापावा में ये महावीर के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शिष्य हुए। इस समय इनकी आयु पचास वर्ष की थी। प्रतिदिन सैकड़ों शिष्यों को आगम वाचना देने के अतिरिक्त भगवान माहवीर के श्रमणसंघ की व्यवस्था में भी प्रमुखता इन्हीं की थी और यह सब होते हुए भी ये बड़े तपस्वी थे और विनीत गुरुभक्त श्रमण।[13]

कार्तिक अमावस की जिस रात्रि में महावीर का निर्वाण हुआ था, उसी रात्रि के उत्तरार्द्ध में इन्द्रभूति गौतम को कैवल ज्ञान महावीरत्व की प्राप्ति हुई। इनका ज्ञान-प्राप्ति स्थल गोनांवा (नवादा के पास) एवं निर्वाण-स्थल राजगृह माना जाता हैं ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् इन्होंने लगभग 12 वर्षों तक उपदेश किया। तत्पश्चात् अपना गण आर्य सुधर्मा को सुपुर्द कर स्वयं राजगृह के गुणशील चैत्य में मासिक अनशन कर निर्वाण को प्राप्त किया।[14]

भगवान महावीर का भी नालंदा से अटूट संबंध रहा है। वे गृहस्थ जीवन में अभिनिष्क्रमण के उपरांत दूसरे वर्ष में नालंदा आये जहाँ इनकी भेंट गोशाल से हुई थी। ज्ञान प्राप्ति के बाद महावीर के ज्ञान और लोकोत्तर उपदेश की प्रशंसा सर्वत्र होने लगी। महावीर के शिष्यों की संख्या हजारों में हो गई। इनमें ग्यारह विशिष्ट स्थान को प्राप्त एवं उद्भट् विद्वान थे। उन्हें हीं गणधर कहा गया है। ये हैं -

1. इन्द्रभूति, 2. अग्निभूति, 3. वायुभूति, 4. व्यक्त, 5. सुधर्मा, 6. मंडिक, 7. मौर्यपुत्र, 8. अकम्पिक, 9. अचलभ्राता, 10. मेतार्य और 11. प्रभास।[15]

इनमें से इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति तीनों भाई थे और नालंदा के ही रहने वाले थे। नालंदा भगवान महावीर के समय एक समृद्ध उपनगर था।[16] यहाँ "लैव" नामक एक धनाढ्य गृहस्थ रहता था जो निर्ग्रन्थ प्रवचन का अनुयायी और जैन श्रमणों का परम भक्त था। नालंदा के उत्तर-पूर्व दिशा में इस "लैव" श्रमणोपासक की "शेषद्रविका" नाम की उदकशाला और उसके पास ही "हस्तियाम" नामक उद्यान था।[17] इस उद्यान में इन्द्रभूति गौतम और महावीर के मध्य विभिन्न विषयों पर लम्बी चर्चा हुई थी।

भगवान महावीर का चौंतीसवाँ वर्षावास नालंदा में ही हुआ था[18]। इसी अवधि में महावीर और इन्द्रभूति गौतम का दार्शनिक बातों पर विचार हुआ था। इस क्रम में हिंसा क्या है? गृहस्थों के लिए इस संदर्भ में उपयुक्त नियम क्या है? आदि बातों पर विस्तृत चर्चायें हुई। महावीर ने स्पष्ट कहा है - जो संयमी है वही हिंसा-अहिंसा का विचार कर सकता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है जबकि असंयमी इस संबंध में विचार कर ही नहीं सकता है। भगवान महावीर के विचार अत्यन्त उदार थे। नालंदा में अपने इस चातुर्मास में गौतम गणधर के प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट कहा – निर्ग्रन्थो! कोई परिव्राजक या परिव्राजिका अन्य मत से निकल कर निर्ग्रन्थ प्रवचन में प्रवेश करके श्रमण धर्म को स्वीकार कर निर्ग्रन्थ मार्ग पर विचरण करता है तो उसका अभिनंदन है।[19] भगवान महावीर ने कर्म और उसके फल की भी चर्चा की और बताया- महालोभी, महारम्भी और परिग्रहधारी अधार्मिक होते हैं और अपने अशुभ कामों से अशुभ गतियों में उत्पन्न होते हैं। अनारम्मी साधु और अल्पारम्भी धार्मिक मनुष्य मर कर शुभ गतियों में जाते हैं। किन्तु बुरे कार्यों को करने वाले आदि मृत्यु के बाद असुरों की गतियों में उत्पन्न होते हैं और वहां से निकलकर फिर मनुष्य गति में गूंगे-बहरे मनुष्य का भव पाते हैं।[20] मैत्री बुद्धि से भी जो श्रमण ब्राह्मण की निंदा करता है वह ज्ञान-दर्शन चरित्र को पाकर भी परलोक की आराधना में विघ्न डालता है। और जो गुणी श्रमण-ब्राह्मण की निंदा न कर उसे मित्र भाव से देखता है, वह ज्ञान, दर्शन और चरित्र को पाकर परलोक का सुधान करता है।[21]

भगवान महावीर चौतीसवाँ चातुर्मास नालंदा में व्यतीत करने के बाद नालंदा से विहार किया और विदेह की राजधानी के निकटस्थ वाणीय ग्राम पहुंचे।

भगवान ने तैंतीसवाँ वर्षावास राजगृह में व्यतीत करने के बाद अड़तीसवाँ वर्षावास नालंदा में किया। इस अवधि में गौतम गणधर के अनेक प्रश्नों का उत्तर देने के क्रम में क्रमशः क्रियाकाल और निष्ठाकाल, परमाणुओं के संयोग-वियोग, भाषा के भाषत्व, क्रिया की दुःखात्मा, दुःख की अकृत्रिमता आदि के बारे में भगवान ने विस्तृत जानकारी देकर गौतम की शंकाओं का समाधान किया।[22]

भगवान महावीर की शिष्य परम्परा में ग्यारह प्रमुख गणधरों में इन्द्रभूति गौतम सर्वप्रमुख थे। अग्निभूति गौतम का स्थान दूसरा था। ये इन्द्रभूति गौतम के मझले भाई थे। अग्निभूति भी पाँच सौ छात्रों के विद्वान अध्यापक थे ओर सौमिलार्य के यज्ञोत्सव पर छात्रगण के साथ मध्यमा पावा आये थे। ये पुरुषा द्वैतवादी थे, परन्तु "पुण्यः पुण्येन, पापः पापेन कर्मणा" इत्यादि वचनों से पुरुषा द्वैतवाद में भी कुछ शंकित थे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवान महावीर ने वैदिक पदों के समन्वय द्वारा द्वैत की सिद्धि करके इनेकी मानसिक शंकाओं को दूर कर पावा मध्यमा के महासेन वन में दीक्षा दी और अपना दूसरा गणधर बनाया।

अग्निभूति ने छियालीस वर्ष की अवस्था में श्रामण्य धारण किया, बारह वर्ष तक छद्मावस्था में तप कर केवल ज्ञान प्राप्त किया और सोलह वर्ष पर्यन्त केवली अवस्था में विचरण कर श्रमण भगवान की जीवित अवस्था में ही, उनके निर्वाण से करीब दो वर्ष पहले गुणशील चैत्य में मासिक अनशन के अन्त में 74 वर्ष की अवस्था में निर्वाण प्राप्त किया।

वायुभूति गौतम इन्द्रभूति के छोटे भाई थे। ये सभी सौमिलार्य के यज्ञोत्सव पर अपने शिष्यों के साथ पावा मध्यमा में आये हुए थे। वायुभूति के दार्शनिक विचारों का झुकाव "तज्जीवतच्छरीरवादी" नास्तिकों के मत की तरफ था। ये वेदवाणी से संतुष्ट नहीं थे। महावीर के शरीरातिरिक्त आत्म तत्व का प्रतिपादन करके इनके मानसिक संशयों को दूर किया और पाँच सौ छात्रों का प्रव्रज्या देकर इन्हें अपना तीसरा प्रधान गणधर बनाया।

महावीर के निर्वाण के दो वर्ष पूर्व वायुभूति भी 70 वर्ष की अवस्था में मासिक अनशन के अन्त में गुणशील चैत्य में निवार्ण को प्राप्त हुये।[23]

यह मान्य है कि नालंदा की संस्कृति हिन्दू, बौद्ध एवं जैन संस्कृतियों की समन्वित संस्कृति रही। यह आज भी हमें देखने को मिल रहा है। बड़गाँव का पुरातन सूर्य मंदिर एक ओर हिन्दू संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहा है तो पुरातन विश्वविद्यालय के अवशेष बौद्ध संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाल रहा है। वर्तमान में कुण्डलपुर गाँव का जैन मंदिर भी दर्शनीय है जो नालंदा और जैन धर्म के पुरातन संबंधों के आलोक में जैन तीर्थयात्रियों को आकर्षित कर रहा है।

संदर्भ एवं पाद टिप्पणी

1. दी० नि०, भाग-1, पृ०211; भाग 2, पृ० 81; सं० नि० भाग-4, पृ० 322-23 **आवश्यक्चूर्णी**, पृ० 278; सूत्र कृतांग सटीक, प्रथम भाग, पृ० 122; **महावीर चरित्र**, गुणचन्द्र, पृ० 173 आदि।
2. **महावीर चरित्र**, गुणचन्द्र, पृ० 173 में इसे "अर्जुन" कहा गया है। **इंडोलॉजिकल**

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्टडीज, भाग-2, लॉ०, बी० सी०, पृ० 245.

3. वही।
4. उवासगदसाओ, परिशिष्ट 1, पृ० 1 में ''मंख'' का अर्थ टीकाकारों ने किया है – चित्र फ्लंक हस्ते गतं यस्य स तथा। पाइअस हमण्णवो, पृ० 819 में 'मंख' का अर्थ है – भिक्षु जाति जो चित्र दिखाकर जीवन निर्वाह करती है।
5. वही।
6. तहियं गंधोदय पुष्पवासं दिव्वा तहिं वसूहाराय बुअ्ठा।
पहताओं दुदुंभी ओ सुरेहिं आगासे अहोवाणं च घुट्ठे।।
अत्तराध्ययन, अध्ययन 12, गाधा 36, पृ० 182.
7. जैन साहित्य का वृहत इतिहास, दोसी, पं० वेचरदास, पृ० 204-5.
8. विस्तृत विवरण के लिए देखें – श्रमण भगवान महावीर, श्री कल्याण विजय जी महाराज, पृ० 123-38, श्री वर्धमान जैन विद्याभवन, जालोर, मारवाह, भगवान महावीर, पाठक, डा० शोभनाथ, पृ० 79.
9. एको देवः सर्वभूतेषु गूढ़ः संर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा। कर्माध्यक्ष सर्वभूतोपवास साक्षी चेता केवलो निर्गुणः च।। श्वेताश्वेतरोपानेषह 6/11.
10. वही, पृ० 212.
11. इनका विवरण हमें कल्पसूत्र, आवश्यक निर्युक्ति आदि सूत्रों में मिलता है।
12. श्रमण भगवान महावीर, पृ० 212.
13. वही, पृ० 212-13, सुधर्मा भगवान महावीर के पंचम शिष्य थे। इनकी माता मद्दिला और पिता धम्मिल थे। इन्होंने भी शिष्यों की ज्ञान पिपासा शांत की थी।
14. समवायाउग, समवाय।
15. श्रमण भगवान महावीर, पृ० 174; भगवान महावीर; पृ० 134.
16. वही, पृ० 174, जैन साहित्य का इतिहास, पृ० 165-166.
17. वही, पृ० 180.
18. वही, पृ० 178.
19. वही, पृ० 178.
20. श्रमण भगवान महावीर, पृ० 179.
21. वही, पृ० 179.
22. वही, पृ० 191-192.
23. महावीर, पृ० 213-214.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालन्दा विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक सर्वेक्षण

आभा रानी

प्राचीन भारत के शिक्षा केन्द्रों में नालन्दा विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण स्थान है। नालन्दा विश्वविद्यालय बिहार की वर्तमान राजधानी पटना से दक्षिण पूर्व की दिशा में 95 किलोमीटर तथा राजगीर से 10 किलोमीटर उत्तर दिशा में है। ह्वेनसांग के अनुसार नालन्दा क्षेत्र को 500 सेठों ने 10 करोड स्वर्णमुद्राओं में खरीदकर भगवान बुद्ध को समर्पित किया था। भगवान बुद्ध के प्रमुख शिष्य सारिपुत्र का जन्म यहीं हुआ था। भगवान बुद्ध ने यहाँ के आम्रवन में रह कर अपने शिष्यों को सदाचार और विनय की शिक्षा दी थी।[1] सम्राट अशोक ने बौद्ध शिक्षा के प्रसार के लिए यहाँ एक विहार का निर्माण करवाया था। गुप्तवंशीय शासक कुमार गुप्त (414-455 ई०) ने भी यहाँ पर एक बड़े विहार की स्थापना की। पाँचवीं शती में बुद्ध गुप्त, तथागत गुप्त, नरसिंह गुप्त, बालादित्य, ब्रज आदि अनेक राजाओं ने यहाँ विहार बनवाये। इसकी ख्याति इतनी बढ़ी की सिर्फ भारत के ही नहीं बल्कि अन्य देशों के कुछ प्रमुख राजाओं ने नालन्दा में विहार बनवाकर अपनी कीर्ति अमर की। सुमात्रा के राजा बालपुत्र ने नवीं शती में विहार बनवाया था और अपने मित्र राजा देवपाल से नालन्दा विश्वविद्यालय के लिये पाँच गाँव का दान करवाया था। ह्वेनसांग के अनुसार लगभग 470 ई० में गुप्त सम्राट नरसिंह गुप्त बालादित्य ने नालन्दा में एक सुन्दर मंदिर का निर्माण कर उसमें 80 फीट ऊँची ताम्बे की 'बुद्ध प्रतिमा को स्थापित किया।

नालन्दा विश्वविद्यालय के विहारों की रचना वास्तुकला की दृष्टि से उच्च कोटि की थी। शक्रादित्य के विहार में भगवान बुद्ध की एक मूर्त्ति स्थापित की गई थी। भगवान बुद्ध की मूर्त्ति के प्रतिष्ठापक द्वारा की गई वृत्ति से 40 भिक्षु यहाँ नित्य भोजन करते थे। बालादित्य ने भगवान बुद्ध की मूर्त्ति की प्रतिष्ठा के लिये 300 फीट ऊँचा मंदिर बनवाया था। उस मंदिर की बनावट मनोहारी एवं मनोरम थी। ह्वेनसांग के नालन्दा में रहते समय सम्राट हर्षवर्द्धन की ओर से काँसे का एक मंदिर बनवाया गया था। विहार की परिधि के बाहर इस मंदिर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

से लगभग 200 फीट पूर्व की ओर पूर्णवर्मा के द्वारा बनवाया हुआ छः मंजिला मंदिर था। उसमें 80 फीट ऊँची ताम्बे की बनी हुई भगवान बुद्ध की मूर्ति थी। प्रायः विहारों के निर्माता राजा थे। इसलिये भवन राजकीय वैभव के अनुरूप था। 8 वीं शती के यशोवर्मा के शिलालेख में नालन्दा की विहारावली के संबंध में कहा गया है कि इनकी शिखर श्रेणी बादलों का चुम्बन करती थी। ऐसा लगता था कि विधाता ने पृथ्वी के लिये आकाश में विराजमान मनोरम माला बना दी हो।

''यस्यामम्बुधरावलेहि शिखर श्रेणी विहारावली
माले वोर्ध्व विराजनी विरचिता धात्ता मनोज्ञात्राभुवः
(ए० इ० 20, पृ. 43)

नालन्दा विश्वविद्यालय के सघन कुंजों एवं उपवनों में ह्वेनसांग का मन रम गया था। मनोरम कासारों के रुचिर जल में नीलपद्म अपनी पंखुरियों का विकास करते थे। विश्वविद्यालय की शोभा कनक वृक्षों से विशेष मनोहर प्रतीत होती थी। इनके रक्तिम कुसुमों के गुच्छे चित्ताकर्षक थे। आम्रमंजरी और उसके हरितपत्र मन को मोह लेते थे। विश्वविद्यालय के नजदीक 10 स्नानागार बने हुए थे, नहाने के समय घंटा बजता था। भवनों की उच्चता का निरूपण करते हुए ह्वेनसांग ने लिखा है कि यह मंदिर प्रातःकाल के कुहरे में अदृश्य हो जाता था। इसके ऊपर के कमरे मानों बादल में छिपे रहते थे। पर्वतों के समान ऊँचे विश्वविद्यालय के सिखर पर ललित कलाओं की शिक्षा दी जाती थी। इनकी खिड़कियों से लोग वायु और बादलों के परिवर्तन का अनुमान कर लेते थे। यहीं से सूर्य-चन्द्र भी दिखाई पड़ते थे। बाह्य मंदिर के चार विभाग थे। इसकी वलभि रंगीन थी तथा इसके लाल स्तम्भों पर मूर्त्तियाँ उत्कीर्ण थीं। स्तम्भों का प्रसाधन मन को मोह लेता था। कठरो को विविध प्रकार से अलंकृत किया गया था। छत के खप्परों से प्रतिफलित होकर सूर्य रश्मि सहस्रों भागों में बिखर जाती थी। मंदिरों को बनवाने में सुन्दर ईंटों को इस प्रकार जोड़ा गया था कि उनके ज़ोड़ दिखाई नहीं पड़ते थे।[2]

नालन्दा विश्वविद्यालय की विशालता को उसकी खुदाई से निकले अवशेष प्रमाणित करते हैं। नालन्दा विश्वविद्यालय का क्षेत्र एक मील लम्बा तथा आधा मील चौड़ा खोदा गया है। भवनों के अवशेष से प्रतीत होता है कि उनकी सापेक्षिक अवस्थिति की परिकल्पना विशद् विवेचन के पश्चात् किया गया था। भवनों का विन्यास कलात्मक ढंग से किया गया था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनकी अवस्थिति में सर्वत्र मेल था। प्रधान विद्यालय में सात बड़े सभागार थे। इसके अतिरिक्त 300 बड़े व्याख्यान कक्ष थे। सबसे बड़ा विहार 203 फीट लम्बा और 168 फीट चौड़ा था। दीवारें लगभग 7 फीट चौड़ी हैं। जिन ईंटों से दीवालों की जोड़ाई हुई है वे भली भाँति पकी हुई तथा सुडौल हैं। विहार की कोठरियाँ 7 फीट से लेकर 12 फीट लम्बी है। शयन कक्ष में चबूतरे बने हैं और पुस्तक तथा दीप रखने के लिए समुचित स्थान बनाए गए हैं।

नालन्दा विश्वविद्यालय में ह्वेनसांग के समय 8500 विद्यार्थी तथा 1510 शिक्षक थे। शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात 1:5 था। इस अनुपात के अनुसार शिक्षकों और विद्यार्थियों का व्यक्तिगत शिक्षा सम्पर्क था। जो शैक्षणिक दक्षता के प्रमाण है। नालन्दा विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के पहले कुछ विषयों का ज्ञान अपेक्षित था। नालन्दा विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए द्वार पंडितों के द्वारा ली गई परीक्षा में सफल होना पड़ता था। उस परीक्षा में लगभग 20% विद्यार्थी सफल होते थे। प्रवेश परीक्षा प्रायः मौखिक होती थी।[3]

नालन्दा विश्वविद्यालय में वेद-वेदान्त और सांख्य दर्शन की भी शिक्षा दी जाती थी।[4] नालन्दा विश्वविद्यालय में चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई होती थी। इसके अन्तर्गत रोगों का निदान करने के लिए शल्य चिकित्सा और औषधियों के प्रयोग सिखाये जाते थे।[5] इत्सिंग के अनुसार आयुर्वेद के पाठ्य-क्रम के 8 विभाग थे-

1. अन्तर्मुखी और वहिर्मुखी चिकित्सा
2. उर्ध्वाड्.ग चिकित्सा
3. शारीरिक योग
4. अधिवेदिक योग
5. विष चिकित्सा
6. कौमार भृत्य
7. काया-कल्प
8. अंगों का सशक्त बनाना।

आयुर्वेद का अध्ययन सभी विद्यार्थियों के लिये अनिवार्य था। ह्वेन्सांग ने नालन्दा विश्वविद्यालय के अध्ययन अध्यापन के विषयों की चर्चा करते हुए जिन पाँच विषयों की उल्लेख किया है उनमें विज्ञान विद्या का स्थान था। विज्ञान विद्या में यंत्रों के सिद्धांत और ज्योतिष आदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

का अध्ययन किया जाता था।[6] यंत्र विज्ञान आजकल की इंजिनियरिंग के समकक्ष थी। चिकित्सा संबंधी शिक्षा अनिवार्य थी। नालन्दा विश्वविद्यालय के शिक्षकों में शीलभद्र, नागार्जुन, आर्यदेव, असंग, वसुबन्धु और दिड्.नाग आदि प्रतिभाशाली और दिग्गज विद्वान थे। यहाँ कोरिया, मंगोलिया, चीन, जापान, तुषार, तिब्बत, लंका आदि देशों से विद्यार्थी तथा विद्वान पढ़ने के लिये आते थे। ह्वेन्सांग के अनुसार ऐसे विद्यार्थियों की संख्या 56 थीं इनमें से कुछ ने भारतीय नाम रख लिये थे। उदाहरणस्वरूप-

वास्तविक नाम		**भारतीय नाम**
ह्वान चाओ	-	प्रकाशमति
ताओलिन	-	शीलप्रभ
ताओही	-	श्रीदेव
ताचेड्.ग तेड्.ग	-	महायान प्रदीप
ताओ चेड्.ग	-	चन्द्रदेव
लिड्.युन	-	प्रज्ञादेव

नालन्दा विश्वविद्यालय की शिक्षा पद्धति उच्च श्रेणी की थी। यहाँ विचार गोष्ठियों में विचारों के आदान-प्रदान की पद्धति थी। यहाँ प्रतिदिन 100 विचार गोष्ठियाँ होती थी। पढ़ने और विचार करते समय लोग इतने व्यस्त रहते थे कि दिन उन्हें बहुत छोटा प्रतीत होता था। यहाँ कला, विज्ञान, शिल्प, हेतु-विद्या, शब्द-विद्या, चिकित्सा-विद्या, सांख्य योग, सर्वास्तिवाद, माध्यमिक आदि विभिन्न दर्शनों की शिक्षा का पूर्ण प्रबंध था। भिक्षु एवं विद्यार्थियों के आवास के लिए ही ऊँचे विहार बनाये गये थे जहाँ उनके भोजन, आवास तथा औषधि का प्रबंध था। भिक्षु संघ को वलि, चरु सप्त, चीवर पिण्डपात, शयनासन, भेषजादि[7] इन सभी कार्यों के लिये दाताओं से दान मिलता था। दो सौ गाँव इस महाविहार को दान में मिल चुके थे। इसकी अभिवृद्धि 8वीं शदी के पाल नरेश देवपाल के ताम्रपत्र से ज्ञात होती है। ताम्रपत्र में वर्णन आता है कि जावा के राजा ने नालन्दा में दो विहार बनवाये तथा विहार में निवास करने वाले भिक्षुओं एवं विद्यार्थियों के भोजन, आवास, औषधि के निमित्त दान दिया। वहाँ ग्रंथ लिखने की भी व्यवस्था थी।[8]

ह्वेन्सांग ने नालन्दा विश्वविद्यालय के भूतपूर्व सर्वोच्च आचार्यों में धर्मपाल और चन्द्रपाल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

की गणना की है। वे बौद्ध दर्शन के सर्वोच्च विद्वान थे। आचार्य गुणमति और स्थिरमति का यश दूर-दूर तक फैला हुआ था। शीलभद्र की प्रतिभा प्रच्छन्न थी। प्रभाकर मित्र का तर्क प्रांजल था। ज्ञानचन्द्र का चरित्र आदर्श था। जिनमित्र का वार्त्तालाप उच्च स्तर का होता था। ह्वेनसांग के अनुसार ये सभी आचार्य सर्वविद्या विशारद थे और उन्होंने अनेक लब्धप्रतिष्ठ शास्त्रों की रचना की थी। इनमें से शीलभद्र नालन्दा के कुलपति थे और उन्होंने ह्वेनसांग के अध्यापन के विषय में विशेष रुचि दिखाई थी।[9]

नालन्दा विश्वविद्यालय की अपनी मुद्रा थी जिस पर "श्री नालन्दा महाविहार आर्य भिक्षु संघस्य" लेख उत्कीर्ण था। उससे सम्बद्ध जो भी विहार थे उनकी अलग-अलग मुद्रायें थीं। एक ऐसी ही मुद्रा गुणाकर नामक संघ की थी। स्थानीय विद्यालय के अतिरिक्त विदेशी विद्यालय भी नालन्दा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध थे। विश्वविद्यालय का अपना कृषि-क्षेत्र था। यहाँ विद्यार्थी निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करते थे। नालन्दा विश्वविद्यालय एक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय था।[10]

हर्ष के युग में यह विश्वविद्यालय चरमोत्कर्ष पर था। हर्ष के बाद भी लगभग 600 वर्षों तक यह विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय विद्या केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध था। पालवंश के समय भी इस विश्वविद्यालय को पर्याप्त समर्थन मिलता था। सुमात्रा के राजा बलदेव पुत्र ने देवपाल की अनुमति से नालन्दा में विदेशी विद्यार्थियों के लिये एक छात्रावास का निर्माण करवाया था। नालन्दा विश्वविद्यालय के खुदाई से प्राप्त अभिलेख से यह स्पष्ट है कि यह विश्वविद्यालय पाल काल में अपने शिखर पर था।[11] नालन्दा विश्वविद्यालय 12 वीं शदी तक चलता रहा। 12 वीं शदी के अन्तिम भाग में बख्तियारखिल्जी के नेतृत्व में आये हुए आक्रमणकारियों ने नालन्दा विश्वविद्यालय का ध्वंश कर दिया। पाँचवी शती से लेकर 11वीं शती तक नालन्दा विश्वविद्यालय में भवनों का निर्माण कार्य होता रहा। 11 वीं शती में पाल राजाओं का विशेष संरक्षण पाकर विक्रमशिला विश्वविद्यालय नालन्दा से भी महत्वपूर्ण हो गया। नालन्दा विश्वविद्यालय 11 वीं एवं 12 वीं शदी में विक्रमशिला विश्वविद्यालय से सम्बद्ध होकर चलता रहा।[12] विक्रमशिला विश्वविद्यालय का अंत 1202-4 ई० में हो गया। परन्तु नालन्दा विश्वविद्यालय उसके बाद भी 30-35 वर्ष तक चला। इस बात का प्रमाण धर्मस्वामी नामक एक तिब्बती यात्री के यात्रा-विवरण से मिलता है। धर्मस्वामी 1234-36 ई० में नालन्दा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहा था। उन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय को अपनी आँखों से नष्ट होते हुए देखा था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालंदा हसतीव सर्वनगरीः शुभ्राभ्रगौरस्फुर
च्चैत्यांशु प्रकरैस्सदागमकला विख्यातविद्वज्जना।[13]

पाद टिप्पणी

1. महापरिनिब्बान सुत्त 1.15-18.
2. नालन्दा वर्णन प्रकरण, ह्वेनसांग का जीवन चरित्र।
3. वाटर्स, ह्वेनसांग, भाग-2, पृ० 165.
4. वील, पृ० 112.
5. वाटर्स, ह्वेनसांग, भाग-1, पृ०154.
6. वाटर्स, ह्वेनसांग, भाग-1 पृ० 154.
7. ए० ई० 20, पृ० 44.
8. ए० ई० भाग-17, पृ० 322.
9. वाटर्स, ह्वेनसांग, भाग-2, पृ० 164-166.
10. प्रा० भा० रा० सा० ई०- चौधरी, डॉ० आर० के०, पृ० 465-66.
11. प्रा० भा० रा० सा० ई०- चौधरी, डॉ० आर० के०, पृ० 466.
12. प्रा० भा० सा० सां० भूमिका- उपाध्याय, प्रो० आर०, पृ०181.
13. प्रा० भा० अभिलेख (प्रथम भाग)- उपाध्याय, डॉ० वासुदेव, पृ० 137.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बौद्ध अभिधर्मशास्त्र

रामशंङ्कर त्रिपाठी

अभिधर्म पिटक की देशना सर्वप्रथम भगवान बुद्ध ने तावतिंश लोक में अपनी माता के समक्ष दी जो कि मृत्यु पश्चात् देवलोक में पैदा हुई। तदन्तर पृथ्वी लोक पर सर्वप्रथम इसका उपदेश उन्होंने धर्म सेनापति सारिपुत्र को दिया। सारिपुत्र ने इसका उपदेश पाँच सौ भिक्षुओं को दिया जो बाद में सभी धर्मधर हुए और इस तरह अभिधर्मशास्त्र का विकास इस लोक में हो सका। बाद में नालंदा महाविहार की स्थापना हुई जो बौद्ध दर्शन का सर्वाधिक प्रमुख केन्द्र हुआ। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि जिस तरह अच्युत धर्म को भगवान बुद्ध ने अपनी कठोर साधना से प्राप्त किया उसके प्रकाशन में नालंदा के भिक्षु ही समर्थ हुए जिन्होंने इसे इस लोक के लिए उपयोगी पाया। यह निबंध 'बौद्ध अभिधर्म शास्त्र' के अंतर्गत अभिधर्मशास्त्र के प्रमुख उपांगों का दार्शनिक अध्ययन उपन्यस्त है।

बौद्ध अभिधर्मशास्त्र वस्तुतः पदार्थ विश्लेषण शास्त्र है। संसार और निर्वाण से सम्बद्ध समस्त धर्मों में कितने मूल द्रव्य हैं, कितने उन द्रव्यों पर आधारित पदार्थ (धर्म) हैं तथा कितने ऐसे हैं, जो मनःसंरचित मात्र है? यह दिखलाना अभिधर्म का प्रमुख कार्य है। अभिधार्मिक पदार्थों का विविध वर्गीकरण एवं विभाजन प्रस्तुत करते हैं और ऐसा करना वे वस्तु के यथार्थ स्वरूप के बोध के लिए आवश्यक समझते हैं। पालि अभिधर्म में परमार्थ धर्मों को चार वर्गों में विभक्त किया है- 1. चित्त 2. चैतसिक या चित्तसम्प्रयुक्त चित्त 3. रूप तथा 4. निर्वाण। इनमें 'रूप' जड़जातीय, चित्त एवं चैतसिक ज्ञानजातीय तथा निर्वाण लोकोत्तर धर्म है। स्थविरवादियों के अतिरिक्त वैभाषिक, सौत्रान्तिक आदि दार्शनिक सम्प्रदाय परमार्थ धर्मों को पाँच वर्गों में विभक्त करते हैं। उनके अनुसार 1. रूप 2. चित्त 3. चित्तसम्प्रयुक्त (चैतसिक) 4. चित्तविप्रयुक्त तथा 5. निर्वाण – ये पाँच प्रकार के परमार्थ धर्म हैं। स्पष्ट है कि इनके यहाँ उपर्युक्त पालि-अभिधर्म के चार वर्गों से 'चित्तविप्रयुक्त' नामक परमार्थ धर्मों का एक वर्ग अधिक है। अभिधर्मकोशकार ने चित्तविप्रयुक्त धर्मों की संख्या 14 कही है। ये धर्म न ज्ञान जातीय है और न जड़ (रूप)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जातीय, फिर भी उनकी सत्ता होती है। वैभाषिक आदि चारों दार्शनिक प्रस्थानों में इनकी संख्या एवं उनकी पारमार्थिक स्थिति के बारे में बहुत विवाद है, किन्तु इस वर्ग को सभी ने स्वीकार किया है। पालि-अभिधर्म में परमार्थ धर्मों में इस वर्ग को क्यों नही माना गया या इनका कहाँ अन्तर्भाव किया गया? विद्वानों द्वारा यह विचारणीय विषय है। हमारे विचार में इनमें से कुछ को रूप में, कुछ को चैतसिकों में तथा कुछ को प्रज्ञप्ति धर्मों में परिगणित किया गया है।

इनके अलावा आभिधार्मिक समस्त पदार्थों के अन्य विभाजन एवं वर्गीकरण भी प्रस्तुत करते हैं, यथा - 5 स्कन्ध, 12 आयतन, 18 धातुएं तथा चार आर्य सत्य आदि। अभिधर्मकोश में सास्रव-अनास्रव, संस्कृत-असंस्कृत, नित्य-अनित्य,पारमार्थिक-व्यवहारिक, कुशल-अकुशल-अव्याकृत आदि अनेक विभाजन उपलब्ध होते हैं। धम्मसंगणि नामक पालि अभिधर्म ग्रन्थ में तो 22 त्रिक मातृकाएं एवं 100 द्विक मातृकाओं के रूप में बड़े विस्तार से वर्गीकरण और विभाजन उपलब्ध होते हैं।

अभिधर्म का प्रयोजन

आभिधार्मिक वर्गीकरण और विभाजन की इस प्रक्रिया को 'धर्मप्रविचय' कहते हैं। उनकी मान्यता है कि इस विधि से वस्तु का यथार्थ स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। अभिधर्मकोशकार का कहना है कि धर्मप्रविचय के बिना सम, द्वेष आदि क्लेशों की शान्ति का अन्य उपाय नहीं है तथा क्लेशों ही के कारण लोग संसारचक्र में निरन्तर भ्रमण करते हैं, इसीलिए कारुणिक भगवान बुद्ध ने अभिधर्म का उपदेश किया है।[1] अभिधर्मसमुच्चय के भाष्यकार का कहना है कि इस शास्त्र के दो आनुशंस्य (गुण) हैं। इससे शमथ और विपश्यनावृद्धि में अनुकूलता प्राप्त होती है तथा सभी जिज्ञासाओं के समाधान की योग्यता प्राप्त होती है।[2]

अभिधर्म का निर्वचन

पदार्थों के विश्लेषण की जिस प्रक्रिया की ऊपर चर्चा की गई है और जिसे 'धर्मप्रविचय' कहा गया है, उससे प्रज्ञा का प्रकर्ष होता है। इतना ही नहीं, धर्मप्रविचय स्वयं प्रज्ञा ही है। इसीलिए आचार्य वसुबन्धु ने कहा है कि लोकोत्तर अमल प्रज्ञा पारमार्थिक अभिधर्म है तथा उस प्रज्ञा की प्राप्ति जिस लौकिक प्रज्ञा और शास्त्र से होती है, वह व्यवहारिक अभिधर्म

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है।[3] अट्ठकथाचार्य बुद्धघोष के अनुसार अतिरेक धर्म या विशिष्ट धर्म 'अभिधर्म' है[4]। पालि-अट्ठकथाओं में धर्म शब्द परियत्ति के अर्थ में भी उपलब्ध होता है, अतः सूत्रपिटक भी 'धर्म' शब्द द्वारा गृहीत होता है। इसीलिए भगवान ने कहा है 'यो वो आनन्द, मया धम्मो च विनयो च देसितो पञ्ञत्तो'' आदि! इसलिए सूत्रपिटक में प्रतिपादित धर्म गम्भीर और विशिष्ट धर्म 'अभिधर्म' है। यही 'अभि' उपसर्ग की सार्थकता है। आचार्य असङ्ग ने महायान सूत्रालङ्कार में 'अभिधर्म' शब्द की व्याख्या करते हुए उसका चार अर्थों में प्रयोग किया है। (1) निर्वाण के अभिमुख होने से, (2) धर्मों का विविध प्रकार से वर्गीकरण करने के कारण, (3) विरोधी मतों का अभिभव करने के कारण तथा (4) सूत्रों के सिद्धांतों का अनुगमन करने के कारण 'अभिधर्म' कहलाता है।

अभिधर्मपिटक का बुद्धवचनत्व

पालि-परम्परा के अनुसार प्रथम संगीति काल में ही आनन्द को प्रमुख बनाकर धर्म का तथा उपालि को प्रमुख बनाकर विनय का संगायन किया गया। थेरवादी लोग धर्म के अन्तर्गत सूत्र और अभिधर्म दोनों का ग्रहण करते हैं। आचार्य बुद्धघोष के अनुसार प्रथम संगीति के अवसर पर ही धम्मसंगणि, विभङ्ग, कथावत्थु, पुग्गलपञ्ञत्ति, धातुकथा, यमक और पट्ठान इन सातों ग्रन्थों का पाँच सौ अर्हत् भिक्षुओ ने संगायन किया और यह अभिधर्मपिटक है - ऐसी व्यवस्था की।[5]

अभिधर्मपिटक की बुद्धवचनता के बारे में अतिप्राचीन काल से ही विवाद रहा है। विसेषकर कथावत्थु नामक ग्रन्थ के बारे में, जिसका प्रणयन अशोककालीन संगीति के अवसर पर मोग्गलीपुत्त तिस्स ने परनिकायों के खण्डन के प्रसङ्ग में किया था। स्थविरवादियों के अनुसार भगवान बुद्ध ने केवल मातिकाओं की ही देशना की थी, साथ ही यह भी भविष्यवाणी की थी कि मेरे परिनिर्वाण के 218 वर्ष बाद मोग्गलीपुत्त तिस्स महास्थिविर होंगे, जो इन मातिकाओं का विस्तृत व्याख्यान करेंगे। अतः उनकी मान्यता है कि शास्ता द्वारा अनुमोदित होने के कारण कथावत्थु बुद्धभाषित ही है।[6]

सर्वास्तिवादी निकाय में भी अभिधर्मपिटक के अन्तर्गत ज्ञानप्रस्थान आदि सात ग्रन्थ माने जाते हैं। किन्तु उनकी बुद्धवचनता के बारे में भी प्रारंभ से ही काफी वाद-विवाद रहा है। आचार्य वसुबन्धु स्वयं 'तद्धेतोस्त उदितः किलैष शास्त्रा' कहकर उनकी बुद्धवचनता में विमति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाहिर करते हैं, क्योंकि उक्त वचन में 'किल' यह अव्यय पर मतद्योतनार्थक है। आचार्य का आशय है कि यह मेरा अभिमत नहीं है, क्योंकि ज्ञानप्रस्थान के कर्त्ता कात्यायन, प्रकरणपाद के वसुमित्र, विज्ञानकाय के देव शर्मा, धर्मस्कन्ध के शारीपुत्र, प्रज्ञप्तिशास्त्र के आर्य मौद्गल्यायन धातुकाय के पूर्ण तथा संगीति पर्याय के महाकौष्ठिल्ल कर्ता है। अतः ये ग्रन्थ आचार्यकृत हैं, बुद्धभाषित नहीं।

सर्वास्तिवादियों का कहना है कि जैसे बुद्ध के प्रकीर्ण वचनों का संग्रह कर धर्मत्रात ने उदानवर्ग का निर्माण किया है और जैसे उसे बुद्धवचन माना जाता है, वैसे ही कात्यायन आदि आचार्यों ने बुद्धवचनों का संग्रह कर ज्ञानप्रस्थान आदि अभिधर्मपिटक के ग्रन्थों का गठन किया है, अतः वे भी उदानवर्ग की भाँति बुद्धवचन ही हैं।

सौत्रान्तिक अभिधर्मपिटक की बुद्धवचनता के प्रमुख विरोधी हैं। उनका कहना है स्थविरवादी और सर्वास्तिवादी अभिधर्मपिटक के ग्रन्थों में असंस्कृत धर्मों की द्रव्यसत्ता मानने जैसे अनेक युक्तिहीन विचार प्रकट किये गये हैं और भगवान बुद्ध युक्तिहीन कुछ भी नहीं कहते, अतः इनको बुद्धवचन मानना असंभव है। ये अभिधर्म-ग्रन्थ परवर्ती हैं और आभिधार्मिक आचार्यों की कृतियां हैं। प्रथम संगीति में इनका संगायन सन्दिग्ध है, क्योंकि इसका सुस्पष्ट उल्लेख नहीं है। ये किसी प्रामाणिक पुरुषों की रचना न होकर पृथक्जन द्वारा विरचित हैं, अतः हम इन्हें बुद्धवचन के रूप में स्वीकार नहीं कर सकते। हमारे मत में सूत्रों की ही प्रामाणिकता मान्य है, अन्य शास्त्रों की नहीं।[7]

अभिधर्मपिटक को बुद्धवचन मानने के पक्ष में जो उदानवर्ग का उदाहरण दिया जाता है, उसके बारे में सौत्रान्तिकों का कहना है कि हम उसे भी बुद्धवचन नहीं मानते। बुद्ध की भविष्यवाणी का तर्क देकर जो कथावत्थु को बुद्धवचन मानने की बात कही जाती है, उसके बारे में सौत्रान्तिकों का कथन है कि यदि यह बात मान ली जाए तो आचार्य नागार्जुन आदि के द्वारा विरचित ग्रन्थों को भी बुद्धवचन मानना होगा, क्योंकि उनके बारे में भी भविष्यवाणी उपलब्ध है।[8]

अभिधर्मपिटक को बुद्धवचन मानने वालों का आक्षेप है कि सौत्रान्तिकों का उक्त अभिमत मान लिया जाय तो बुद्धवचनों का तीन पिटकों में विभाजन और त्रिपिटक व्यवस्था निरर्थक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो जाएगी तथा सूत्रविरोध भी होगा, क्योंकि सूत्रों में 'त्रैपिटको भिक्षुः' 'अभिधर्मपिटकम्' आदि शब्द उपलब्ध होते हैं। ये सूत्रवचन सौत्रान्तिक मत में भी अप्रमाणिक नहीं हैं। साथ ही, अभिधर्मपिटक का भी अभाव हो जाएगा, क्योंकि उक्त ग्रन्थों के अलावा कोई अन्य ग्रन्थ अभिधर्मपिटक नहीं माने जाते।

सौत्रान्तिकों का कहना है कि धम्मसंगणि आदि तथा ज्ञानप्रस्थान आदि ग्रन्थों को अभिधर्मपिटक मान कर भागवान ने सूत्रों में 'त्रैपिटको भिक्षुः या अभिधर्मपिटकम् आदि शब्दों का प्रयोग नहीं किया है। अपितु सूत्रों में ही जहाँ स्वलक्षण सामान्य लक्षण आदि की चर्चा की गई है तथा धर्मप्रविचय किया गया है, ऐसे अर्थविनिश्चय आदि सूत्र ही 'अभिधर्म' हैं। इस तरह भगवान ने अभिधर्म की देशना तो की ही है। उन्हीं को आधार मानकर 'त्रैपिटको भिक्षुः अभिधर्मपिटकम्' आदि शब्द प्रयुक्त हैं तथा सूत्रविरोध भी नहीं है।

सौत्रान्तिक महायानसूत्रों को यद्यपि बुद्धवचन तो मानते हैं किन्तु उन्हें नीतार्थ नहीं, अपितु वे उन्हें नेयार्थ मानते हैं। अर्थात् उनका वैसा अर्थ नहीं है जैसा शब्दों से साक्षात् प्रतीत होता है, बल्कि उनकी व्याख्या करनी होती है। महायान सूत्रों में जो सर्वधर्मनिःस्वभावता कही गई है, उसका तात्पर्य मात्र इतना है कि वस्तु की यथार्थ स्थिति वैसी नहीं है, जैसे पृथक्जनों या सामान्य जनों को दिखलाई पड़ती है। अथवा कुत्सित या निकृष्ट अर्थ में अभाव शब्द का प्रयोग किया गया है। जैसे कुपुत्र को अपुत्र तथा अल्पधन को निर्धन कहा जाता है, वैसे ही क्षणमात्र सत्ता होने के कारण वस्तु कुत्सित या निकृष्ट है, अतः सर्वधर्माभाव शब्द का प्रयोग किया गया है, न कि वस्तुओं का सर्वथा अभाव है। इसी तरह पूर्वान्त एवं अपरान्त में धर्मों का उत्पाद नहीं होता, उत्पाद न होने से निरोध भी नहीं होता, इसलिए महायानसूत्रों में अनुत्पाद एवं अनिरोध आदि की देशना की गई है, न कि वस्तुओं के उत्पाद और निरोध का सर्वथा अभाव है। इस तरह महायान सूत्र नेयार्थक ही है। विद्वानों को सौत्रान्तिकों के उपर्युक्त मन्तव्यों पर विचार करना चाहिए।

स्थविरवाद एवं विज्ञानवाद

विज्ञानवादी दो प्रकार के होते हैं - 1. आगमानुयायी और 2. युक्त्यनुयायी। आगमानुयायी विज्ञानवादियों को छोड़ कर स्थविरवाद सहित सभी बौद्ध छह विज्ञान ही मानते हैं, यथा चक्षुविज्ञान, श्रोत्रविज्ञान, घ्राणविज्ञान, जिह्वाविज्ञान, कायविज्ञान एवं मनोविज्ञान। आगमानुयायी विज्ञानवादी इनमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आलयविज्ञान और क्लिष्ट मनोविज्ञान को मिलाकर विज्ञानों की संख्या 8 मानते हैं। इनके मतानुसार संसार में प्रवृत्ति और संसार से निवृत्ति के लिए आलयविज्ञान मानना जरूरी है। कर्म, कर्मफल, पुनर्जन्म, मोक्ष आदि की सारी व्यवस्था ये आलयविज्ञान के आधार पर समीचीनतया सम्पन्न करते हैं।

स्थविरवादी बौद्ध भी प्रवृत्तिविज्ञानों की संख्या छह ही मानते हैं। ये यद्यपि आलयविज्ञान नहीं मानते, फिर भी कर्म, कर्मफल, पुनर्जन्म आदि की व्यवस्था के लिए एक भवाङ्ग. नामक चित्त स्वीकार करते हैं। इनके मतानुसार भवाङ्ग. ही व्यक्तित्व का प्रमुख उपादान है, जो कुछ अवस्थाओं को छोड़कर भीतर ही भीतर समुद्र की भाँति निरन्तर प्रवाहित होता रहता है। जैसे आलयविज्ञान जब तक बुद्धत्व प्राप्त नहीं होता, तब तक निरन्तर अविच्छिन्नरूप से प्रवृत्त होता रहता है, वैसे ही भवाङ्ग. चित्त भी अर्हत् के निवार्णधातु में लीन होने तक प्रवृत्त होता रहता है। जैसे समुद्र से तरंगों की भाँति आलयविज्ञान से सात प्रवृत्तिविज्ञानों की प्रवृत्ति होती है, वैसे ही भावङ्ग. चित्त से भी छह विज्ञानवीथियों की प्रवृत्ति होती है। विज्ञानवादी मत में जैसे आलयविज्ञान कुशल, अकुशल का विपाक होता है और स्वयं अव्याकृत होता है, वैसे स्थविरवादी मत में भी भवाङ्ग. कुशल और अकुशल कर्मों का विपाक होता है और अव्याकृत होता है। जैसे आलयविज्ञान पुनर्जन्म में प्रतिसन्धि ग्रहण करता और जीवन के अन्त में च्युतिकृत्य करता है, वैसे ही स्थविरवादी मतानुसार जो चित्त जीवन के प्रथम क्षण में प्रतिसन्धिकृत्य करता है और जीवन के अन्तिम क्षण में च्युतिकृत्य करता है, वही चित्त बाकी समय में भवाङ्ग. कहलाता है। आलयविज्ञान और भवाङ्ग. दोनों संस्कृत और क्षणिक होते हैं।

बिज्ञानवाद की दृष्टि से इन्द्रिय, अर्थ और वासनाएँ सभी आलयविज्ञान के आलम्बन होते हैं, तथा पाँच इन्द्रियविज्ञानों के सारे विषय भी उसके आलम्बन होते हैं, उसी तरह स्थविरवादी मतानुसार भी भवाङ्ग. मनोद्वार कहलाता है और चक्षुरादि पाँचों द्वारों में आभासित होने वाले आलम्बन भवाङ्ग. के आलम्बन होते हैं। साथ ही प्रत्युत्पन्न, अतीत तथा प्रज्ञाप्तिभूत समस्त आलम्बन कर्म (चेतना), कर्मनिमित्त (चेतना निमित्त) और गतिनिमित्त के रूप में भवाङ्ग. के आलम्बन होते हैं।

विज्ञानवाद के अनुसार आलयविज्ञान में कुशल, अकुशल अव्याकृत सभी चित्तों की वासनाएँ निहित रहती हैं और सभी चित्त उसी से प्रवृत्त होकर उसी में अपनी वासनाएं स्थापित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर निरुद्ध हो जाते हैं, ठीक इसी प्रकार भवाङ्ग. चित्त से भी छह विज्ञानवीथियाँ उत्पन्न होती हैं और अन्त में उसी में पतित होती हैं। फलतः वह भी सभी चित्तों की वासनाओं का आधार हो जाता है।

आलयविज्ञान और भवाङ्ग. में इतना साम्य होने पर भी कुछ वैषम्य भी अवश्य है। इसका कारण विज्ञानवादियों द्वारा अनेक विद्वानों की युगपद् स्थिति मानना है। फलतः उनके मतानुसार जिस समय प्रवृत्तिविज्ञान उत्पन्न होते हैं, उस समय भी आलयविज्ञान स्थित रहता है। इनके मत में किसी भी क्षण में तीन विज्ञान अवश्य स्थित होते हैं, यथा- आलयविज्ञान, क्लिष्ट मनोविज्ञान और प्रवृत्ति विज्ञानों में से कोई एक। फलतः आलयविज्ञान एक स्थिर विज्ञान सिद्ध होता है और वही वासनाओं का एकमात्र आधार होता है, कोई दूसरा विज्ञान नहीं। स्थविरवादी एक काल में एक से अधिक विज्ञान की स्थिति नहीं मानते। जिस समय कोई वीथिचित्त या प्रवृत्तिविज्ञान उत्पन्न होता है, उस समय भवाङ्ग. का उपच्छेद (निरोध) हो जाता है। फलतः भवाङ्ग. ही वासनाओं का आधार नहीं होता, अपितु लोकोत्तर चित्तों को छोड़कर अन्य चित्त भी वासनाओं के आधार हो जाते हैं।

II

विज्ञानवादी मत में एक दूसरा विज्ञान क्लिष्ट मनोविज्ञान है, जो अन्य बौद्ध मतों में नहीं है। यह आलयविज्ञान को हमेशा आत्मा के रूप में ग्रहण करता रहता है। कुछ कालों को छोड़कर यह भी एक प्रकार का स्थिर विज्ञान है। स्थविरवाद में इस कार्य (आत्मग्रहण) को सत्कायदृष्टि आदि क्लेश करते हैं। सत्कायदृष्टि एकान्त अकुशल है, अतः वह तो केवल अकुशल चित्तों से ही सम्प्रयुक्त होती है, अन्य कुशल एवं अव्याकृत चित्तों से नहीं। किन्तु कुशल और अव्याकृत चित्तों की अवस्थाओं में भी अहं-बोध तो होता ही है, वह अहं-बोध किसकी वजह से होता है - यह एक प्रश्न है। मेरी समझ में स्थविरवादी अनुशय धातु[1] द्वारा इसका समाधान करते हैं। यह चित्तसन्तति में हमेशा अनुशयन करने वाली एक क्लेशधातु है। लोकोत्तर मार्ग चित्तों द्वारा ही इसका अशेष ग्रहण होता है। इससे पूर्व कुशल, अकुशल आदि सभी अवस्थाओं में यह विद्यमान रहती है, फलतः सर्वदा आत्मग्रह होता रहता है और सभी लौकिक चित्त क्लिष्ट होते हैं। फिर भी इसकी तुलना क्लिष्ट मनोविज्ञान से की जा सकती है कि नहीं? इस पर विचार अपेक्षित है, क्योंकि क्लिष्ट मनोविज्ञान एक चित्त है, जबकि अनुशय धातु कोई चित्त नहीं, अपितु इसे क्लेशवासना कहा जा सकता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

III

विज्ञानवाद में चक्षुर्विज्ञान से लेकर मनोविज्ञान तक छहों विज्ञान कुशल, अकुशल एवं अव्याकृत तीनों होते हैं, जबकि स्थविरवाद में वे कुशल, अकुशल कर्मों के विपाकमात्र होते हैं, कुशल, अकुशल नहीं। मेरे विचार में इस समस्या का सामाधान इस प्रकार किया जा सकता है - स्थविरवाद में जिसे चक्षुर्विज्ञान-विधि कहते हैं, विज्ञानवाद में उसे ही चक्षुर्विज्ञान कहा गया है, केवल चक्षुर्विज्ञान मात्र को नहीं। स्थविरवादी मतानुसार भी चक्षुर्विज्ञान विधि में कुशल, अकुशल, अव्याकृत सभी चित्त जवन करते हैं, अतः वह कुशल, अकुशल, अव्याकृत तीनों हो सकती है। यदि उसे चक्षुर्विज्ञान कहा जाए, तो वह तीनों हो सकता है।

इस प्रकार हमने बौद्ध अभिधर्म के कुछ मुद्दों का विहंगम दृष्टि से अवलोकन मात्र किया है। अभिधर्मशास्त्र का सभी बौद्ध निकायों की दृष्टि से विचार किया जाए तो वह अत्यन्त गंभीर एवं विस्तृत विषय हो जाता है। उसका एक निबन्ध में समावेश असंभव है।

बौद्ध अभिधर्मशास्त्र अनेक दृष्टियों से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आत्मा एवं ईश्वर आदि के न होने से बौद्ध दर्शनों में चित्त या मन अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। बौद्ध अचार्यों ने चित्त और उसकी बृत्तियों पर शताब्दियों तक गंभीर चिन्तन एवं विश्लेषण किया है और इस प्रकार एक विपुल मनःशास्त्र उनमें विकसित हो गया है। इधर की शताब्दियों में पश्चिम में भी मनोविज्ञान पर अत्यधिक कार्य हुआ है। यदि आधुनिक मनोविज्ञान के साथ बौद्ध मनःशास्त्र का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो अनेक शास्त्रीय गुत्थियां तो सुलझेंगी ही, साथ ही मनुष्य का अध्ययन पूर्ण हो सकेगा, जो निश्चय ही शुभ फलदायी होगा।

पाद टिप्पणी

1. धर्माणां प्रविचयमन्तरेण नास्ति क्लेशनां यत उपशान्तयेऽभ्युपायः।
   क्लेशैवूच भ्रमति भवार्णवेऽत्र लोकस्तेद्धतोरत उदितः किलैष शास्त्रा।।
   (अभि०को० 1:3)

2. द्र० अभिधर्मसमुच्चयभाष्य, पृ० 1.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

3. प्रज्ञाऽमला सानुचराऽभिधर्मः तत्प्राप्तये यापि च यच्च शास्त्रम्।
(अभि० को० 1:2)

4. केनट्ठेन अभिधम्मो? धम्मातिरेकधम्मविसेसट्ठेन, अट्ठसालिनी पृ. 13.

5. धम्मसंगणि-विभङ्गं न कथावत्थुं च पुग्गलं।
धातुयमकपट्ठानं अभिधम्मा ति वुच्चति।।
एवं संवण्णितं सुखुमञाणगोचरं तन्तिं संगायित्वा इदं अभिधम्मपिटकं नामा ति वत्वा पञ्च अरहन्तसतानि .सज्झायमकंसु।
द्र० अट्ठसालिनी, पृ० 23, सीलक्खन्धवग्गट्ठकथा, पृ० 15.

6. द्र० अट्ठसालिनी पृ० 4, 5.

7. ये सूत्रप्रमाणिकाः न तु शास्त्रप्रामाणिकास्ते सौत्रान्तिकाः।
द्र० स्फुटार्था, पृ० 15.

8. पश्चात् काले गते नाथे ब्रूहि कोऽयं धारष्यिति।
निर्वृते सुगते पश्चात् कालोऽतीतो भविष्यति।।
महामते, निरोधत्वं यो नेत्रीं धारयिष्यति।
दक्षिणापथवेदल्यां भिक्षुः श्रीमान् महायशाः।
नागाह्वय स नाम्ना तु सदसत्पक्षदारकः।
प्रकाशय लोके मद्यानं माहयानमनुत्तरम्।।
आसाध भूमिं प्रथमां यास्यतेऽसौ सुखावतीम्।
द्र० लङ.कावतारसूत्र (सगाथकम्) 163-166 का०, मंजूश्रीमूलकल्प, पृ. 482.

9. अनुसयो ति पन अप्पहीनट्ठेन थामगतकिलेसो वुच्चति।
द्र० यमक-अट्ठकथा, पृ० 319 (बर्मी संस्करण)।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालन्दा और थेरवाद

विश्वजीत कुमार

प्राचीन विश्व के शिक्षा केंद्रों में नालंदा महाविहार का नाम अग्रगण्य है। समकालीन भारतीय ज्ञान-केंन्द्रों की परम्परा में महाविहार के स्थापित होने के पूर्व भी ज्ञान केंन्द्रों की परम्परा भारत में विद्यमान थी। उन ज्ञान केंन्द्रों में तक्षशिला, वल्लभी, काशी, जालंधर, कश्मीर, पाटलिपुत्र, मिथिला तथा काँची में विभिन्न विश्व-विश्रुत ज्ञान केन्द्र स्थापित थे। सम्पूर्ण भारत तथा अन्य एशियाई देशों के ज्ञान-पिपासु अपनी ज्ञान पिपासा की तृप्ति हेतु इन ज्ञान केंद्रों में आया करते थे। साथ ही साथ वे भारतीय ज्ञान के विभिन्न शाखाओं का अध्ययन कर उनका प्रचार-प्रसार लोक कल्याण की भावना से किया करते थे। प्राप्त प्रमाणों से ऐसा दृष्टिगत होता है कि उस काल में जितने भी शिक्षा केंन्द्र स्थापित थे वे सभी आवासीय शिक्षा-केन्द्र के रूप में प्रचलित थे। भारतीय शिक्षा के विकास क्रम में भारतीय ज्ञान को प्रश्रय देने वाले पुरोधाओं के द्वारा नालंदा महाविहार की स्थापना की गई। इसके स्थापना काल एवं संस्थापक के बारे में अभी भी मत-मतांतर है। ह्वेनसांग ने अपनी यात्रा वृतांत में ऐसा उद्‌धृत किया है कि "यह महाविहार सात सौ वर्ष पूर्व स्थापित हुआ था।"[1] अगर इस मत को सत्य मान लिया जाय तो नालंदा महाविहार का स्थापना-काल प्रथम शताब्दी ई० पू० मानना होगा। परन्तु फाह्यान, जो चौथी शताब्दी ई० में भारत-भ्रमण के लिए आया था ने अपने यात्रा क्रम में नालन्दा एवं राजगृह जैसे प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थलों का परिभ्रमण किया एवं अपनी यात्रा वृतांत में स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि "नाल ग्राम में सिर्फ एक स्तूप वर्तमान था।"[2] इसकी पहचान विद्वानों के द्वारा सारिपुत्र चैत्य के रूप में की गई है।[3] विवादों के उपरांत भी पुरातात्त्विक प्रमाणों के आधार पर विद्वानों का ऐसा विचार है कि नालंदा महाविहार की स्थापना गुप्त सम्राट कुमारगुप्त शक्रादित्य (414-555 ई०) के द्वारा की गई।[4]

हालांकि नालंदा की प्रसिद्धि नालंदा महाविहार की स्थापना के उपरांत ही हुई, परंतु त्रिपिटक एवं अन्य समकालीन साहित्यों के अध्ययन से ऐसा ज्ञात होता है कि बुद्धकालीन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भारत में भी नांलदा 'नालंदा' नाम से ही जाना जाता था।[5] इसकी प्रसिद्धि न सिर्फ बौद्ध धर्म में वरन् अन्य तत्कालीन धार्मिक सम्प्रदायों में भी सुस्थापित थी। इसी कारण बौद्ध धर्म के प्रवर्त्तक भगवान बुद्ध, जैन धर्म के प्रवर्त्तक भगवान महावीर तथा पूरणकश्यप, मक्खलिपुत्र गोशाल, संजय परिव्राजक, संजय वेलट्ठपुत्र सदृश विभिन्न प्रतिष्ठित धर्माचार्य अपने मतों के प्रचार-प्रसार हेतु नालंदा आया करते थे जिसका विवरण समकालीन साहित्य में प्राप्त होता है।[6]

यद्यपि नालंदा जैसे विस्तृत विषय पर किसी प्रकार का निंबंध उसकी ख्याति को प्रतिस्थापित करने में अक्षम होगा तथापि प्रस्तुत निबंध का सीमांकन करते हुए 'नालन्दा और थेरवाद' इसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है। प्रस्तुत शोध निबंध "नालन्दा और थेरवाद" के अंतर्गत तथागत भगवान बुद्ध का नालंदा क्षेत्र का परिभ्रमण, उनके मुख्य उपदेश, नालंदा क्षेत्र के प्रमुख थेरवादी आचार्य, उनका कर्त्तृत्व एवं व्यक्तित्व तथा बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण मं उनकी भूमिका निर्धारित करने का संक्षिप्त प्रयास है, जिसकी चर्चा प्रमाणों के आधार पर निम्न रूप में प्रस्तुत की जा रही है।

नालंदा और भगवान बुद्ध

ज्ञान प्राप्ति के उपरांत भगवान बुद्ध ने धर्मचक्र का प्रवर्त्तन किया और संघ को स्थापित करने का कार्य प्रारंभ किया। इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम पंचवर्गीय भिक्षुओं को प्रव्रजित किया। तत्पश्चात भद्दवर्गीय और अग्निहोत्री काश्यप बंधुओं को प्रव्रजित करके राजगृह और नालंदा की ओर उन्मुख हुए जहाँ उन्होंने सर्वप्रथम राजा बिम्बिसार को बौद्ध धर्म के प्रति निष्ठावान बनाया[7] जो कि बौद्धधर्म एवं संघ के विकास का सर्वप्रथम उपादान के रूप में स्थापित हुआ। तदन्तर उन्होंने अश्वजित की प्रेरणा से प्रेरित हुए सारिपुत्र और मौद्गल्यायन को प्रव्रजित करके सम्पूर्ण मगध में बौद्ध संघ को सुस्थापित किया।[8]

तथागत अपने ज्ञान प्राप्ति के उपरांत सुदीर्घ धर्म प्रचार के क्रम में 35 बार नालंदा और राजगृह आए, जिसका विवरण त्रिपिटक में प्राप्त होता है। प्रस्तुत संदर्भ में सिर्फ नालंदा क्षेत्र ही गवेष्य है। भगवान बुद्ध के देशना क्रम में नालंदा आगमन संबंधी ग्यारह (11) स्थानों पर त्रिपिटक में प्रमाण उपलब्ध होता है, जो निम्न प्रकार से है-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(i)	ब्रह्मजाल सुत्त	-	दीघ निकाय [9]
(ii)	केवट्टसुत्त	-	दीघ निकाय[10]
(iii)	महापरिनिर्वाणसुत्त	-	दीघ निकाय[11]
(iv)	उपालिसुत्त	-	मज्झिम निकाय[12]
(v)	सम्पसादनीयसुत्त	-	[13]
(vi)	चीवर सुत्त	-	मज्झिम निकाय[14]
(vii)	पच्छाभूमक सुत्त	-	संयुक्त निकाय[15]
(viii)	नालंदा सुत्त	-	संयुक्त निकाय[16]
(ix)	देशना सुत्त	-	संयुक्त निकाय[17]
(x)	सङ्खधम सुत्त	-	संयुक्त निकाय[18]
(xi)	महावग्ग	-	पृ० 543[19]

उपर्युक्त स्थानों में तथागत के नालंदा आगमन एवं नालंदा क्षेत्र के परिभ्रमण पर प्रभूत प्रमाण उपलब्ध होते हैं। उपरोक्त वर्णित सुत्तों के अंतर्गत कुछ महत्वपूर्ण सुत्त ऐसे हैं जिनकी देशना भगवान बुद्ध ने नालंदा में की है, जो सम्पूर्ण त्रिपिटक में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन महत्वपूर्ण सुत्तों में ब्रह्मजाल सुत्त, केवट्टसुत्त, महापरिनिर्वाण सुत्त आदि हैं जिसके अन्तर्गत भगवान बुद्ध ने समकालीन भारत में व्याप्त मिथ्या दृष्टियों एवं ब्राह्मण वितंडवाद का खंडन किया है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भगवान बुद्ध के जो धर्मप्रचार के केन्द्र थे उनमें नालंदा का अभूतपूर्व स्थान था।

नालंदा के प्रमुख थेरवादी आचार्य

बौद्ध संघ के विकास में नालंदा के आचार्यों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। बौद्ध संघ के विभिन्न सम्प्रदायों में नालंदा के प्रमुख आचार्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर बौद्ध संघ का सर्वतोभद्र विकास किया है। प्रस्तुत संदर्भ में थेरवाद में आगत नालंदा के प्रमुख आचार्य के कर्तृत्व एवं व्यक्तित्व के साथ-साथ उनके द्वारा किए गए सकारात्मक सहयोग का विवरण उपस्थित किया जाएगा। हालांकि थेरवाद बौद्ध धर्म में नालंदा के बहुतेरे भिक्षु एवं भिक्षुणियाँ यथा- सारिपुत्र, मौद्गल्यायन, महाकाश्यप, उपालि महागवच्छ, सुशारद, सुनांग, महाचुंद, उपसेन, खादिरवनियरेवत, चाला, उपचाला तथा शिशूपचाला आदि ने धर्म के कार्य को आगे बढ़ाया जिससे सद्धर्म का विकास बहुजन हिताय एवं बहुजन सुखाय के निमित हो सका।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रस्तुत शीर्षक के अन्तर्गत नालंदा क्षेत्र के कुछ प्रमुख आचार्य जिनमें सारिपुत्र, मौद्गल्यायन तथा महाकाश्यप के द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों का विवेचन निम्न प्रकार से द्रष्टव्य है-

सारिपुत्र

सारिपुत्र का जन्म नालंदा के समीप उपतिष्य नामक गाँव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था।[20] उपतिष्य नामक ग्राम को नालक ग्राम भी कहा गया है। राहुल सांकृत्यायन के अनुसार यह स्थान वर्तमान समय में नालंदा के समीप स्थित है। सारिचक बड़गाँव ही है।[21] सारिपुत्र के पिता का नाम वग्गन्त तथा माता का नाम रूपसारि था। सारिपुत्र के चार भाई एवं तीन बहनें थे। उनके भाइयों का नाम- चुन्द, उपसेन एवं रेवत तथा बहनों के नाम- चाला, उपचाला, शिशूपचाला था।

वय प्राप्त होने पर सारिपुत्र ने ब्राह्मण धर्म एवं दर्शन में विद्वता प्राप्त की; तत्पश्चात् मीमांसाशास्त्र के अध्ययन हेतु विक्षेपवादी सिद्धांत के प्रवर्तक संजय परिव्राजक का शिष्यत्व ग्रहण किया, जहाँ इनका परिचय अश्वजीत से हुआ। अश्वजीत की प्रेरणा से सारिपुत्र बौद्ध संघ में प्रव्रजित हुए। तीन सप्ताह के अल्पसमय में ही दीघनखसुत्त[22] के उपदेश को सुनकर सारिपुत्र को अर्हत पद प्राप्त हुआ। सारिपुत्र को तथागत ने धर्म सेनापति की संज्ञा से विभूषित किया।[23] सारिपुत्र महाप्राज्ञों में सर्वश्रेष्ठ थे।[24] सारिपुत्र के प्रभाव से ही बाद में इनके सभी भाइयों एवं बहनों ने बौद्ध संघ में प्रव्रज्या ग्रहण करके अर्हत्व पद प्राप्त किया।

सारिपुत्र द्वारा किए गए प्रमुख कार्य जिनसे बौद्ध संघ दीर्घजीवी बना वे निम्न प्रकार से हैं-

(क) बौद्ध संघ का प्रथम विभाजन तथागत के जीवन काल में ही देवदत्त के द्वारा किया गया। देवदत्त वज्जिदेश के पाँच सौ भिक्षुओं को लेकर अपना अलग संघ बनाने की योजना से उन भिक्षुओं को लेकर गयाशीर्ष नामक पर्वत पर चला गया और संघ निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया। सारिपुत्र को जब ऐसा ज्ञात हुआ तो वे स्वयं जाकर अपनी प्रगाढ़ विद्वता एवं ज्ञान के बल पर देवदत्त के सामने ही उन पाँच सौ भिक्षुओं को भगवान बुद्ध के पक्ष में कर संघ को विनष्ट होने से बचाया।[25]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ख) भगवान महावीर के परिनिर्वाणोपरान्त जैन धर्म में भयंकर फूट पड़ गई और जैन धर्म के संन्यासी लोग अपने मत का परित्याग कर अन्यत्र भटकने लगे। इस घटना को देखकर भगवान बुद्ध के मन में ऐसा भाव आया कि निर्वाणोपरान्त उनके बौद्ध संघ की यही दुर्दशा होगी। तब उन्होंने पावा के संस्थागार में एक परिषद् बुलाई और सारिपुत्र को संघ की एकता के लिए उपदेश देने का आदेश दिया। इस क्रम में सारिपुत्र ने संगीति परियाय सुत का उपदेश दिया।[26] परिणामतः यह सुत्त बौद्ध संघ की एकता स्थापित करने में काफी हद तक सफल हुआ। ज्ञातव्य है कि जब-जब संघ में भेद के लक्षण दिखाई दिए तब-तब संगीति परियाय सुत्त का अनुकरण कर बौद्ध संघ को दीर्घजीवी बनाया गया।

(ग) सारिपुत्र का महत्व बौद्धसंघ में इससे भी परिलक्षित होता है कि तथागत के जीवनकाल में बौद्धसंघ को देशना देने का अधिकार तथागत के बाद सिर्फ सारिपुत्र को ही प्राप्त था। तथागत द्वारा किए गए सम्पूर्ण देशनाओं को चौरासी हजार धर्म स्कंधों में बाँटा गया है जिनमें दो हजार धर्म स्कंधों की देशना अकेले सारिपुत्र ने दी है। इस क्रम में उन्होंने जिन सुत्तों की देशना दी है वे निम्न हैं-

1. अणगन सुत्त[27]
2. सम्मादिट्ठि सुत्त[28]
3. गुतिलसानि सुत्त[29]
4. संगीति परियाय सुत्त[30]
5. दसुत्तर सुत्त[31]
6. सेवितब्बान सेवितब्ब सुत्त[32]

इस प्रकार धर्म सेनापति सारिपुत्र जीवन भर बौद्ध धर्म की सेवा में लगे रहे। इनका परिनिर्वाण भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण से केवल छः माह पहले हुआ था। भगवान बुद्ध के पास जब सारिपुत्र की अस्थियाँ लाई गई तब बुद्ध ने उन धातुओं पर श्रावस्ती में एक चैत्य बनवाया। बौद्ध संघ में सारिपुत्र की महत्ता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि जब चुन्द श्रमणोदेश सारिपुत्र के निर्वाणोपरांत उनके वस्त्र, भिक्षापात्र और धातुओं को लेकर बुद्ध के पास पहुँचे तब बुद्ध ने अपना उद्‌गार प्रकट करते हुए कहा-"भिक्षुओं! महाप्रज्ञावान यह भिक्षु था, अलपेक्ष यह भिक्षु था। संतुष्ट, एकांतप्रेमी, उद्योगी, पापनिंदक यह भिक्षु था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखो भिक्षुओं! महाप्रज्ञ की इन धातुओं को, क्षमाबल में यह पृथ्वी के समान होकर यह कुपित नहीं होता था, न इन इच्छाओं के वशीभूत होता था, यह अनुकम्पक कारुणिक निर्वाण को प्राप्त हो गया। भिक्षुओं! सारिपुत्र की वंदना करो।''

मोग्गलान

बौद्ध धर्माकाश के प्रचंड मार्तण्ड के समान देदीप्यमान रत्न महामौद्गल्यायन का जन्म नालंदा के समीप 'कोलित' नामक ग्राम में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।[33] इनकी माता का नाम 'मोग्गलि' होने के कारण इन्हें 'मोग्गलान' कहा जाता था। चूँकि ये अपने परिवार के प्रधान के पुत्र थे इसीलिए इन्हें अपने ग्राम के नाम पर 'कोलित' से भी संबोधित किया जाता था। भगवान बुद्ध के ये दूसरे प्रियतम शिष्य थे। बचपन से ही ये अत्यंत मेधावी थे। इनकी मेधा की प्रमाणिकता इस बात से सिद्ध होती है कि ''जहाँ सारिपुत्र को अर्हत्व प्राप्त करने में 21 दिन लगे थे वहाँ इन्होंने मात्र सात दिनों में ही अर्हत्व प्राप्त कर लिया था।[34]

बचपन से कुशाग्र बुद्धियुक्त होने के कारण ये ब्राह्मण धर्म एवं दर्शन के तलस्पर्शी विद्वान थे। मीमांसाशास्त्र के अध्ययन हेतु इन्होंने भी संजय परिव्राजक का शिष्यत्व ग्रहण किया था। ये अपने मित्र सारिपुत्र के साथ हमेशा रहते थे। दोनों परस्पर प्रतिज्ञाबद्ध थे कि जो पहले अमृततत्व (सत्य का साक्षात्कार) को प्राप्त करेगा वह दूसरे को बताएगा। चूँकि संजय के सिद्धांत से इन्हें संतुष्टि नहीं मिल रही थी, इसलिए ये दोनों मित्र अन्य सम्प्रदायों के प्रव्रजित, ब्राह्मणों तथा साधुओं सं जिज्ञासावश मिलते थे। इसी क्रम में इनकी राजगृह में अश्वजित नामक भिक्षु से भेंट हुई। अश्वजित की प्रेरणा से दोनों मित्र बौद्ध संघ में प्रव्रजित हुए। प्रव्रज्या के उपरांत मौद्गल्यायन ने 44 वर्षों तक बौद्ध धर्म और संघ की सेवा निर्विकार रूप से की थी। ये बौद्धसंघ के ऋद्धिमानों में अग्रगण्य थे। बौद्धधर्म में इनकी प्रतिष्ठा इस बात से प्रमाणित होती है कि इन्होंने ही भगवान बुद्ध के पुत्र राहुल के केश काटकर काषाय वस्त्र दिया था तथा उन्हें त्रिशरण में प्रतिष्ठित किया था।[35]

बौद्ध धर्म को पल्लवित और पुष्पित करने में इनका योगदान सराहनीय तो है ही, अतुलनीय भी हैं। बौद्ध धर्म में जब-जब फूट पड़ी, इन्होंने सारिपुत्र को साथ लेकर उसे समाप्त कर बौद्ध संघ को सुदृढता प्रदान की। एक बार भगवान बुद्ध जब 'चातुमा' ग्राम में थे तब सारिपुत्र और मोद्गल्यायन दोनों से बुद्ध ने एक प्रश्न किया कि मैं यदिं भिक्षु संघ से संबंध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विच्छेद कर लूँ तो तुम्हें कैसा लगेगा? इस प्रश्न का उत्तर दोनों ने ही अपने-अपने अनुसार दिया परन्तु तथागत ने मौद्गल्यायन के उत्तर को ही साधुवाद दिया।[36]

महामौद्गल्यायन की मृत्यु की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। सारिपुत्र की मृत्यु के ठीक 15वें दिन अमावस्या की रात में धर्मद्रोहियों ने इनकी हत्या कर दी तथा इनके शव को झाड़ी में फेंक दिया था। सारिपुत्र तथा मौद्गल्यायन की मृत्यु से भगवान बुद्ध दुःखी हुए। बुद्ध ने राजगृह में महामौद्गल्यायन के धातुओं पर चैत्य-निर्माण करवाया और दुःख प्रकट करते हुए कहा- "भिक्षुओं! सारिपुत्र और मोग्गलान के बिना यह परिषद सूनी लगती है, वे जिस दिशा में रहते थे वह अपेक्षा रहित होती थी।"[37]

महाकाश्यप

महाकश्यप अथवा पिपली माणव का जन्म वर्तमान बिहार प्रांत के नालंदा जिले के अंतर्गत हुआ था। प्राचीन साक्ष्यों के अनुसार उस गाँव का नाम 'महातीर्थ,' तथा उनके पिता का नाम कपिल था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा ब्राह्मण परंपरा के अनुरूप ही हुई और बाद में वे ब्राह्मण शास्त्रों के प्रकांड पंडित हुए। युवावस्था प्राप्त करते ही माता-पिता ने उनसे विवाह करने को कहा, इस पर वे सहमत नहीं हुए थे। परन्तु माता-पिता के रात-दिन के आग्रह को वे ठुकरा न पाये और अन्ततः भद्र देश की कौशिक गोत्रिय कन्या 'भद्रा कपिलायनी' से विवाह सम्पन्न किया।

इतने साधन सम्पन्न होते हुए भी इनका मन सांसारिकता में नहीं टिका। इनके प्रव्रजित होने के बारे में कहा जाता है कि एक दिन जब ये अपने खेतों का निरीक्षण कर रहे थे उस समय एक कौआ केंचुए को निकाल-निकाल कर खा रहा था। पिप्पली ने अपने मित्रों से पूछा कि इसका दोष किस पर लगेगा? तो मित्रों ने कहा-खेत के मालिक को लगेगा। इतना सुनते ही उनके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया और उन्होंने गृहत्याग कर दिया। पिप्पली जब प्रव्रज्या हेतु घर से निकले, तथागत उस समय राजगृह में ही भिक्षु संघ के साथ थे। जब उन्हें यह ज्ञात हुआ कि इस क्षेत्र का पिप्पली नामक महाप्रभावशाली एवं विद्वान ब्राह्मण प्रव्रजित होने आ रहा है तो वे सम्पूर्ण भिक्षु संघ को वहीं छोड़कर तीन कोस आगे राजगृह और नालंदा के मध्य आ गए और वहीं पर 'बहुपुत्रक' नामक वट वृक्ष के नीचे उन्हें प्रव्रजित किया।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रव्रज्योपरांत उन्हें सर्वप्रथम चार सम्यक् प्रधान का उपदेश दिया गया और उसके बाद अन्य धम्म एवं विनय के नियम बताए। प्रव्रज्या के अनंतर बुद्ध ने महाकाश्यप की रेशमी चादर उतार कर अपना परम पवित्र चीवर उनके ऊपर डाल दिया जो कि अपने आप में एक विचित्र घटना थी। महामोग्गलान की तरह ही इन्हें सात दिनों के तपस्योपरान्त प्रतिसंविद सहित अर्हत पद प्राप्त हो गया। संघ में महाकाश्यप को समुचित आदर प्राप्त था। इनके प्रज्ञाबल को देखकर ही बुद्ध ने अपने पुत्र राहुल को प्रव्रजित कर उन्हें उसका आचार्य नियुक्त किया था। आनंद जैसे बुद्ध के उपस्थापक भिक्षु को भी उन्होंने विनय का ज्ञान दिया था। तथागत के महापरिनिर्वाण के अनंतर बौद्ध संघ में अस्थिरता आ गई थी जिसे महाकाश्यप ने प्रथम संगीति करवाकर बुद्ध वचनों को स्थायित्व प्रदान किया।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि नालंदा थेरवाद बौद्ध धर्म का एक महान केन्द्र के रूप में कार्यरत था। बुद्ध काल के उपरांत भी नालंदा बौद्ध धर्म का केन्द्र रहा। यद्यपि बीच के कालों में नालंदा महायान बौद्ध धर्म का केन्द्र रहा, तथापि उस समय थेरवाद बौद्ध धर्म की पहचान नालंदा में बनी हुई थी। मुस्लिम आक्रमणकारियों के दुष्कर्म के फलस्वरूप नालंदा का शिक्षण संस्थान नष्ट हो गया। पुनः आधुनिक काल में बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित करने हेतु परमपूज्य भिक्षु जगदीश काश्यप, भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम लोकप्रिय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के सद्प्रयत्नों से नालंदा पुनः बौद्ध धर्म एवं शिक्षा का अद्वितीय केन्द्र बना। इनके प्रयत्न से नव नालंदा महाविहार की स्थापना 1951 ई० में नालंदा में की गई जहाँ से सम्पूर्ण विलुप्त थेरवादी साहित्य का देवनागरीकरण किया गया जो सम्पूर्ण विश्व के लिए अद्भुत कार्य था। आज भी नव नालंदा महाविहार में थेरवाद बौद्ध धर्म एवं पालि साहित्य का अध्ययन-अध्यापन, शोध एवं प्रकाशन का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। अतः हम कह सकते हैं कि नालंदा थेरवाद बौद्ध धर्म का अनोखा केन्द्र था, है और रहेगा।

पाद टिप्पणी

1. भारतीय संस्कृति और कला, गौरोला, वाचस्पति, उत्तर प्रदेश, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, लखनऊ, पृ.348.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

2. फाह्यान, वर्मा, जगमोहन, वाराणसी, पृ.63.
3. नालन्दा पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट,उपासक, सी. एस., नव नालंदा महाविहार, पृ० 6.
4. भारतीय संस्कृति और कला, पृ० 403.
5. दीघ निकाय, अनु. सांकृत्यायन, राहुल, लखनऊ, पृ० 1.
6. कल्पसूत्र, जैकोबी संस्करण, पृ० 64.
7. महावग्ग (विनय), भिक्षु कश्यप, जगदीश, नव नालंदा महाविहार, पृ० 35.
8. महावग्ग (विनय), पृ० 38.
9. दीघनिकाय, पृ० 1.
10. वही, पृ० 78.
11. वही, पृ० 122.
12. मज्झिमानिकाय, सांकृत्यायन, राहुल, सारनाथ, पृ० 224.
13. दीघनिकाय, पृ० 246.
14. संयुक्त निकाय, भिक्षु काश्यप, जगदीश, नव नालंदा महाविहार, भाग 2, पृ० 182.
15. वही, पृ० 192.
16. वही, पृ० 102.
17. वही, सांकृत्यायन, राहुल, भाग 1, पृ० 193.
18. वही, पृ० 281.
19. महावग्ग (विनय), पृ० 543.
20. थेरगाथा अट्ठकथा, टाटिया, नथमल, नव नालंदा महाविहार भाग II, पृ० 435-36.
21. बुद्धचर्या, सांकृत्यायन, राहुल, पृ० 436.
22. मज्झिम निकाय, दीघनख सुत्त।
23. वही, सेल सुत्त।
24. अंगुत्तर निकाय, एतदग्ग वग्ग।
25. बुद्धचर्या, पृ० 404-5.
26. दीघ निकाय, संगीति परियाय सुत्त।
27. मज्झिम निकाय, अणगन सुत्त।
28. वही, सम्मादिट्ठी सुत्त।
29. वही, गुलिस्सानि सुत्त।
30. दीघ निकाय, संगीति परियाय सुत्त।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

31. वही, दसुत्तर सुत्त।
32. **मज्झिम निकाय, सेवितब्ब न सेवितब्ब सुत्त।**
33. **थेरगाथा, अट्ठकथा ।।, पृ० 435.**
34. वही, (हिन्दी) पृ० 259.
35. **थेरगाथा अट्ठकथा ।।, पृ० 257.**
36. **मज्झिम निकाय, चातुम सुत्त।**
37. **संयुक्त निकाय, पृ० 45.**
38. **थेरगाथा अट्ठकथा ।।, पृ० 502.**
39. वही, पृ० 501-534.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालन्दा के महायानवादी दार्शनिक

रूबी कुमारी

संगठित शिक्षण संस्थाओं का जन्म पहले बौद्ध विहारों के रूप में हुआ था। इन विहारों में बौद्ध-भिक्षु और भिक्षुणियाँ रहते थे। कालान्तर में ये बौद्ध विहार विद्याध्ययन के केन्द्र के रूप में विकसित हुए और अंततः इनकी परिणति विश्वविद्यालयों के रूप में हुई। प्राचीन काल में नालन्दा, विक्रमशीला, वल्लभी, उदन्तपुरी आदि विश्व प्रसिद्ध बौद्ध विश्वविद्यालय थे।[1]

प्राचीन मगध की राजधानी राजगृह से करीब एक योजन (सात मील) उत्तर-पश्चिम में स्थित नालन्दा एक समृद्ध और सम्पन्न नगर था। नालन्दा का इतिहास बहुत प्राचीन है जिसका विस्तार 5वीं 6ठी शताब्दी ईसा पूर्व में भगवान महावीर और बुद्ध के काल तक है। जैन ग्रन्थों के अनुसार नालन्दा राजगृह के उत्तर-पश्चिम में अवस्थित एक वाहरीव (उपनगर) था। बौद्ध साहित्य में उपलब्ध विवरण से यह पता चलता है कि भगवान बुद्ध नालन्दा अक्सर आया करते थे और यहाँ के पावारिक आम्रबन में ठहरा करते थे।[1] बुद्ध के दो प्रिय शिष्य सारिपुत्र और महामौद्गल्यायन की जन्म स्थली के रूप में भी नालन्दा प्रसिद्ध है।

सुप्रसिद्ध इतिहासकार तारानाथ के अनुसार अशोक ने नालन्दा में सारिपुत्र के चैत्य पर एक मंदिर बनवाया था। इस दृष्टिकोण से अशोक इस विहार का संस्थापक माना जा सकता है।[2] संसार प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के रूप में इसकी स्थापना गुप्त सम्राट कुमार गुप्त प्रथम (413 ई०-455 ई०) के समय में हुई। नालन्दा विश्वविद्यालय कुमार गुप्त महेन्द्रादित्य के समय निर्मित हुआ, इसका सबसे प्रबल प्रमाण यह है कि चीनी यात्री फाहियान, (405-411 ई.) जब भारत आया तब नालन्दा विश्वविद्यालय का अस्तित्व नहीं था जैसा कि उसके वर्णन से स्पष्ट होता है।

नालन्दा विशविद्यालय का पाठयक्रम बहुत ही विस्तृत था। कालान्तर में यह महायानवादी दर्शन दृष्टिकोण के अध्ययन का केन्द्र बन गया। उत्तर कालीन नालन्दा सिद्धयान, वज्रयान, तंत्रयान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और सहजयान के अध्ययन का भी केन्द्र बना। उस काल में प्रचलित समस्त ज्ञान पाठ्य विषय के अन्तर्गत समाविष्ट था। विश्वविद्यालय में वैदिक धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म आदि के विषय में शिक्षा प्रदान किए जाने की सुविधा थी। चीनी यात्री ईत्सिंग (675-685) जिन्होंने यहां विद्यार्थी के रूप में 10 वर्ष बिताये थे, लिखते हैं -''शब्द विद्या, आध्यात्म विद्या आदि के अध्ययन-अध्यापन की यहाँ सर्वोत्तम सुविधा थी।'' हालांकि बौद्ध शिक्षा केन्द्र होने के कारण यहां बौद्ध धर्म, दर्शन, कला आदि के अध्ययन-अध्यापन का ही यह प्रमुख स्थान था।

संस्कृत व्याकरण विद्यार्थी के अध्ययन का एक मुख्य और अनिवार्य विषय था जिसके अन्तर्गत मुख्यत: पाणिनि सूत्र, धातु पाठ, अष्ट धातु, उणादिसूत्र, काशिका वृति, चूर्णि (अनुमानत: पांतजलि महाभाष्य), भतृहरि का शास्त्र, वाक्य पदीय आदि पढ़ाये जाते थे।

बौद्ध दर्शन के मुख्यत: चार सम्प्रदाय माने गये हैं- वैभाषिक, सौतांन्त्रिक, योगाचार और माध्यमिक। इनमें महायान पंथ के दो प्रमुख दार्शनिक सम्प्रदाय हैं- माध्यमिक सम्प्रदाय और योगाचार सम्प्रदाय। नागार्जुन और उनके अनुयायियों - बुद्धपालित, भावविषेक, चन्द्रकीर्ति तथा शान्ति देव द्वारा माध्यमिक सम्प्रदाय को स्थापित और विकसित किया गया जब कि मैत्रेयनाथ और उनके अनुयायियों-असंग, बसुबंधु, स्थिरमति, विभुक्तिसेन, हरिभद्र आदि द्वारा योगाचार सम्प्रदाय की स्थापना और इसके विकास का कार्य किया गया।

महायान पंथ की एक और शाखा का विवरण मिलता है परन्तु इसे दार्शनिक शाखा नहीं कहा जा सकता है। यह वास्तव में नैयायिकों का एक सम्प्रदाय है जिसके प्रधान प्रणेता दिंगनाग हैं। दिंगनाग धर्मकीर्ति आदि विद्वानों को न्याय शास्त्र के विशेषज्ञ के रूप में माना जाता है, हांलाकि वे माध्यमिक और योगाचार सम्प्रदायों के आध्यात्मिक दर्शन के प्रभाव से अछूते नहीं रह सके थे। सहजयानियों ने संस्कृत को अपने धार्मिक साहित्य के माध्यम के रूप में चयन किया था।

बौद्ध दर्शन और न्याय के प्रसिद्ध आचार्य - नागार्जुन, बुद्धपाल्लित, आर्यदेव, असंग, वसुबंधु, दिंगनाग, धर्मपाल, धर्मकीर्ति, आदि हालांकि भिन्न-भिन्न स्थान के निवासी थे फिर भी 5 वीं सदी से 12 वीं सदी के मध्य, जिसे नालन्दा विश्वविद्यालय के महावैभवशाली काल के रूप में माना जाता है, में ये सभी महायानवादी आचार्य नालन्दा विश्व विद्यालय से संबंधित थे जिसे शिक्षा केन्द्र के रूप में सम्पूर्ण बौद्ध जगत में पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त थी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महायान बौद्ध धर्म की साधना अत्यन्त ही विशाल और विस्तृत है, जिसकी दार्शनिक आधारशिला कई विचार धाराओं को अपने अन्दर संजोये हुए है तथा जिनका विकास अनेक युगों में सामाजिक और धर्म प्रचार संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बौद्ध धर्म की चिन्ताओं के स्वाभाविक विकास के परिणाम स्वरूप हुआ। नालन्दा महायानी शिक्षाओं का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहीं महायानी और सर्वास्तिवादी विचारधाराओं में संघर्ष और संगम हुआ था। महायान की उत्पत्ति कनिष्क के काल से कुछ पूर्व अर्थात प्रथम शताब्दी ई० पूर्व दक्षिण भारत में हुई और यह नागार्जुन का समर्थन प्राप्त कर शनैः शनैः पूर्व और उत्तर में प्रचार-प्रसार पा सका। नागार्जुन के शिष्य नाग और आर्यदेव थे, जो दक्षिण भारत के निवासी थे और जिन्होनें तृतीय शताब्दी के पूर्वार्द्ध में महायान के प्रचार-प्रसार में काफी योगदान दिया था। आगे चल कर मैत्रेयनाथ, असंग जैसे प्रभावशाली आचार्य महायान परम्परा में हुए जिन्होनें उनके उपदेशों का भरपूर प्रचार-प्रसार किया।

इस लघु एवं संक्षिप्त लेख की रचना के पीछें प्रारंभिक उदेश्य बौद्ध दर्शन के उद्‌भव एवं विकास में नालन्दा विश्वविद्यालय के उन महायानवादी दार्शनिकों की भूमिका को इंगित करना है जिन्होनें बौद्ध दर्शन के विकास में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय योगदान दिया है।

नागार्जुन जो सातवाहन राजा यज्ञश्री गौतमी पुत्र (166 ई० से 196 ई०) के समकालिक और मित्र थे, एक अति उच्च कोटि के बौद्ध दार्शनिक थे।[3] बौद्ध दर्शन के इतिहास में इनके व्यक्तित्व को मील का पत्थर के रूप में चिन्हित किया जा सकता है। प्रज्ञापारमिताओं तथा अन्य प्राचीन महायानी साहित्य के आधार पर शून्यता दर्शन को सर्वप्रथम प्रतिष्ठित करने वाले और उसे व्यवस्थित स्वरूप देने वाले बौद्ध दर्शन के युग-विधायक, आचार्य नागार्जुन ही थे जिन्होने महायान बौद्ध दर्शन के माध्यमिक सम्प्रदाय का प्रवर्तन किया जिसे शून्यवाद कहा जाता है। शून्यवादी आचार्य के रूप में उनकी कीर्ति भारत में ही नहीं चीन, तिब्बत और मंगोलिया के इतिहास के पृष्ठों में भी देखी जा सकती है। उत्तरकालीन बौद्ध धर्म के वे एक रहस्यमय साधक और विचारक हैं।

नागार्जुन का जन्म दक्षिण भारत के विदर्भ (बरार) में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके जीवन चरित्र के रूप में अलौकिक कहानियाँ प्रसिद्ध हैं जिनका उल्लेख बुस्तोन ने अपने इतिहास में किया है। आचार्य नागार्जुन के जीवनवृत के संबंध में हमें निश्चित सामग्री उपलब्ध नहीं है। उनके काल और निवास स्थान के संबंध में विभिन्न पुस्तकों एवं ग्रंथों में जो उपलब्ध जानकारी मिलती हैं उनमें भारी विविधता है। बाल्य काल में ही इन्होनें ब्राह्मण ग्रंथों का व्यापक अध्ययन किया था और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तरूणावस्था में उन्होनें भिक्षु-पद की दीक्षा ली थी और तदुपरांत बौद्ध ग्रंथों का उन्होंने गंभीरतापूर्वक अनुशीलन किया। नागार्जुन नाम से विख्यात बौद्ध दार्शनिक, तांत्रिक, वैद्य और रासायनिक चार भिन्न व्यक्ति थे। जिन्हें भूलवश एक ही समझा गया है।[4]

नागार्जुन के जीवन का अधिकांश भाग दक्षिण भारत के श्रीपर्वत (नागार्जुन कोंडा, गुन्टुर) में बीता जिसे इन्होनें बौद्ध धर्म के प्रचार का अद्वितीय केन्द्र बनाया। तारानाथ के अनुसार नागार्जुन ने अपनी आयु का अधिकांश भाग नालन्दा में बिताया।[5] तिब्बती विवरणों के अनुसार भी नागार्जुन कुछ समय नालन्दा में रहे थे। नागार्जुन का संबंध नालन्दा के साथ इसलिए भी जोड़ा जा सकता है क्योंकि भगवान बुद्ध के समय से ही यह बौद्ध धर्म एवं दर्शन का प्रसिद्ध केन्द्र रहा था; हालांकि विश्व विद्यालय के रूप में 5वीं सदी के पूर्वार्द्ध में विकसित हो सका था। अशोक के काल में बौद्ध धर्म की तृतीय संगीति हुई थी जिसमें संघ से निष्कासित सर्वास्तिवादियों ने नालन्दा को ही अपना केन्द्र बनाया था।

युआन च्वांग (सातवीं सदी) ने अपने विवरण में उत्तरकालीन बौद्ध धर्म के चार आचार्यों का उल्लेख किया है जिनका चित्रण उन्होनें ''संसार को आलोकित करने वाले चार सूर्य '' के रूप में किया है जिनमें नागार्जुन एक थे। शेष तीन थे - अश्वघोष, कुमार लब्ध, और आर्यदेव। टी० वाटर्स ने नागार्जुन को उत्तरकालीन बौद्ध धर्म का एक महान आश्चर्य और रहस्य कहा है।[6] ऐसा कहना किसी भी दृष्टिकोण से अतिश्योक्ति नहीं है। नागार्जुन के नाम से लिखे हुए बहुत से ग्रंथ मिलते हैं, परन्तु वास्तव में उनकी प्रमुख कीर्तियाँ निम्नलिखित हैं - माध्यमिक कारिका, युक्ति षष्ठिका, प्रमाण विध्वंसन, उपाय कौशल्य विग्रह व्यवर्तनी आदि। इनमें माध्यमिक कारिका एवं विग्रह व्यावर्तनी मात्र ही अपने मूल संस्कृत रूप में सुरक्षित है।

दर्शन की दृष्टि से नागार्जुन की कृतियों में माध्यमिक कारिका एवं विग्रह व्यावर्तनी का बहुत ऊँचा स्थान है। माध्यमिक कारिका जिसे माध्यमिक शास्त्र भी कहा जाता है, 27 प्रकरणों में विभक्त महायान बौद्ध धर्म की माध्यमिक शाखा का आधारभूत ग्रंथ है। महायान सूत्र में निहित उपदेशों का इस ग्रंथ में संक्षेप में वर्णन किया गया है। शून्यता के दर्शन का गहन विवेचन इस पुस्तक में मिलता है। शून्यवाद न केवल भारत अपितु विश्व की एक सुप्रसिद्ध और प्रभावशाली दर्शन प्रणाली है। ''शून्य एवं धर्म।'' यह माध्यमिकों का मूलभूत सिद्धांत है। संसार और निर्वाण यानी शून्यता में कोई अतंर नहीं है। शून्यता या परमसत्ता उपनिषदों के अनुसार निर्गुण ब्रह्म के समान है। नागार्जुन के अनुसार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रतीत्यसमुत्पाद ही शून्यता है। प्रतीत्यसमुत्पाद को इन्होंने आठ नकारों द्वारा समझाया है। इसमें न तो आरंभ है, न अंत ही, न अंदर आना है, न बाहर जाना है। सारत: केवल अनारम्भ मात्र है जो शून्यता का पर्यायवाची है। शून्यता मुख्यत: वह मध्यम मार्ग है जो अस्तित्व और अनास्तित्व के दो परस्पर विरोधी धाराओं से समान दूरी पर है। यह वस्तुओं का सापेक्ष अस्तित्व है।

नागार्जुन ने अपने ग्रंथ **विग्रह व्यवर्तनी** में शून्यता को खंडित करने वाली युक्तियों की निःसारता दिखलाकर शून्यवाद का मंडन किया है। नागार्जुन ने अपने समकालिक सातवाहन राजा यज्ञश्री गौतमी पुत्र को एक शिक्षा पूर्ण पत्र "सुहृद्व लेख" लिखा था जिसका अनुवाद तिब्बती और चीनी दोनों भाषाओं में सुरक्षित है परन्तु इसका मूल संस्कृत उपलब्ध नहीं हैं। सुहृद लेख का पूरा नाम "आर्यनागार्जुन बोधिसत्व सुहृद लेख" है।

आर्यदेव (200-224 ई०) शून्यवाद के दूसरे प्रधान आचार्य थे। चन्द्रकीर्ति के वर्णनानुसार ये सिंहपुर के राज़ा के पुत्र थे। नागार्जुन का शिष्य बनकर इन्होने समग्र विधाओं तथा आस्तिक और नास्तिक दर्शनों का अध्ययन किया। काणदेव के नाम से प्रसिद्ध एक आँख वाले आर्यदेव के नालन्दा पहुँचने पर एकाक्ष देखकर मतृचेट ने जब इनका उपहास किया तो इन्होंने उस ब्राह्मण पंडित को हरा कर बौद्ध धर्म में उसे दीक्षित किया। इनके द्वारा परास्त किये गये किसी पंडित के शिष्य ने ध्यानावस्था में इनका वध कर दिया। इनका **चतु: शतक** शून्यवाद का एक प्रसिद्ध और प्रमाणिक ग्रंथ है जो 16 अध्यायों में विभक्त है जिसमें 400 कारिकाएं हैं। धर्मपाल और चन्द्रकीर्ति ने इस पर टीकायें लिखी थी। चितविशुद्धिप्रकरण, हस्तवालप्रकरण, मुष्टि प्रकरण आदि इनके अन्य ग्रंथ हैं।

स्थविर बुद्धपालित (5वीं सदी) महायान सम्प्रदाय के प्रमाणभूत आचार्यों में से एक हैं। इनकी प्रधान कृति नागार्जुन की माध्यमिक कारिका के उपर लिखी एक वृति है जिसका मूल संस्कृत रूप उपलब्ध नहीं है। ये प्रासंगिक मत के उदभावक माने जाते हैं। प्रांसगिक मत का सिद्धांत है कि अपने मत का मण्डन करने के लिए शास्त्रर्थ में विपक्षी से ऐसे तर्कयुक्त प्रश्न किये जायें जिनका उत्तर देने से उसका कथन स्वयं ही परस्पर विरोधी प्रमाणित हो जाये और वह उपहास का विषय हो जाये।

भव्य, भाव विवेक बौद्ध न्याय में स्वतंत्र मत के उदभावक थे जिसके अनुसार माध्यमिक सिद्धांतों की सत्ता को प्रमाणित करने के लिए स्वतंत्र प्रमाणों को दे कर विपक्षी को पराजित किया जाना चाहिए। **माध्यमिक कारिका** पर **प्रज्ञाप्रदीप** नामक वृति के लेखक हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

छठी शताब्दी में माध्यमिक परम्परा के अत्यन्त प्रसिद्ध विचारक के रूप में चन्द्रकीर्ति का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये नालन्दा विश्वविद्यालय के आचार्य धर्मपाल के भी शिष्य थे। अध्ययनोंपरान्त इन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय में अध्यापक के रूप में भी कार्य किया। माध्यमिक कारिका पर प्रसन्न पदा नामक टीका लिखने के कारण ये भारतीय दर्शन में अपरता के अधिकारी हैं। आर्यदेव के चतु:शतक पर भी उन्होंने एक चतुः शतक वृति नामक टीका लिखी। इनका माध्यमिकावतार नामक एक स्वतंत्र ग्रंथ भी उपलब्ध है। ये प्रासंगिक मत के प्रधान प्रतिनिधि थे।

तारानाथ के अनुसार शान्तिदेव सौराष्ट्र (वर्तमान गुजरात) के किसी कल्याणबर्मन नामक राजा के पुत्र थे। इनका समय सातवीं शताब्दी मान्य है। नालन्दा महाविहार के सर्वश्रेष्ठ पंडित इनके दीक्षा गुरु थे। ये जयदेव धर्मपाल के अनन्तर नालन्दा के पीठस्थविर हुए। बुस्तान ने इनके महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण विस्तार पूर्वक किया है।[7]

आर्य असंग योगचार या विज्ञानवाद बौद्ध मत के सर्वाधिक प्रभावशाली आचार्य माने गये हैं। इन्होंने योगाचार दर्शन को विकास के चरम बिन्दु पर पहुँचाने का उल्लेखनीय प्रयास किया है। असंग मैत्रेयनाथ के शिष्य थे जिन्हें विज्ञानवाद का प्रवर्तक माना जाता है। बौद्ध विज्ञानवाद और असंग के बीच के संबंधों की गहराई का इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि विज्ञानवाद अपने नाम की अपेक्षा योगाचार दर्शन के नाम से ज्यादा सुविख्यात है। योगाचार शब्द असंग के सबसे बड़े ग्रंथ योगाचार भूमि से लिया गया है।

असंग वसुबंधु के भाई थे जिनका जन्म गंधार देश के पुरुषपुर (पेशावर) जो वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित है के एक ब्राह्मण कुल में हुआ था। ये कौशिक गोत्र के ब्राह्मण थे जो वैदिक ज्ञान में पारंगत होते थे। इनकी शिक्षा काश्मीर में हुई थी। प्रारंभ में असंग सर्वास्तिवाद के अनुयायी थे जिनका उन दिनों काश्मीर और गंधार प्रदेश में काफी प्रभाव था। ये अपने गुरु मैत्रेयनाथ के प्रभाव से विज्ञानवाद के समर्थक हुए। ह्वेनसांग के अनुसार नालन्दा आने से पूर्व इनकी कर्मभूमि अयोध्या थी। इनका समय 450 ई० के आस-पास माना जाता है।[8]

महायान दर्शन की परम्परा के तीन महान कृतियों – महायान सम्परिग्रह, महायान सूत्रालंकार, योगाचारभूमि शास्त्र के कर्त्ता के रूप में आर्य असंग के नाम का ही उल्लेख मिलता है। योगाचार भूमि शास्त्र 17 भूमियों में विभक्त एक विशालकाय ग्रंथ है जिसमें योगाचार के साधन मार्ग का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विस्तृत और प्रमाणिक विवेचन है। इस ग्रंथ को उसके मौलिक संस्कृत रूप में स्थापित करने का श्रेय महामंडित राहुल सांकृत्यायन को है।[8] इसकी 17 भूमि हैं- विज्ञान भूमि, मनभूमि, सवितर्क-सविचार भूमि, अवितर्क-अविचार भूमि, समाहिता भूमि, सचिन्तका भूमि, अचिन्तका भूमि, श्रुतमंयीभूमि, चिन्तामयी भूमि, भावनामयी भूमि, श्रावक भूमि, प्रत्येक बुद्ध भूमि, बोधसत्व भूमि, सोपाधिका भूमि और निरूपधिका भूमि। इस ग्रंथ में विज्ञान वाद के सिद्धांतों का विशद् विवेचन है।

वसुबंधु ने अपने अग्रज असंग की प्रेरणा से महायान बौद्ध धर्म के विज्ञानवाद मत को स्वीकार किया था। प्रारंभ में सर्वस्तिवाद बौद्ध धर्म की वैभाषिक शाखा के प्रसिद्ध आचार्य थे। सर्वास्तिवाद के वैभाषिक मतानुसार रचित **अभिधर्म कोश** वसुबंधु का सबसे महान और उल्लेखनीय ग्रंथ है जिसे समस्त बौद्ध दर्शन के विश्व कोश की संज्ञा दी जाती है।

वामन के **काव्यालंकार सूत्रवृति** ग्रंथ के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि ये गुप्त सम्राट के सलाहकार थे। इस आधार पर इनका काल 410 से 490 ई० माना जा सकता है। लामा तारानाथ के अनुसार अपने भाई असंग की मृत्यु के बाद वे नालन्दा के उपाध्याय हुए थे।[9]

सातवीं सदी के महाकवि वाणभट्ट ने अपनी रचना हर्ष चरित्र में बौद्ध भिक्षु दिवाकर मित्र के आश्रम का वर्णन करते हुए वहाँ के शुकों को भी **अभिधर्म कोश** की व्याख्या करते हुए दिखाया है। **शुकैरपि शाक्य शासन कुशलैः कोशं समुपदिशद्भिः**। आचार्य वसुबंधु अपने समकालिनों में "द्वितीय बुद्ध" के नाम से सुविख्यात थे - यं बुद्धिमतामग्रयं द्वितीयमिव बुद्धमित्याहुः।[10]

अभिधर्म कोश के अतिरिक्त वसुबंधु की एक महत्वपूर्ण कृति परमार्थ सप्तति है जो उनके समकालीन सुप्रसिद्ध सांख्याचार्य विंध्यवासी की रचना सांख्यसप्तति का खण्डन है। तर्क शास्त्र और **वाद-विधि, वाद-विधान, वाद-हृदय** नामक रचनाओं में वसुबंधु ने न्याय के विभिन्न दृष्टिकोण पर लिखा है।

वाद-विधान नामक न्याय ग्रंथ को लिख कर भारतीय न्याय शास्त्र को नागार्जुन से मिली प्रेरणा के माध्यम से नियमबद्ध करना तथा भारतीय मध्ययुगीन न्याय के पिता दिंगनाग जैसे शिष्य को पढ़ा कर पूर्व के किये गये प्रयत्न को प्रवाह रूप में आगे बढ़ाने का कार्य करने के लिए भारतीय न्याय शास्त्र वसुबंधु का ऋणी है। एक महायानी आचार्य के रूप में वसुबंधु ने **सधर्म-पुंडरिक सूत्र**,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महापरिनिर्वाण सूत्र और वज्रछेदिका प्रज्ञापारमिता पर व्याखाएं लिखी हैं। उन्होंने अपने बड़े भाई आर्य असंग के विज्ञानवाद पर विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि ग्रंथ लिखा है जिसके विशिंका और त्रिशिंका नामक दो पाठ अद्यतन उपलब्ध हैं।

बौद्ध न्याय के इतिहास में दिंगनाग का स्थान अत्यन्त ही ऊँचा है। ये वस्तुतः बौद्ध न्याय के संस्थापक थे। इन्हें सामान्यतः मध्ययुगीन न्याय के पिता के रूप में विभूषित किया गया है। दिंगनाग योगाचार मत के स्वातंत्रिक सम्प्रदाय के संस्थापक माने जाते हैं। बौद्ध न्याय को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने का श्रेय अश्वघोष, नागार्जुन और वसुबंधु के बाद, दिंगनाग, के बाद धर्मकीर्ति, शान्तरक्षित, कमलशील आदि स्वतंत्रविज्ञानवादी आचार्यों को जाता है। इन्होंने इस मत को विकसित भी किया। विज्ञानवाद की आधारभूत मान्यता के अनुसार विज्ञान ही तत्व है। इस आधार भूत मान्यता के अनुकरण करने के कारण ये आचार्य विज्ञानवादी कहलाये। परन्तु आचार्य की इस मान्यता का कि "विज्ञप्तिमात्रता नित्य है" खण्डन करते हुए इन आचार्यों ने प्रत्मार्थ सत्क्षणि विज्ञान की स्थापना की।"

तिब्बती श्रोतों के अनुसार दिंगनाग का जन्म 345 ई० से 425 ई० के बीच माना जाता है। इनके नागदंत नामक प्रथम गुरू वात्सीपुत्रीय मत के पंडित थे जिनके प्रभाव से जीवन के प्रारंभिक काल में ही ये हीनयान बौद्ध धर्म के वात्सीपुत्रीय सम्प्रदाय के अनुयायी हो गये। बाद में वे नालन्दा महाविहार आकर आचार्य वसुबन्धु के शिष्य बन गये। ये वसुबंधु के चार शिष्यों में से एक थे। इन्होंने सुदुर्जय नामक ब्राह्मण को शास्त्रार्थ में हरा कर उसे बौद्ध धर्म स्वीकार करने को बाध्य किया। शास्त्रार्थ के लिए इन्होंने उड़िसा और महाराष्ट्र में भी भ्रमण किया था।

दिंगनाग ने न्याय संबंधी करीब 100 पुस्तकें लिखी जिनमें अधिकांश तिब्बती और चीनी अनुवाद में सुरक्षित हैं। ईत्सिंग ने लिखा है कि उसके भारत यात्रा के समय नालन्दा विश्वविद्यालय में दिंगनाग की पुस्तकों का पाठ्य पुस्तकों की तरह अध्ययन होता था। आचार्य दिंगनाग का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रंथ प्रमाण समुच्चय है। इसके अतिरिक्त न्याय प्रवेश, हेतुचक्र-डमरू, प्रमाण शास्त्र, आलम्बन परीक्षा वृति, त्रिकाल परीक्षा, मर्म प्रदीप वृत्ति आदि उनके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं।

प्रमाण समुच्चय अपने मूल संस्कृत रूप में अनुपलब्ध है। इस ग्रंथ में छः परिच्छेद हैं- प्रत्यक्ष, स्वार्थनुमान, परार्थानुमान, हेतुदृष्टान्त, अपोह, और जाति। इस पुस्तक में न्याय शास्त्र के समस्त सिद्धांतों का विशद और व्यापक रूप से प्रतिपादन किया गया है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिंगनाग ने आचार्य गौतम तथा वात्सयायन के परार्थानुमान के लिए वर्णित "पंचावयव वाक्य" का खण्डन कर बतलाया है कि काम चलने के लिए तीन अवयव पर्याप्त हैं। न्याय वार्तिक ग्रंथ को लिख कर इन्होंने गौतम और वात्सयायन के प्रत्यक्ष अनुमान के लक्षण का खण्डन किया है।

धर्मपाल को भतृहरि का समकालिक कहा जाता है। अतः इनका काल सातवीं शताब्दी ही हो सकता है। प्रसिद्ध विज्ञानवादी आचार्य के रूप में धर्मपाल का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये कांचीपुरम (आंध्र प्रदेश) के निवासी थे। दक्षिण भारत से ये नालन्दा महाविहार आये और यहीं पर कुलपति के पद पर प्रतिष्ठित हुए।[13] ह्वेनसांग के गुरू शीलभद्र, धर्मपाल के शिष्य थे। ह्वेनसांग जब नालन्दा में बौद्ध दर्शन का अध्ययन कर रहा था उस समय वहाँ के कुलपति धर्मपाल ही थे। माध्यमिक मत के व्याख्याकार चन्द्रकीर्ति इनके शिष्यों में से एक थे। आलम्बन - प्रत्ययध्यान शास्त्र व्याख्या, विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि व्याख्या, शतशास्त्र व्याख्या आदि आचार्य धर्मपाल की प्रमुख रचनाएं हैं।

आचार्य धर्मकीर्ति के दिंगनाग उत्तराधिकारी थे जो अद्वितीय प्रतिभा सम्पन्न नैयायिक थे। ये अपने समय के उच्च कोटि के महायानी दार्शनिक थे जिनकी विमलकीर्ति पताका भारत के दार्शनिक गगन में सदा ही फहराती रहेगी। पाश्चात्य दार्शनिकों ने भी इनके अलौकिक प्रतिभा की प्रशंसामुक्त कण्ठ से की है। डा० शेरवासकी ने इन्हें भारत का "कांत" कहा है।[14] 10वीं सदी के जयन्त भट्ट ने अपने ग्रंथ न्यायमंजरी में धर्मकीर्ति के ग्रंथों के कटु आलोचक होते हुए भी उनके "सुनिपुण बुद्धि" होने तथा उनके प्रयत्न को "जगदभिभव-धीर" माना है।[15]

धर्मकीर्ति का जन्म चोल प्रान्त के तिरूमलय नामक ग्राम में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये कुमारिल भट्ट के भागिनेय बतलाये जाते हैं। धर्मकीर्ति ने कुमारिल भट्ट के सिद्धांत तथा कुमारिल भट्ट ने धर्मकीर्ति के सिद्धांत का परस्पर खण्डन किया है। इससे स्पष्ट होता है कि ये दोनों समकालिक थे। दिंगनाग की शिष्य परम्परा के आचार्य ईश्वर सेन से इन्होंने बौद्ध न्याय का अध्ययन किया था। बाद में ये नालन्दा महाविहार आये और यहां के संघ-स्थविर और उस समय के प्रसिद्ध विज्ञानवादी आचार्य पीठस्थविर के प्रभाव छाया में धर्मपाल के शिष्य बने और भिक्षु संघ में प्रविष्ट हुए। चीनी यात्री इत्सिंग ने अपने ग्रंथ में धर्मकीर्ति का उल्लेख किया है जिससे स्पष्ट होता है कि 679 ई० से पूर्व ये अवश्य ही विद्यमान हुए। धर्मपाल के शिष्य होने के कारण इनका काल 625 ई० के आस-पास बताया जाता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बौद्ध प्रमाण शास्त्र पर इन्होंने ग्रंथ लिखा था जिनकी कुल संख्या 9 हैं, जिनमें 7 मूल ग्रंथ हैं और 2 अपने ही ग्रंथों पर इन्हीं के द्वारा लिखी हुई वृर्तिया हैं। **प्रमाण वार्तिक** इनकी सर्वश्रेष्ठ रचना है। महापंडित राहुल सांकृत्यान ने धर्मकीर्ति के इस महान ग्रंथ को उसके मूल संस्कृत रूप को तिब्बती में रूसी विद्वान डा० शेरवासकी के साथ सम्पादन के माध्यम से न केवल बौद्ध धर्म बल्कि सामान्यत: सम्पूर्ण भारतीय न्याय की अकथनीय सेवा की है।

इस ग्रंथ में चार परिच्छेद हैं और यह अपने में लगभग 1500 श्लोकों को संजोये हुए है। प्रथम में स्वार्थानुमान, दूसरे में प्रमाण सिद्धि, तीसरे में प्रत्यक्ष प्रमाण और चौथे में परार्थानुमान का वर्णन है। यह ग्रंथ दिंगनाग के **प्रमाण समुच्चय** की एक व्याख्या के रूप में है। प्रमाण विनिश्चय, न्याय बिंदु, सम्बन्ध परीक्षा, हेतु बिंदु, वाद-न्याय और संताणातरसिद्धि धर्मकीर्ति की अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं। इस सभी ग्रंथों का विषय प्राय: बौद्ध प्रमाण्यवाद है और इनमें धर्मकीर्ति के उच्च दार्शनिक प्रतिभा और सूक्ष्म चिन्तन शक्ति के दर्शन होते हैं। इनकी रचनाओं के माध्यम से उत्तर कालीन बौद्ध धर्म की ऊँचाइयों एवं इसके दर्शन की गहराई का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। सम्पूर्ण भारतीय न्याय शास्त्र के विकास में धर्मकीर्ति एवं उनकी रचनाओं का अनोखा स्थान है।

प्रस्तुत आलेख के आलोक में अश्वघोष और नागार्जुन को महायानी दर्शन के प्रथम आचार्य और शान्तिदेव सातवीं शताब्दी के अंतिम आचार्य के रूप में माना जा सकता है। इनके अतिरिक्त इनके बीच के आचार्यों की एक महंती परम्परा है। सातवीं सदी के बाद के बौद्ध धर्म के विकास को तांत्रिक बौद्ध धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है और इसे प्रकृत महायान की परम्परा से भिन्न समझा गया है।

. . .

नालन्दा महाविहार से संबंधित महायान बौद्ध दर्शन के अन्तर्गत उसके दो सम्प्रदायों- विज्ञान वाद और शून्यवाद के साहित्य और इसके आचार्यो का संक्षिप्त विवरण देने का प्रयास प्रस्तुत लेख में किया गया है। इनकी परम्परा का इतिहास अत्यन्त ही व्यापक और विशद् है जिसका अधिकांश भाग आज भी चीनी और तिब्बती अनुवाद में ही पड़ा है और बहुत कुछ अप्राप्य भी है। परन्तु जो कुछ अवशिष्ट और उपलब्ध है वह महत्वपूर्ण और बौद्ध दार्शनिक चिन्तन की गंभीरता और व्यापकता के अत्यन्त ही अनुकूल है।

विशिष्ट बौद्ध दार्शनिकों, जिनका नाम और कीर्तिपताका विश्व के दूरस्थ देशों में भी लहराया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और युगयुगांतर तक कायम रहा को आकर्षित करने में नालन्दा काफी सफल रहा। वास्तव में, नालन्दा के विशद् और विस्तृत इतिहास को महायानवादी बौद्ध दर्शन के इतिहास के रूप में देखा जा सकता है। इस कथन को किसी भी दृष्टिकोण से अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं कहा जा सकता है।

पाद टिप्पणी

1. **मंझिम निकाय**, भाग 1, पृ० 377.
2. तारानाथ, **हिस्ट्री ऑफ बुद्धिज्म**, पृ० 72.
3. विन्टरनिटज, **हिस्ट्री आफ इंडियन लिट्रेचर**, भाग 2, पृ० 346.
4. उपाध्याय, भरत सिंह, **बौद्ध दर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन**, भाग 1, पृ० 653.
5. उपाध्याय, भरत सिंह, **बौद्ध दर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन**, भाग 1, पृ० 654.
6. वाटर्स, **आन युआन च्वांग्स ट्रैवल्स इन इंडिया**, जिल्द दूसरी, पृ० 203.
7. बुस्तोन, **हिस्ट्री**, पृ० 166.
8. **नालन्दा : पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट**, पृष्ठ 126.
9. घोष, ए., **नालन्दा**, दूसरी जिल्द, पृ० 40.
10. **अभिधर्मकोश** भाष्य पर आचार्य यशोमित रचित स्फुटार्थ व्याख्या के प्रारम्भिक पंक्तियां।
11. उपाध्याय, भरत सिंह, **बौद्ध दर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन**, भाग 1, पृ० 65.
12. सांकृत्यायन, राहुल, **बौद्ध दर्शन**, पृ० 28.
13. सुकुमारदत, **बुद्धिष्ट मॉक्स एण्ड मोनास्ट्रीज इन इंडिया**, पृ० 291.
14. बापट, पी० वी०, **बौद्ध-धर्म के 2500 वर्ष**, पृ० 191.
15. **न्याय मंजरी**, पृ० 100.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालन्दा के आचार्य वीर्य श्रीदत्त की देन

कपिलदेव प्रसाद सिंह

'सौत्रान्तिक' शब्द की व्याख्या करते हुए यशोमित्र ने अभिधर्मकोश व्याख्या में कहा है कि शास्त्र को प्रमाण न मानकर सूत्र को ही प्रमाण माननेवाले "सौत्रान्तिक" कहे जाते हैं। यदि शास्त्र प्रमाण नहीं है तो तीन पिटकों- सूत्रपिटक, विनयपिटक और अभिधर्मपिटक-की व्यवस्था कैसे है? कुछ ऐसे भी सूत्र हैं जिन्हें अभिधर्म कहा जाता है क्योंकि वे धर्मों के लक्षणों का वर्णन करते हैं। "अर्थविनिश्चय-सूत्र" इनमें से एक है।[1]

हरिभद्र के 'अभिसमयालंकार' में भी अर्थविनिश्यच-सूत्र की चर्चा हुई है जहाँ इसे महायान सूत्रों की श्रेणी में रखा गया है। 'स्वस्मिन्' विशेषण से इसकी पुष्टि होती है।[2]

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन तिब्बत की अपनी दूसरी यात्रा में अनेक दुर्लभ एवं अनुपलब्ध ग्रन्थों की छाया प्रतियाँ ले आये थे। इन छाया प्रतियों में 'अर्थविनिश्चय-सूत्र' की प्रति भी एक है। इस अर्थ विनिश्चय-सूत्र पर एक भाष्य भी उपलब्ध हुआ है जिसे 'अर्थविनिश्चय-सूत्र निबन्धन' की संज्ञा से अभिहित किया गया है। इस टीका की पुष्पिका से ज्ञात होता है कि यह निबन्धन श्री नालन्दा महाविहार के आचार्य वीर्यश्रीदत्त द्वारा लिखा गया है।[3]

पाल राजा धर्मपाल के काल में श्रीनालन्दा महाविहार में वीर्यश्रीदत्त नाम के एक आचार्य थे। न तो इनके व्यक्तिगत जीवन के संबंध में अभी तक कोई जानकारी प्राप्त है और न ही बौद्ध विद्या के इतिहास में इनके स्थान के बारे में कुछ ज्ञात है।

गोपाल के पुत्र राजा धर्मपाल बौद्ध-धर्म के एक बड़े उत्साही संरक्षक थे। विभिन्न इतिहासकारों ने धर्मपाल के शासनकाल का विवरण दिया है। डा० अनन्त सदाशिव अल्तेकर के अनुसार इनका राज्य 760 से 810 ई० तक था।[4] राहुल सांकृत्यायन[5] के अनुसार इन्होंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

740 से 800 ई० तक शासन किया था। आर० सी० मजुमदार[6] की दृष्टि में इनका शासनकाल 770 से 810 ई० तक था। ए० एल० वाशम[7] और राधाकुमुद मुखर्जी[8] प्रभृत विद्वानों का भी विचार है कि धर्मपाल ने 770 से 810 ई० तक राज्य किया था। इस प्रकार इस भाष्यकार की तिथि ईसा की आठवीं शताब्दी में निर्धारित की जा सकती है।

विश्व प्रसिद्ध नालन्दा विश्वविद्यालय के आचार्य होने के नाते ये बौद्ध-धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों के सिद्धातों के निष्णात पण्डित थे। 'अन्ये', 'अपरे', 'केचित', आदि शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्होंने इन सिद्धांतों की चर्चा की है। कभी-कभी उन सम्प्रदायों के नामों का भी संकेत दिया है; यथा- वैभाषिक और सौत्रान्तिक। अतएव यह कहना बहुत कठिन है कि वे किस बौद्ध सम्प्रदाय से सम्बद्ध थे; क्योंकि इन्होंने वैभाषिक और सौत्रान्तिक दोनों सम्प्रदायों के विचारों का उद्धरण दिया है। किन्तु इतना तो निश्चित रुप से कहा जा सकता है कि हमारे निबन्धनकार ने वसुबन्धु के अभिधर्मकोश भाष्य और यशोमित्र की अभिधर्मकोश व्याख्या से प्रेरणा ली है।

नि:संदेह यह कहा जा सकता है कि 'अर्थविनिश्चय-सूत्र निबन्धन' की रचना वसुबन्धु के बाद हुई है जिसका काल 420 से 500 ई० माना जाता है और धर्मपाल के राजत्वकाल की समाप्ति के पूर्व हुई है। यह बहुत संभव है कि वीर्यश्रीदत्त यशोमित्र के समकालीन रहे हों और उनसे वय में छोटे रहे हों।

अर्थविनिश्चय-सूत्र में कुल 27 अध्याय हैं जो निम्न प्रकार हैं-

1. पञ्च स्कन्धा:, 2. पञ्चोपादानस्कन्धा:, 3. अष्टादश धातव:, 4. द्वादश आयतनानि, 5. द्वादशड्.गप्रतीत्यसमुत्पाद:, 6. चत्वार्यार्यसत्यानि, 7. द्वाविशंतिरिन्द्रियाणि, 8. चत्वारि ध्यानानि, 9. चतस्त्र: आरुप्पसमापत्तय:, 10. चत्वारो ब्रह्मविहारा:, 11. चतस्त्र: प्रतिपद:, 12. चतस्त्र: समाधि भावना:, 13. चत्वारि स्मृत्युपस्थानानि, 14. चत्वारि सम्यक्प्रहाणानि, 15. चत्वार ऋद्धिपादा:, 16. पंञ्चेन्द्रियाणि, 17. पञ्च बलानि, 18. सप्त बोध्यड्.गानि, 19. आर्याष्टाड.गो मार्ग:, 20. षोडशाकारा आनापानस्मृति:, 21. चत्वारि स्त्रोतआपत्तयड.गानि, 22. दश तथागतबलानि, 23. चत्वारि वैशारद्यानि, 24. चतस्त्र: प्रतिसंविद:, 25. अष्टादश आवेणिका बुद्धधर्मा:, 26. द्वात्रिंशन्महापुरुषलक्षणानि, 27. अशीति:, अनुव्यञ्जनानि।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निबन्धनकार ने उपर्युक्त 27 अध्यायों पर अपना भाष्य लिखा है। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि 'भाष्य', 'टीका', 'वृत्ति', 'व्याख्या', 'पंजिका', 'विभंग' आदि संज्ञाओं का प्रयोग न कर वीर्यश्रीदत्त ने 'निबन्धन' शब्द का प्रयोग किया है जो लीक से हटकर है।

अर्थविनिश्चय-सूत्र के चीनी भाषा में दो अनुवाद हैं और एक तिब्बती अनुवाद है जिसमें निबन्धन का संपूर्ण अंश भी मौजूद है। इनके अतिरिक्त तिब्बती भाषा में निबन्धन का अनुवाद भी अलग से उपलब्ध है।

सूत्र के शीर्षक के संबंध में जानना भी अपेक्षित है क्योंकि इसके अर्थ के बारे में भ्रम उत्पन्न हो सकता है। ऊपरितः इसका अर्थ है - 'अर्थ का निर्धारण'। लेकिन इसका ऐसा अर्थ नहीं है। निबन्धकार ने दो स्थानों पर 'अर्थविनिश्चय' की व्याख्या की है जो निम्न प्रकार हैं - (क) अर्थानां विनिश्चयो धर्माणां प्रविचयः[9] (ख) अर्थस्य विविधाकारेन निश्चयो भवति एतत् श्रवणात् सत्वानां इति अर्थविनिश्चय अनुगतार्थसंज्ञा।[10]

पहली व्याख्या में 'अर्थ' को 'धर्म' में लिया गया है और 'विनिश्चय' को 'प्रविचय' के अर्थ में दूसरी व्याख्या में भी 'अर्थ' का अभिप्राय 'धर्म' ही है।

एक प्रश्न सामने आता है कि अर्थविनिश्चय-सूत्र और इसका निबन्धन बौद्ध धर्म के किस सम्प्रदाय से संबद्ध हो सकता है? इस ग्रन्थ के सम्पादक ने इस पर विस्तार से विचार किया है लेकिन उनका निष्कर्ष सुस्पष्ट नहीं है। उनकी मान्यता है कि मूल ग्रन्थ और उसके निबन्धनकार का झुकाव सौत्रान्तिक सम्प्रदाय की ओर प्रतीत होता है। हमारी दृष्टि में उनका कथन बहुत अंशों में निम्नांकित कारणों से सत्य है - (क) निबन्धनकार का सूत्र ग्रन्थ पर भाष्य लिखना; (ख) वसुबन्धु और यशोमित्र की परम्परा में ही हमारे निबन्धनकार आनेवाले प्रतीत होते हैं। ऊपर कहा जा चुका है कि हमारे निबन्धनकार आनेवाले प्रतीत होते हैं। ऊपर कहा जा चुका है कि हमारे निबन्धनकार यशोमित्र के समकालीन हो सकते हैं; (ग) वसुबन्धु के गैर प्रामाणिक वैभाषिक विचारों की आलोचना संघभद्र एवं विमलमित्र प्रभृत विद्वानों ने की थी; (घ) ह्वेनसांग के समय नालन्दा महाविहार में संघभद्र की पुस्तक 'न्यायानुसार' का पठन-पाठन होता था। लेकिन कालक्रम से वह पुस्तक चर्चा से लुप्त हो गयी। यहां तक कि उसका मूल संस्कृत आज अनुपलब्ध है। आज अभिधर्मकोश का ही एकाधिकार है न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तो कोई अभिधर्मदीप को जानता है और न ही न्यायानुसार को; (ङ.) सौत्रान्तिक आचार्य ही वैभाषिक विचारों के व्याख्याकार रह गये थे।

पाददटिपण्णी

1. कः सौत्रान्तिकार्यः? ये सूत्रप्रमाणिका न शास्त्र-प्रमाणिका ते सौत्रान्तिकाः। यदि न शास्त्रप्रमाणिकाः, कथं तेषां पिटकत्रयव्यवस्था - सूत्रपिटको विनयपिटको अभिधर्मपिटको इति? सूत्रेऽपि ह्दयभिधर्मपिटकः पठ्यते। त्रयपिटको भिक्षुर्ति? नैष दोष सूत्रविशेषा एवं ह्यर्थविनिश्चयादयो अभिधर्मसंज्ञा येषु धर्मलक्षणं वर्ण्यते।
2. पुनरपरं सुभूते मार इत्यादि। अपरसूत्रानुलोभनत् सूत्रागतं। स्वस्मिन्नर्थविनिश्चयादिसूत्र दर्शयमानत्वात् सूत्रपर्यापन्नं।
3. आसीत् स सौगतो नाथः प्रजायाः पृथुविक्रमः।
   धर्मपाल इति ख्यातो राज्ये तस्य महोदये।।
   श्रीनालन्दाविहारेऽस्मिन भूतो भिक्षुर्जितेन्द्रियः।
   वीर्यश्रीदत्तनाम्नेदं कृतं तेन निबन्धनम्।।

   दी अर्थविनिश्चय-सूत्र एण्ड इट्स कमेंट्री, पृ० 312.
4. प्रमाणवार्तिक की भूमिका, पृ० 4.
5. संस्कृत पामलिफ मैनस्क्रीप्ट इन तिब्बत शीर्षक लेख; जर्नल ऑफ बिहार-उड़ीसा रिसर्च सोसाईटी, जिल्द 21, पृ० 31.
6. द हिस्ट्री एण्ड कल्चर ऑफ इंडियन पिपुल, जिल्द 4, पृ० 45.
7. द वण्डर दैट वाज इंडिया, पृ० 70.
8. एन्सिएन्ट इंडिया, पृ० 377.
9. अर्थविनिश्चयसूत्र निबन्धनम्, पृ० 73.
10. वही, पृ० 83.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गणधरों की भूमि नालन्दा

साध्वी संप्रज्ञा

भारतवर्ष के आध्यात्मिक इतिहास में मगध का स्थान सर्वोपरि है। भगवान महावीर, तथागत बुद्ध- जैसे अध्यात्म के तेजः पूंज व्यक्तित्व मगध के गौरव की शाश्वत हस्तियाँ हैं। श्रमण संस्कृति के इन उन्नायकों के अपूर्व ज्योतिर्मय प्रकाश से सारा संसार जगमगा रहा है।

जिस प्रकार भारतीय शासन में गणतंत्र का विकास एवं प्रयोग सर्वप्रथम मगध के अंचल में हुआ, उसी प्रकार भारतीय धर्म, दर्शन तथा अध्यात्म के क्षेत्र में वैराग्य, संन्यास, अहिंसा, मोक्ष विचार आदि की विकासभूमि मगध एवं उसके आस-पास के अंचल रहे हैं। मगध की यह सांस्कृतिक विरासत आज भी भारतीय जन जीवन के उदात्त चिन्तन एवं ऊर्ध्वमुखी विकास की कहानी प्रस्ततु कर रही है।[1]

आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक दृष्टि से मगध के शिखसयमान होने में नालन्दा की महत्वपूर्ण भूमिका को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। हिन्दू, जैन और बौद्ध तीनों संस्कृतियों का संगम स्थल तथा विश्व प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र नालन्दा विश्वविद्यालय के रूप में इस स्थल ने न केवल मगध अपितु पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। सूर्य पूजा के लिए नालन्दा जहाँ पुरातन काल से प्रतिष्ठित है वहीं तथागत के परम प्रिय शिष्य सारिपुत्र और मौद्गल्यायन[2] तथा महावीर के प्रियतम शिष्य गौतम गणधर की जन्मभूमि-कर्मभूमि[3] के रूप में भी यह स्थल पवित्र एवं पूजित है।

जैन इतिहास एवं परम्परा में ''तीर्थंकर'' शब्द जितना ही प्राचीन एवं अर्थपूर्ण है उतना ही ''गणधर'' शब्द भी है। तीर्थंकर, तीर्थ अर्थात् संघ, साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका रूप तीर्थ के निर्माता होते हैं, श्रुतरूप ज्ञान के पुरस्कर्त्ता होते हैं, और गणधर संघ की मर्यादा, व्यवस्था,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समाचारी के नियोजक, व्यवस्थापक होते हैं तथा तीर्थंकरों की अर्थ-रूप-वाणी को सूत्र रूप में संकलित करने वाले होते हैं। आचार्य भद्रबाहु के शब्दों में-अत्थं भासई अरहा, सुत्तं गुंफई गणहरा निउणा।

विशेषावश्यक भाष्य टीकाकार आचार्य मल्लधारी हेमचन्द्र के अनुसार- उत्तम ज्ञान दर्शन आदि गुणों को धारण करने वाले गणधर होते हैं।[4] जो धर्म गण को धारण करता है वह गणधर है, जो तीर्थंकर द्वारा अनुज्ञात गण को धारण करते हैं, वे गणधर हैं।[5] इस अर्थ में तीर्थंकर के पश्चात् ''गणधर'' पद का होना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह पद तीर्थंकरों द्वारा योग्य शिष्यों को प्रदान किया जाता है। तीर्थंकर गणधर से संपृक्त होते हैं। आवश्यक चूर्णिकार का सटीक कथन है कि - जो तीर्थंकर गणधरों को तैयार करते हैं वे तीर्थंकर हैं। गणधर भाव तीर्थ है, अतः तीर्थंकरों के लिए यह उचित ही कहा गया है कि वे भावतीर्थ का प्रकाशन करते हैं।[6] ऐसे परज्ञानी धर्माचार्यों की वन्दना सम्पूर्ण जनवाङ्‌मय में की गई है।

भगवान महावीर की धर्म शासन व्यवस्था में प्रभु के अतिरिक्त उनकी शिष्य व्यवस्था की अपनी महत्ता थी। इनकी शिष्य परम्परा में गणधरों का अतिविशिष्ट स्थान था। जिनेश्वर प्रभु महावीर की द्वादशांग वाणी के चतुर्थ अंग ''समवायांग'' में ग्यारह गणधरों की चर्चा आयी है - मूलतः गणधर ग्यारह थे और नौ गण थे। दो गणधरों की समान वाचना होने के कारण गण नौ रहे किन्तु कुल ग्यारह गणधर ही रहे हैं।[7] इन गणधरों के नाम इस प्रकार हैं:-

(1) इन्द्रभूति (2) अग्निभुति (3) वायुभूति (4) व्यक्त (5) सुधर्मा (6) मंडिक (7) मौर्यपुत्र (8) अकम्पित (9) अचलभ्राता (10) मेतार्य और (11) प्रभास।

कल्पसूत्र में गणधरों के नाम, आयु उनकी शिष्य-संख्या, माता-पिता, जाति गोत्र जन्मस्थान, निर्वाण समय और निर्वाण भूमि का उल्लेख आया है किन्तु इसमें से अधिकांश की उपलब्धियों की जानकारी नहीं मिलती है। एक प्रमुख तथा धार्मिक महत्व का तथ्य यह है कि सभी ग्यारहों गणधरों की निर्वाण भूमि राजगृह थी। राजगृह मगध की पुरातन राजधानी रही है तथा नालन्दा के समीप में ही है। कल्पसूत्र की टीकाओं, विशेषकर ''कल्पलता'' में भी गणधरों की चर्चा आयी है। कल्पसूत्र के तीन भाग (I) जिनचरित्र (II) समाचारी (III) स्थरावली के अन्तर्गत भगवान महावीर के नौ गण और ग्यारह गणधरों का उल्लेख मिलता है।[8] ये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सभी द्वादशांगी और चौदह पूर्व के धारक थे। ये गणधर राजगृह नालन्दा के अतिरिक्त अन्य स्थलों के भी थे।

इन ग्यारह गणधरों में इन्द्रभूति और सुधर्मा के अतिरिक्त अन्य सभी गणधरों ने भगवान महावीर के जीवन काल में ही मोक्ष प्राप्त कर लिया था। वर्तमान में जो श्रवण संघ है वह आर्य सुधर्मा की परम्परा में है, शेष गणधरों की आचार्य परम्परा विच्छिन्न है।[9] पंचम गणधर आर्य सुधर्मा के शिष्य आर्य जम्बू स्वामी राजगृह के ऋषभदत्त के पुत्र थे। कल्पसूत्र की वाचना के अनुसार इन्द्रभूति गौतम भगवान महावीर के सबसे प्रिय एवं ज्येष्ठ गणधर थे। वे अपने युग के अपनी परम्परा के एक समर्थ एवं प्रभावशाली विद्वान थे। किन्तु आगम ग्रंथों एवं कल्पसूत्र तक में इस तथ्य की कहीं भी कोई चर्चा नहीं है कि इन्द्रभूति जैसे प्रखर मेधावी, उद्भट विद्वान भगवान महावीर के पास किस कारण आये, कैसे प्रबुद्ध होकर प्रव्रजित हो गए? आवश्यक निर्युक्ति के अनुसार गणधरों की शंकाओं का समाधान भगवान महावीर ने किया, पश्चात् ये प्रव्रजित हुए।[10]

नालन्दा अत्यन्त पवित्र भूमि रही है। इस भूमि को भगवान महावीर और भगवान बुद्ध का स्नेह और सामीप्य प्राप्त था। इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति प्रथम तीन विशिष्ट गणधर सगे भाई थे और नालन्दा के ही थे। सभी महान आयार्च थे तथा इनकी निर्वाण भूमि राजगृह थी।

जैन आगमों में महावीर के साथ के अन्य शिष्यों के संबंध में वर्णन आया है, लेकिन इन्द्रभूति गौतम का उल्लेख विस्तार से आया है।

आर्य सुधर्मा श्रमण दीक्षा के पूर्व पावापुरी में हो रहे विशाल यज्ञ में सम्मिलित विशिष्ट विद्वानों में से गौतम के एक अभिन्न साथी हैं। एक ही दिन अपने अपने शिष्यों के साथ भगवान महावीर के नवस्थापित धर्म, संघ में गौतम स्वामी के बाद दस विद्वानों ने दीक्षा ली। वे ग्यारह गणधर हुए। सुधर्मा का इसमें पंचम स्थान है। सुधर्मा गौतम के गुरुभाई, बराबरी के विद्वान एवं श्रुतधार हैं।

सुधर्मा कहते हैं - गौतम उग्र तपस्वी है, दीप्त तपस्वी है महान तपस्वी है घोर तपस्वी है। सिर्फ तपस्वी ही नहीं, चार ज्ञान और चौदह पूर्व के ज्ञाता हैं, सर्वाक्षर सन्निपाती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है। श्रुतवाङ्.मय के ज्ञाता श्रुत केवली हैं। सुधर्मा गौतम के तेजस्वी शरीर का भी वर्णन अपने शिष्यों के सामने आदर पूर्वक करते हैं – गणधर गौतम के शरीर का संहनन वज्रऋषभनाराच है और संस्थान सर्वोतम समचतुरस संस्थान है। कसौटी पर कसने पर जैसे स्वर्ण रेखा चमकती है वैसे देदीप्यमान एवं प्रदमकेशर के समान समुज्ज्वल उनका शरीर है। उनका बाह्य दर्शन जितना आकर्षक सुन्दर तेजस्वी है अंतरंग जीवन भी ओजस्वी उदार घोर गुण युक्त, घोर ब्रह्मचारी, विपुल तेजोलेश्या का धारक है, तपोपूत है। ये ध्यान प्रकोष्ठ में प्रविष्ट रहते हैं।[11]

भगवान बुद्ध के परमप्रिय शिष्य सारिपुत्र की जिस प्रकार बौद्ध साहित्य में महत्ता वर्णित है उसी प्रकार जैन साहित्य में नालन्दा के इस जैन आचार्य एवं भगवान महावीर के परमप्रिय शिष्य इन्द्रभूति गौतम का महाप्राण व्योव्यक्तित्व श्रमण परम्परा के समग्र गौरव का एक पिंडीभूति रूप है। भगवान महावीर के कालजयी-चिन्तन को, लोक कल्याणी गिरा को जो आगम का रूप दिया है, उसका श्रेय इन्द्रभूति गौतम को है।

इन्द्रभूति गौतम का जन्मस्थल मगध का एक छोटा सा ग्राम – गोबर ग्राम था।[12] उनकी माता का नाम पृथ्वी और पिता का नाम वसुभूति था। उनका गोत्र गौतम था। ये ब्राह्मण थे।

जैनाचार्यों ने गौतम का व्युत्पत्तिजन्य अर्थ करते हुए लिखा है – गोभिस्तमो ध्वस्तं यस्य,[13] बुद्धि के द्वारा जिसका अन्धकार नष्ट हो गया है वह गौतम है। वैदिक साहित्य में गौतम नाम कुल से और ऋषियों से सम्बद्ध रहा है।[14] ऋग्वेद में गौतम के नाम से अनेक सूक्त मिलते हैं। वैसे गौतम नाम से अनेक ऋषि, धर्म सूत्रकार, न्यास शास्त्राकार आदि हो चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में गौतम किस गौत्र के थे, अर्थात किस ऋषि के वंशज थे, कहना कठिन है। यह मान्य है कि गौतम गोत्र के महान गौरव के अनुरूप ही उनका व्यक्तित्व अत्यन्त विराट एवं प्रभावशाली था। उनकी विद्वत्ता सर्व चर्चित थी। उनके पाँच सौ शिष्य थे जो उनके मार्गदर्शन में अध्ययन किया करते थे। इन्द्रभूति आयु में महावीर से ज्येष्ठ थे। महावीर लगभग 42 वर्ष के थे[15] उस समय इन्द्रभूति 50 वर्ष के थे।[16] दोनों के शरीर की ऊँचाई एक समान थी। इन्द्रभूति गौतम का शरीर अत्यन्त सुगठित एवं सुदृढ़ था। उनके मुख, नयन, ललाट, आदि पर अद्भुत ओज एवं चमक थी, वर्ण गौर था। उनका साधना विनय एवं व्यवहार में गौतम स्वामी का उदाहरण दिया जाता था।[18] सही अर्थों में वे बहुत बड़े साधक एवं तपस्वी थे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जिन पर प्रभु के विशाल श्रमणसंघ को गौरव था। उन्होंने जीवन के प्रारंभ में ज्ञान और श्रुत की आराधना की और उसके चरम शीर्ष को प्राप्त किया। दशवैकालिक के अनुसार वे दो दिन उपवास रखते और एक दिन भोजन करते थे। भिक्षाटन के पश्चात् जो मिलता उसे ही ग्रहण करते थे। इस क्रम में वे सर्वप्रथम महावीर को अपनी भिक्षा बताते, पारणे की आज्ञा लेकर अपने से लघु साधुओं को प्रेमपूर्वक निमंत्रित कर तब ग्रहण करते थे।[19]

उत्तराध्ययन से गौतम की दिनचर्या की जानकारी हो पाती है।[20] यह अत्यन्त कठोर थी। उनकी तपश्चर्या के साथ शान्ति एवं सहिष्णुता का मणिकांचन संयोग था। कामना, अशंसा, परलोक की वितृष्णा एवं यशः कीर्ति की अभिलाषा से परे होकर गौतम को तप कर आत्म-ज्योति को दिखाना था।[21] उन्होंने आत्मशोधन के लिए ही तप किया। वे उर्ध्वरेता ब्रह्मचारी एवं विदेहभाव युक्त थे। भगवांन महावीर का यह संदेश-"एगमप्पाणं संपेहास धुणे कम्म शरीरगं"[22] आत्मा को शरीर से पृथक समझकर कर्म शरीर को धुन डालो गौतम के मन में रम गया था और वे सतत् देह मुक्त भाव में विचरण करते हुए चिन्मय विशुद्ध आत्मा का चिन्तन करते रहते थे। गौतम स्वामी को विशिष्ट तपश्चरण के कारण जो लब्धियाँ प्राप्त हुई उनमें तेजोलब्धि (तेजोलेश्या) भी थी, और उसकी शक्ति बहुत ही प्रखर थी। किन्तु उनकी दृष्टि तो आत्मकेन्द्रित थी। शान्ति एवं वैराग्य में लीन थी और वे विश्व के प्रत्येक प्राणी को मित्र भाव से देखते थे।

गौतम को 'चौदसपुव्वि' कहा गया है। वे न केवल चौदह पूर्व के ज्ञाता थे अपितु उनकी रचना भी उन्होंने ही की थी।[23] गौतम अपने युग के महानतम तत्वज्ञानी, विशिष्ठ साधक और तपस्वी थे। एक विरल अध्यात्म योगी सिद्धिसम्पन्न साधक और विश्व कल्याण की उदग्र भावना से युक्त श्रमण श्रेष्ठ जिनका बाह्य व्यक्तित्व भी गौरवपूर्ण था और आंतरिक व्यक्तित्व तो अनन्यतम अक्षय गरिमा से मण्डित सिद्धिसम्पन्न एवं अपने युग का अद्वितीय भी कहा जा सकता है। अद्‌भुत ज्ञान गरिमा एवं दुरघर्ष तपः शक्ति के स्वामी होते हुए भी इनका हृदय बहुत ही सरल एवं विनम्र था।[24] ये जितने व्यवहार कुशल थे, उतने ही स्पष्ट वक्ता एवं निर्भीक शिक्षक भी थे। भगवान महावीर ने बताया है-धर्म का उपदेश करने वाले को निर्भय एवं समदृष्टि होना चाहिए, साथ ही उसे यह भी ज्ञान होना चाहिए कि जिसे उपदेश दिया जा रहा है, उसकी पात्रता क्या है, उसकी श्रद्धा एवं योग्यता क्या है?[25] गणधर गौतम की उपदेश शैली में इन गुणों का सामंजस्य था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गणधर गौतम के व्यक्तित्व की एक और विशेषता थी वे भगवान महावीर के प्रिय शिष्य होने के साथ-साथ विश्वस्त संदेशवाहक थे। भगवान प्रायः अपने शिष्यों को गौतम के माध्यम से ही संदेश दिया करते थे।[26] ऐसी अनेक घटनाएं हैं जो इस तथ्य के साक्ष्य हैं।[27] गौतम जितने आत्म साधना के प्रति निष्ठावान थे उतने ही लोक कल्याण की भावना से कर्त्तव्य के प्रति सतत् जागरुक रहते थे। इनका गुरू के प्रति सम्पूर्ण समर्पण ही इनके आदर्श जीवन का आधार था।[28] गौतम के हृदय में प्रभु महावीर के प्रति अत्यंत अनुराग था, स्नेह था। वे महान जिज्ञासु थे। इसी जिज्ञासा ने उन्हें यज्ञ मण्डप से भगवान महावीर की ओर मोड़ा, उन्हें याज्ञिक ब्राह्मण से श्रमणत्व का परिवेश दिया।

जैन आगमों में ऐसी सैकड़ों घटनाएं सुगुम्फित हुई हैं, जिनमें उनके बहुमुखी सार्वभौम व्यक्तित्व के आंतरिक गुण उजागर हुए हैं। उनके जीवन में ज्ञान और क्रिया के दोनों पक्ष सुदृढ़ और सबल रहें हैं। ज्ञान के साथ विनम्रता, सत्योन्मुखी जिज्ञासा, क्रिया के साथ सरलता, निरहंकारिता, भक्ति एवं हृदय की उदारता का अद्‌भुत सम्मिश्रण उनके जीवन दर्शन में प्राप्त होता है।

गौतम ने 50 वर्ष की आयु में दीक्षा ग्रहण की।[29] जिस दिन भगवान महावीर को कैवल्य की प्राप्ति हुई उसके दूसरे दिन उनकी प्रव्रज्या हुई लेकिन गौतम का भगवान के प्रति असीम स्नेह बंधन के कारण गौतम को तीस वर्ष तक कैवल ज्ञान नहीं हुआ।[30] कल्पसूत्र के अनुसार जिस रात्रि में भगवान महावीर को निर्वाण की प्रांप्ति हुई।

इन्द्रभूति गणधर को उसी रात्रि को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई।[31] महावीर के निर्वाण के बाद संघ के नेता के रूप में इन्द्रभूति गौतम का नाम आया, क्योंकि भगवान महावीर के संघ में वे सबसे ज्येष्ठ ज्ञान एवं तप साधना में अद्वितीय थे। किन्तु सर्वज्ञ हो चुके थे। अतः भगवान के उत्तराधिकारी गणधर सुधर्मा हुए। गौतम कैवल ज्ञान प्राप्त कर बारह वर्षों तक पृथ्वी पर विचरण करते हुए उपदेश करते रहे। गौतम के इस द्वादशवर्षीय सर्वज्ञ जीवन का विस्तृत विवरण अनुपलब्ध है। इतना ज्ञात है कि जीवन के अन्तिम समय में एक मास का अनशन कर वैभारगिरि पर्वत पर सिद्ध हुए। कल्पसूत्र में इन्द्रभूति की विस्तृत चर्चा आयी है लेकिन गणधरों के बारे में बहुत कम सूचना मिल पायी है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गणधरवाद का मूल सर्वप्रथम निर्युक्ति की एक गाथा में मिलता है। इसके अनुसार इन्द्रभूति का उल्लेख सर्वप्रथम गणधर के रूप में हुआ है।

(2) अग्निभूति - अग्निभूति इन्द्रभूति के अपने भाई थे और अध्यापन इनका प्रमुख कार्य था। दीक्षित होने के समय इनकी आयु 46 वर्ष की थी, तथा 500 छात्रों के आचार्य थे।

(3) वायुभूति - ये भी इन्द्रभूति के अपने भाई थे और प्रसिद्ध आचार्य थे। दीक्षित होने के समय इनकी आयु मात्र 42 वर्ष की थी। इनके शिष्यों की संख्या भी 500 थी।

ये तीनों सहोदर भाई नालन्दा के थे, जिन्होंने भगवान महावीर के चरणों में रहकर नालन्दा को जैन धर्म के एक केन्द के रूप में प्रतिष्ठित किया था। आज भी नालन्दा का कुण्डलपुर अपने इन सपूतों पर गौरवान्वित है। यहाँ नव निर्मित गौतम स्वामी का मन्दिर अपनी स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है।

भगवान के ग्यारह गणधरों में अन्य आठ गणधरों की संक्षिप्त जानकारी दे देना अपेक्षित होगा जिन्होंने धर्म प्रचार एवं प्रभु के वचनों को लोगों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। ये हैं -

(4) व्यक्त - ये कोल्लाग सन्निवेश के भारद्वाज गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनकी माता वारुणी एवं पिता धनमित्र थे। दीक्षा के समय इनकी आयु 50 वर्ष की थी।

(5) सुधर्मा - इनका भी जन्म स्थान कोल्लाग था। ये अग्नि वैश्यायन गोत्रीय ब्राह्मण थे। 50 वर्ष में ये दीक्षित हुए। ये भी प्रतिष्ठित आचार्य थे तथा इनकी शिष्य संख्या 500 थी। अग्निभूति की तरह ये भी पूज्य प्रशंसनीय रहे। भगवान के महापरिनिर्वाण के पश्चात् जैन संघों के नेतृत्व का भार सुधर्मा को ही मिला था।

(6) मण्डित (मण्डिक) - ये मौर्य संनिवेश के वसिष्ठ गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनकी माता विजयदेवा तथा पिता धनदेव थे। इनकी दीक्षा 53 वर्ष की आयु में हुई। ये भी आचार्य थे और इनकी शिष्य संख्या 350 थी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(7) मौर्यपुत्र - ये मौर्य संनिवेश के काश्यप गोत्रीय ब्राह्मण थे। दीक्षा के समय ये 67 वर्ष के थे तथा इनके शिष्यों की संख्या 350 थी।

(8) अकम्पित - ये मिथिला के गौतम गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनकी माता जयन्ती और पिता देव थे। दीक्षा-आयु 48 वर्ष थी तथा इनकी शिष्य संख्या 300 थी।

(9) अचलभ्राता - ये कोशल देश के हसीत (हरित) गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनकी माता का नाम नन्दा एवं पिता का नाम वसु था। दीक्षा आयु 36 वर्ष की थी तथा इनकी शिष्य संख्या 300 थी।

(10) मेतार्य - वत्स देश के तुंगिक सन्निवेश के आप कौन्डिन्य गोत्रीय ब्राह्मण थे। आपकी माता वरुणा देवा तथा पिता का नाम दत्त था। आपकी दीक्षा भी 36 वें वर्ष में हुई तथा आप 300 शिष्यों के आचार्य थे।

(11) प्रभास - आप राजगृह निवासी कौन्डिन्य गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम बल तथा माता का नाम अतिभद्रा था। इनके आचार्यत्व में 300 शिष्य थे।

भगवान महावीर के ये सभी गणधर ब्राह्मण कुल के थे और अपने-अपने क्षेत्र में आचार्य थे। इन सबों की समस्याओं का समाधान भगवान महावीर ने किया था, पश्चात् ये उनके शिष्य हो गए।[32]

ये गणधर भगवान के शिष्यों में सर्वाधिक महत्व के थे और इन्होंने जैन धर्म के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। आगमों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि भगवान महावीर और नालन्दा-पुत्र इन्द्रभूति गौतम के प्रश्नोत्तरों के आधार पर आगमों की रचना हुई। औपपातिक सूत्र, राजप्रश्नीय सूत्र, जम्बूदीप प्रज्ञप्ति एवं सूर्य प्रज्ञप्ति आदि उदाहरण हैं। वैसे आर्य सुधर्मा और उनके शिष्य जम्बू के प्रश्नोत्तरों का उल्लेख भी कुछ आगमों में हुआ है।[33] इसी पृष्ठभूमि में जैन धर्म में तीर्थंकरों के बाद गणधरों का पूरा आदर और सम्मान दिया गया है।

गणधरों को 'जिन' तो नहीं किन्तु 'जिन' सदृश अवश्य माना गया हैं "जिन नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पण जिन सरीखा एवा श्री सुधर्मा स्वामी जाणिए।"

भगवान महावीर रूपी हिमालय से निसृत जनवाणी-गंगा गौतम गणधर के श्रुतिकुण्ड में प्रविष्ट हुई है - अर्थात ज्ञान गंगा के धारक गौतम गणधर ही हैं - यथा "वीर हिमाचल से निकली, गुरु गौतम के श्रुतिकुण्ड ढरी है।"

अनेक ग्रन्थ, टीकाओं के मंगलाचरण गुरु गौतम के नाम से हुए हैं - कल्पसूत्र की टीका का मंगलाचरणः-

> अब्धिलब्धि कदम्बकस्यतिलाके निःशेष सूयावले।
> रापिडः प्रतिबोधने गुणवतां अग्रेश्वरो वाग्मीनाम॥
> दृष्टान्तो गुरुभक्तिशाली मनसां मौलिस्तपः श्री जुपाम्।
> सर्वाश्चर्यमयो महीष्ट समयः श्री गौतमस्तान् मुदे॥

तपश्री से युक्त, गुरुभक्तिशालीमानसों के लिए आदर्शस्वरूप वाणी के देवताओं में श्रेष्ठ, गुणीजनों में श्रेष्ठ, प्रतिबोध देने में अग्रेश्वर, लब्धियों के सागर, गुरु गौतम स्वामी आप सबको प्रसन्नता प्रदान करें।

पाद टिप्पणी

1. दिनकर, रामधारी सिंह, संस्कृति के चार अध्याय।
2. विनय पिटक, जि. । पृष्ठ 35, 36.
3. अभिधान राजेन्द्र कोष, पृष्ठ 815.
4. अनुत्तरज्ञानदेर्शनादि गुणानां गणं धारय नीति गणधर। विशे-भा-टीका, गा. 1062.
5. आवश्यक चूर्णि, पृष्ठ 86.
6. विशेषावश्यक भाष्य पत्र, 1047.
7. समवायांग सूत्र, 11,74, 78, 92.
8. कल्पसूत्र, पृष्ठ 215.
9. वही।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

12. मगहा गोव्वरगामे, आवश्यक निर्युक्ति, गा. 643, 659.
13. अभिधान राजेन्द्रकोष, भा. 3, गौतम शब्द।
14. स्थानांग 7.
15. कल्पसूत्र 116, आचारांग 2.
16. आवश्यक निर्युक्ति, गाथा 650.
17. उपासकदशांग, अ. 5.
18. जहा गोतमसामी- अनुत्तरोपपातिक (धन्य अनगार वर्णन)।
19. दशवैकालिक, अ. 5.
20. उतराध्ययन सूत्र, 25/12/8.
21. महातवे-त्ति। ओशंसादोष रहितत्वात् प्रशस्ततपा:।
22. आचारांग, 1/4/3.
23. समवायांग, 14/147.
24. उपासकदशांग, अ. 1, अन्कृतदशा, वर्ग 6.
25. आचारांग, 1/2/16.
26. भगवतीसूत्र, 7/2/8/10 आदि
27. उपासकदशांग 8, त्रिशष्टिश्लाका 10/19, श्लोक-166-167.
28. भगवतीसूत्र, 1417, उत्तराध्ययन सूत्र, 10/28.
29. आवश्यक निर्युक्ति।
30. भगवतीसूत्र 1017.
31. कल्पसूत्र-कल्पलता 215, 217.
32. आवश्यक निर्युक्ति।
33. भगवतीसूत्र 3/1, 3/3, 4/5.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लुंडी-सुतरी साधना विधि : सिद्ध परम्परा के मगध की अनमोल देन

रवीन्द्र कुमार पाठक

इस निबंध के प्रारंभ के पूर्व विज्ञजनों से निम्न बिंदुओं पर उदारतापूर्वक विचार करने का आग्रह करता हूँ। आजकल भारतीय विद्या-संबंधी शोध कार्य भी पाश्चात्य मानदंडों पर आधारित होते हैं। विदेशी-दृष्टि अविश्वास को सिद्ध करने की दृष्टि है, जिसमें किसी बाहरी व्यक्ति की भाँति अविश्वासपूर्वक खंडन की दृष्टि से सूचना संकलन कर विवेच्य-विषय को अव्यवस्थित घोषित कर दिया जाता है या अपने पाश्चात्य दृष्टि के मानदंडों के अनुसार गलत साबित कर दिया जाता है। धर्म एवं दर्शन के क्षेत्र प्रायोगिक हैं। सूचना संकलन या ऐतिहासिक सिद्ध के निमित्त तक इसे सीमित नहीं किया जा सकता। मेरी दृष्टि में अज्ञात अव्यख्यायित विषयों में सामग्री संकलन के उपरांत उसकी व्याख्या एवं उसकी पद्धति का निरूपण भारतीय दृष्टि का शोधकार्य होगा कि केवल सूचना संकलन या विश्लेषण मात्र। मैंने यहाँ सूचना को कम अपितु व्याख्या को अधिक महत्व दिया है। ''लुंडी सुतरी'' के बहाने मगध जिसका सदियों से केन्द्र राजगृह-नालंदा रहा है की सांस्कृतिक, धार्मिक जीवन शैली के एक उदाहरण की व्याख्या का प्रयास किया है। ऐसे अनेक प्रसंग प्रश्नाधीन हैं और व्याख्या की अपेक्षा रखते हैं।

सिद्ध-संत-परंपरा की परोक्ष विधियों को लोग समझ नहीं पाते और उल्टे पहले उपहास करते हैं और बाद में उसे व्यर्थ घोषित करार देते हैं। अतः ''लुंडी-सुतरी साधना विधि'' की व्याख्या के पूर्व समकालीन सामाजिक पृष्ठभूमि एवं प्रत्यक्ष तथा परोक्ष विधियों के मूल अंतर को समझ लिया जाए तो इस आलोक में व्याख्या को समझने में सुविधा होगी। कबीर एवं जोगियों के रहस्य पदों को समझ पाने एवं विरोधभाव के कारण उनकी पैरोडी (नकल) बनायी गयी और बाद में पैरोडी ने असली का स्थान ग्रहण करना प्रारंभ कर दिया। हजारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रसाद द्विवेदी जी ने अनेकत्र इस प्रक्रिया की चर्चा की है। ''कबीरा'' और ''जोगिरा'' नाम से होली के समय अनेक अश्लील पद गाये जाते हैं। इसी प्रकार की उपहास प्रक्रिया में ''लुंडी-सुतरी'' विधि को व्यर्थ कार्य का पर्यायवाची ही घोषित कर दिया गया। गोरखनाथ जी ने जब अनेक विधियाँ आविष्कृत की तो लोक-सुलभता से चिढ़ने वालों ने इस पद्धति को ''गोरखधंधा'' नाम दे दिया। गोरखधंधा उल्टे-सीधे कामों का पर्याय बन गया।[1] गोरखनाथ के समय एवं बाद के समय में बीजमंत्रों की जगह लंबे असांदर्भिक से लगने वाले वाक्यों को मंत्र का स्थान मिला। गालियों के रूप में प्रतिज्ञाएँ आयीं। सपेरों में आज भी यह प्रथा जीवित है। वैदिक एवं अन्य धाराओं ने विरोध किया क्योंकि वे स्वयं मंत्र की अपनी व्याख्या भूल गये थे। तब तक मंत्रों का पौराणिक अर्थ ही प्रचलित हो गया था, जो स्तुति के रूप में होता था।

वैदिक अर्थवाद को तो स्वीकार किया गया किंतु सिद्ध परंपरा के पदों को नहीं।[2] वैदिक मंत्र के लिए ज़रूरी नहीं है कि वे अनुष्ठान संबंधी अर्थ रखते ही हों। केवल उन्हें प्रयोग (अनुष्ठान) समवेत अर्थ (सामग्री या क्रिया) का स्मरण कराने वाला होना चाहिए। **प्रयोगसमवेतार्थस्मारका:मंत्रा:।**[3]

मगध में ''लुंडी-सुतरी'' को व्यर्थ कार्य का पर्याय माना जाता है। शहरी समाज के लोग तो ''लुंडी एवं सुतरी'' शब्द के अर्थ को भी नहीं जानते, उसके पीछे छिपे रहस्य साधन को क्या समझेंगे। यहाँ इस रहस्यमय पक्ष को प्रकट करने का प्रयास किया जा रहा है।

मगध का संपूर्ण भारत ही नहीं अन्य देशों में भी धार्मिक, सांस्कृतिक प्रभाव रहा है। बार-बार अग्रणी होने के भीतर ही पतन का तथ्य छुपा हुआ रहता है। विध्वंस, आक्रमण आदि ने तो मगध को बरबाद किया ही साधना में भी परवर्ती धारा ने पूर्ववर्ती को ध्वस्त करने का सिलसिला जारी रखा। सिद्धपंथ संगठित भिक्षुसंघ की जड़ता के विरुद्ध समन्वयवादी एवं तत्ववादी रूप से विकसित हुआ, जिसका प्रभाव संपूर्ण योगधारा ही नहीं निर्गुण एवं सगुण उभयविध भक्तिमार्गी संतों तक पर रहा। सहजयान के समानांतर बज्रयान चलता रहा और पोथी (लिखित ग्रंथों) के विरुद्ध खड़े होने पर भी सिद्धपरंपरा एवं सहजयान में भी ग्रंथ लिखे गये। बहुत बारीकी से खोजें तो सहजयान एवं बज्रयान परंपरा को अलग करना असंभव हो जायेगा। नामपंथ पर सभी दावेदार हैं। परंपरागत वैदिक, बौद्ध एवं कुछ सीमा तक जैन में भी थोड़ा-थोड़ा अंतर मिलता है। इसी समन्वयवादी पृष्ठभूमि में आगे चर्चा होगी।[4]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यहाँ उद्देश नामोलेख मात्र ही अपेक्षित है क्योंकि यह निबन्ध सामान्यतः विधि के विषय में, विशेषतः परोक्ष-विधि के संबंध में और अंततः "लुंडी-सुतरी" विधि के विषय में है।

थेरवाद या पालि-परंपरा विश्लेषणात्मक प्रकृतिवाली है। अभिधम्म साहित्य में सभी धम्मों को विविध वर्गों एवं उपविभागों में विभक्त कर गिना जाता है। इसलिए इस परंपरा को विभज्यवादी भी कहा गया है। धातु, आयतन सामान्य विभाग हैं। कुशल अकुशलादि चित्त धम्म है। इस पद्धति से नैरात्म्य की उपलब्धि लक्ष्य है दुःखहानि परिणाम हैं जो अंतिम लक्ष्य है।[5] विश्लेषण में यथार्थरुपता का सर्वाधिक महत्व है। ताकि एक को दूसरे से पृथक समझा जा सके। यह प्रक्रिया प्रारंभ से अंत तक चलती है। मिथ्यादृष्टि दूर करने का उपाय वि+पश्यना है यथातथ्य देखना है। इस कारण मैंने इसे प्रत्यक्ष विधि का नाम दिया है। इससे भिन्न परोक्षविधि होती है। प्रत्यक्ष एवं परोक्ष विधियाँ अनेक परंपराओं में हैं। किंतु यहाँ बौद्ध-परंपरा प्रासांगिक होने से उसी की चर्चा की गयी है। बौद्ध परंपरा में परोक्षविधि के औचित्य अनौचित्य की चर्चा सर्वप्रथम सद्धर्म पुण्डरीक में[6] प्राप्त होती है। भगवान बुद्ध पर असत्य भाषण का आरोप लगता है और इसी प्रसंग में राज के महल में आग लगने पर अजरथ, माहिष रथादि देने की चर्चा होती है।

महायान, वज्रयान, परंपरा में लोक कल्याण हेतु अकुसल कर्मों का भी आश्रय लिया जाना मान्य है। अकुसल कर्म करें न करें किंतु प्रकारांतर से उपदेश एवं शासन वहाँ इसी सिद्धांत पर स्वीकृत है जिसकी जातक कथाओं में अनेकत्र संगति बनायी गयी हैं यह जरूरी नहीं है कि बात सीधे-सीधे ही कही जाय। उसे विनेय (साधक) के अनुकूल बनाने के लिए घुमाकर भी बताया जा सकता है।

इस प्रकार विधियाँ जब परोक्ष हो जाती हैं तब उन विधियों के बाह्य स्वरूप मात्र से उनका औचित्य प्रतिपादित नहीं हो पाता। उसमें भी जब कोई सामान्य सांसारिक कर्म हो तो अध्यात्म साधना जैसे महान कार्य का अंग मानना लोगों को जँचता ही नहीं है। "लुंडी-सुतरी" जैसे कार्य को ध्यान विधि के रूप में स्वीकार कर पाना अत्यंत ही कठिन है।

महायान से आगे बढ़कर सहजयान एवं सिद्ध परंपरा ने यह स्वीकार कर लिया कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हर रोजी रोटी के साधन एवं उसकी प्रक्रिया को थोड़ा संशोधित कर योग मार्गानुरूप बना दिया जाय। चौरासी सिद्धों में अनेक ने स्वयं अनेक विधियों का अवलंबन किया और प्रायः सिद्धगण विविध रोजी-रोटी के साधनों में लगे रहे। सरहपाद ने अपने लिए तीर बनाने का काम चुना तो अन्य ने भी विविध उपाय किये।

तिब्बती परंपरा ने सिद्धों के वृत्तान्त के साथ उनकी विविध आजीविकाओं की भी चर्चा की है। यह आजीविका राज्य संचालन से लेकर अध्यापन एवं गणिका की शारीरिक सेवा तक स्वीकृत है।[7] सामान्य उत्पादक शिल्पादि की तो बात ही और है।

अब "लुंडी-सुतरी" की प्रक्रिया एवं उसकी साधना-विधि होने की चर्चा की जायेगी। सन के रेशे से सुतरी बनाना किसानों में प्रचलित खाली दिनों का अत्यंत सुंदर उत्पादक कार्य है। कपास से सूत बनाना एक आध्यात्मिक साधना के रूप में 50 वर्ष पूर्व तक ब्राह्मणों में भी प्रचलित था।

महायान परंपरा में मंत्रयान बाद में जुड़ा भावना पहले, यह सर्वविदित है। पारमिता-साधना में संकल्प है, भावनाएँ हैं।[8] इसके बाद योगाचार के कारण शरीर-क्रिया-विज्ञान एवं नाड़ी-विज्ञान भी बज्रयान में आये, जिसमें मंत्र-मंडलादि का समावेश था। यह उपासना पद्धति भावना क्रिया एवं सामग्री-प्रधान है।[9] भावना के परिपक्व होने पर विविध भूमियों का लाभ होता है जो ध्यान, समाधि, समापत्ति आदि के रूप में अन्यत्र वर्णित अवस्थाओं से साम्य रखती हैं।

लुंडी-सुतरी-विधि में मंत्र-प्रयोग पता नहीं कब लुप्त हो गया है। धारणा विज्ञान, नाड़ी विज्ञान, कम्मट्ठान की विधा का यहाँ प्रयोग है, जिसे तंत्र के अन्य व्यवस्थित ग्रंथों की मदद से समझा जा सकता है। इसके लिए "विज्ञान-भैरव-तंत्र" की मैंने मदद ली है। सिद्ध-परंपरा में "पाद" या "पा" शब्द का प्रयोग होता है तो दूसरी तरफ नाथ परंपरा एवं जैन परंपरा में "नाथ" शब्द का प्रयोग होता है। वेद-समर्थक परंपरा में भी नाथ शब्द प्रचलित हैं अतः समन्वयवादी धारा के अनुष्ठान की व्याख्या भी समन्वयवादी सिद्धांतों के अनुरूप की गयी है।

एकाग्रता ध्यान का प्रारंभ है, जिसे विविध परंपराओं में माना है।[10] तंत्र ने चित्त को एकाग्र करने की अनेक विधियाँ विकसित की हैं। एकाग्रता किसी भी भावना का पूर्वाधार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है। एकाग्रता का आलंबन जितना सूक्ष्म होता है एकाग्रता उतनी ही परिष्कृत होती है। ''लुंडी-सुतरी'' में मुख्य रूप से एकाग्रता की साधना है, जिसके साथ अन्य रहस्य भी समाविष्ट हैं। इसका सूक्ष्म आलंबन आकाश, निर्भरता एवं शून्यता है। स्थूल आलंबन सफेद रंग घूर्णन एवं परिवर्तनशीलता है।

साधना प्रक्रिया को समझने के पहले सुतरी बनाने एवं लुंडी बनाने की प्रक्रियाा को ध्यान में रखना होगा। इनसे जुड़ी सामान्य लोकाचार की मान्यताओं को भी ध्यान में रखना होगा।

सुतरी सामान्यतः जूट-पटसन की रस्सी को कहते हैं। रस्सी के छोटे गोल बंडल को लुंडी कहते हैं पतली रस्सी जो पहली बार तैयार होती है वह है सुतली, अर्थात जो सूत से मोटी है। आमतौर पर सुतली का व्यास आधे से. मी. से कम होता है। यह सन एवं पाट/पटुआ इन दोनों पौधों के छिलके से निकलने वाली रेशेदार सामग्री से तैयार की जाती है। मोटी रस्सी के लिए पटुआ एवं पतली सुतली के लिए सन के रेशों का उपयोग होता है। सन के उलझे हुए रेशों का काँख में दबाने लायक पोटली बनायी जाती हैं और कपड़े के भीतर रखकर बांयी काँख में दबाते हैं जैसे एक मोटी पूनी की तरह पोटली हो। तकली से धागा बनने की भाँति ऐंठन के द्वारा सुतली का निर्माण होता जाता है। यह सुतली निर्माण की सामान्य प्रक्रिया है। सुतली बनाने के बाद उसका जो बंडल बनता है, उसे ''लुंडी'' कहते हैं। दो सुतली का दोगुन, तीन का तिगुन इस प्रकार आवश्यकतानुसार रस्सी निर्माण की प्रक्रिया चलती है।

इस सामान्य प्रक्रिया के साथ ध्यान, ज्योतिष, तंत्र हठयोग लोकाचार के नियम ज्ञात-अज्ञात रूप से चलते रहते हैं। अब आगे उन सिद्धांतों के साथ इस अनुष्ठान की चर्चा की जायेगी।

बौद्ध परंपरा की चुनौती संसार की चुनौती है मन की चुनौती है जो भीतर बाहर उलझा हुआ है।

अंतोजटा बहिजटा जटाय जटिता पजा।
तं तं गोतम पुच्छामि, को इमं विजटये जटं ति।।[1]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पालि परम्परा के अनुसार इसके लिए शील में प्रतिष्ठित होकर प्रज्ञा एवं चित्त की भावना करनी होगी। भिक्षु को आतापी और परिपक्व भी बनना होगा।

इससे भिन्न महायान एवं तंत्र परंपरा में अनेक उपाय किये जायेंगे। ताकि बोधिचित्त का उत्पाद आसानी से हो सके एकालंबन में ही न केवल एकाग्रता सिद्ध हो अपितु चित्त ही कुछ एक क्षणों के लिए डूब जाय। जिससे शून्यता का प्रारम्भिक बोध हो सके और गुरु शून्यता के उस अल्पकालिक अनुभव की ओर अंगुलि निर्देश कर बता सके कि वत्स यही है उसकी झलक। इस शून्यता संबंधी निर्देश के लिए अनुष्ठान की पूरी संरचना की जाती है। ऐसी सामग्री एवं प्रक्रिया की जाती है ताकि संसार की जटिलताओं की व्याख्या की जा सके।

सन का गुच्छा भीतर एवं बाहर दोनो प्रकार गुँथा हुआ है। अत्यल्प पतला सुकोमल स्वच्छ होने पर भी अनेक प्रकार की सामग्रियों का उपादान बनता है। आप चाहे त्रिवृत्तीकरण करें या पंचीकरण।[12] विभज्यवादी के लिए सन की जटाओं एवं संसार की उलझन को अलग-अलग समझना पृथक करना (विपश्यना) जरूरी है। तांत्रिक शून्यतावादी भावना एवं योग बल से सन की जटाओं की भाँति उलझे संसार का लय करके सुतली जैसी उपयोगी सृष्टि कर लेता है और एकाग्रता तथा ज्ञानरूपी प्रज्ञा की उसे उपलब्धि होती है। इस प्रकार प्रज्ञा एवं उपाय के विनिश्चय से सिद्धी सहजयान में प्राप्त होती है। यही सहजयान एवं सिद्धपंथ की सहजता है। जो नहीं समझ पाने के कारण सामान्य जनों को जटिल लगती है। सुतली दो लट की कमजोर एवं तीन लट की मजबूत मानी जाती है। यह लोक परंपरा है यह संसार के त्रिगुणात्मक की व्याख्या है। तंत्र परंपरा में त्रिगुणात्मक स्वीकृत है। बंधन अनेक प्रकार के हो सकते हैं। परिवार गृह, शयन आदि के राग तत्व वहाँ प्रधान हैं किंतु इसमें ऋतु नक्षत्र आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। अतः सुतली निर्माण का कार्य पंचाग के अनुरूप एवं स्वतंत्र दोनों प्रकार से प्रचलित है।

मैं यहाँ तत्काल केवल ध्यान प्रक्रिया की चर्चा कर रहा हूँ।

विज्ञान-भैरव-तंत्र में घूर्णन संबंधी धारणा है।[13] सामान्य सिद्धांत है कि किसी भी घूर्णनशील सामग्री पर यदि आप ध्यान केन्द्रित करें तो चित्त की चंचलता समाप्त होकर शून्यभाव को

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपलब्ध होगा। तेजी से सात रंगों के चक्के को भी घुमाया जाय तो वह सफेद दिखता है और सफेद तंतुओं को तो देखना भी कठिन हो जाता है। यह अवस्था अस्तित्व, आभास, संघट्ट एवं निर्मिति की संक्रमणकालीन अवस्था है। संसार सामग्री से संसार-पट का निर्माण इसी प्रकार होता है। सन के रेशे सूत हैं और नहीं भी हैं क्योंकि संसार परिवर्तनशील है जैसे कि रेशे से रस्सी में रूपांतरण हो रहा है। यह प्रथम दशा है। तदनंतर जब इस भावना के साथ सुतली निर्माण की प्रक्रिया को देखते हैं तो द्रष्टा का अहंकार इस आवर्तन में लुप्त होता जाता है। धागों में मंत्रों का न्यास किया जा चुका है। सारे मंत्र घूम रहे हैं। सुतली बनाने वाला रेशों की पोटली को बाई काँख में कसकर पकड़े हुए है ताकि दाहिनी साँस (पिंगला) ही चले, यह सूर्य नाड़ी के प्रकाश भी बहिर्मुखी हैं। इस विधि से प्राण को नियंत्रित किया जा रहा है। इसी कार्य के लिए योगी लोग योगदंड का प्रयोग करते हैं। बाई काँख में इड़ा नाड़ी रहती है उसी को दबाया जाना है। रेशों के गुच्छे की पोटली को दबाया जा रहा है और हो रहा है नाड़ी शोधन का कार्य।[14] गति संबंधी कार्य में दाहिनी नाड़ी अनुकूल होती है।

नाड़ी की गति, श्वास की गति को मनोनुकूल दिशा में बदलने के लिए योगी लोग योगदंड लकड़ी के हत्थे का उपयोग करते हैं। सुतली बनाते समय के चर्चापद (गीत) अब लुप्त हो गये हैं। उन गीतों की खोज में मैं हूँ उससे और बातें स्पष्ट होगी। जब कभी लोगों को फुरसत का क्षण होता है विशेषकर दोपहर के भोजन के बाद लोग सुतरी बनाने का काम करते हैं। इससे भोजन ठीक से पचता हैं दाहिनी साँस चलने पर अग्नि तीव्र रहती है। यह योग सिद्धांत है।[15]

आज अन्य प्रक्रियाएँ तो हैं किंतु चर्चापद (गीत) सिद्धों के न होकर अपनी मौज के हैं और शून्यताबोध के प्रति ऊंगुली निर्देश करनेवाला कोई गुरु नहीं है और समय के अंतर से मशीनों के प्रभाव में लुंडी-सुतली वाले भी नहीं बचे हैं।

"लुंडी-सुतरी" का अपना कर्मकांड है और मान्यताएँ हैं। विशेषकर खाट बनाने एवं छप्पर बाँधने के संदर्भ में। खाट के गीत धीरे-धीरे लुप्त हो रहे हैं किंतु यंत्र-मंडल की आकृतियाँ अब भी बनायी जाती हैं विस्तारभय से इसका वर्णन नहीं किया जा रहा है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

"लुंडी-सुतरी" का कार्य अत्यंत पवित्र भाव से मुख्यत: बरसात के बाद के दिनों में किया जाता है जब किसानों का खाली समय तो रहता ही है वर्षा ऋतु के उत्तरार्द्ध में कफ का संचय एवं पित्त का प्रकोप बना रहता है। दिन में भी भोजन के बाद नींद सताती है और शरीर में पित्त प्रधान कफ जन्य विकार होने की आशंका रहती है।[6] इसी कारण दिवाशयन के आकर्षण एवं चन्द्रनाड़ी की सक्रियता की मुक्ति तथा जठराग्नि को तीव्र करने की दृष्टि से भी इस प्रक्रिया की सार्थकता है। बाईं काँख दबाव से सूर्य नाड़ी सक्रिय हो जाती है। सुतली निर्माण केवल मध्याह्न काल में विहित है। यही परंपरा भी है। आजकल भी लोग इसी समय में जो धान की रोपाई एवं निराई के बाद का खाली समय होता है और तेज धूप में काम करना अस्वास्थ्यकर होता है उसी समय यह कार्य करते हैं। जो पूर्णत: इसी को व्यवसाय बना लें, सहायक उत्पादक कार्य उन पर यह नियम लागू नहीं होता। पूरी प्रक्रिया स्वास्थ्यवर्द्धक एवं साधनापरक होकर भी रहस्यज्ञान के अभाव में प्रारंभ में अहंकार को नहीं बढ़ाती है। अपितु एकाग्रता तथा शून्यता के साक्षात्कार रूपी निर्मल ज्ञान को देती है। दुर्भाग्य से इसे ठीक से नहीं समझ पाने एवं सुतली कातते समय भी ध्यान साधना छूट जाने के कारण यह आम जनों की दृष्टि में फुर्सत के क्षणों में अर्थात व्यर्थ के समय में किया जाने वाला और व्यर्थ कार्य लगने लगा। बाद में "लुंडी-सुतरी" व्यर्थ कार्य का पर्याय ही बन गया क्योंकि समान्यजन की दृष्टि में विशिष्ट अनुष्ठान ही अध्यात्मिक साधना हो सकती है जबकि सिद्ध परंपरा में गोरखनाथ जी की स्पष्ट उक्ति है- "हँसिबा खेलिबा धरिबा ध्यानम् हँसे खेले न करे मन मंग। ते निहचल सदा नाथ के संग"।[17]

इस विवेचन से स्पष्ट है कि जैसे सिद्धों ने अपने लिए भिक्षाटन से भिन्न आजीविकाओं को जीवन-निर्वाह का आधार बनाया उसी प्रकार समाज में प्रचलित विविध उत्पादक या लोकरंजक (मनोरंजक) कार्यक्रमों को संशोधित कर उसे ध्यान आदि साधना प्रक्रिया के रूप में रूपांतरित कर दिया। परंपरा में प्रचलित होने के कारण लोगों के लिए ऐसे अभ्यास अत्यंत सहज अनुभूत हुए। यही सहजयान की सार्थकता है और लोक "सुलभ" होने के कारण ऐसी विधियाँ आम जनता के लिए वरदान तुल्य रहीं। चूँकि साधना का अभ्यास करते हुए उसके रहस्यों को जानना साधक के लिए अनिवार्य रहा इसलिए मैंने "लुंडी-सुतरी" विधि को परोक्ष-विधि माना है, जिसकी व्याख्या करने का यथासंभव मैंने प्रयत्न किया है।

दर्शन, साधना एवं संस्कृति के क्षेत्र में मेरी दृष्टि से वास्तविक शोध का कार्य व्याख्या

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

का कार्य है, संगति बनाने का कार्य है, केवल सूचना संकलन तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, आशा है, विद्वजन मेरे निवेदन पर विचार करेंगे और मगध क्षेत्र ही नहीं संपूर्ण एशिया की रहस्यवादी परंपरा की श्रद्धा विश्वास पूर्वक व्याख्या का प्रयत्न करेंगे।

पाद टिप्पणी

1.(क) पं० हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों में अनेकत्र चर्चा है।

(ख) **मरो हे जोगी मरौ**, आचार्य रजनीश, पृ० 45.

2.(क) "प्रयोग समवेतार्थ-स्मारकाः मंत्राः। अर्थ संग्रह, **जैमिनीय सूत्र**।

(ख) चित्तं मंत्रः। प्रयत्नः साधकः। गुरुरूपायः। शरीरं हविः। **शिव सूत्र**।

3. **अथर्ववेद** एवं **तंत्रशास्त्र**।

4. तुलना करें बौद्ध सिद्धों की सूची एवं नामपंथ के सिद्धों की सूची।

(क) सांकृत्यायन, राहुल, **पुरातत्व निबंधावली**, किताब महल, प्रयाग।

(ख) आचार्य श्री, अभयदत्त, **चौरासी सिद्धों का वृतान्त**, केन्द्रीय तिब्बती संस्थान, सारनाथ, वाराणसी।

5. अनत्तपरियायो, महवग्ग, महाक्खन्धक।
देखें **धम्मसंगिनी**, **अभिधम्मत्थसंगहो** एवं अन्य अभिधम्म-ग्रंथ। **सतिपट्ठानसुत्त**, **विसुद्धिमग्ग**।

6. संदर्भ पुण्डरीक-औपम्य-परिवर्त की विविध उपमाएँ एवं कथाएँ।

7. **चौरासी सिद्धों का वृतांत**, तिब्बती संस्थान, सारनाथ, वाराणसी।

8. **दशभूमिक सूत्र**, (दसो प्रतिज्ञाएँ) मिथिला विद्यापीठ, दरभंगा।

9. **गुह्य समाज तंत्र**, साधनाक्रम, मिथिला विद्यापीठ, दरभंगा।
मंजुश्रीमूलकल्प के विविध पटल जैसे उत्तमपटविधान मुद्राविधिः मुद्रामंडल सर्वकर्मविधि पटल आदि। मिथिला विद्यापीठ, दरभंगा।

10.(क) देशबन्धश्चितास्य धारणा। विभूतिपाद-2 पातंजल योगसूत्र तत्र प्रत्येकतानता ध्यानम।-विभूतिपाद-2 पातंजल योगयूत्र सर्वाथतैकाग्रतयोंः क्षमादयौ चित्त समाधि-परिणामः। 3/11/-योगसूत्र।

(ख) वितक्कविचारपीतिसुखेकग्गतासहितंपठमं झानं कुसलचित्तं अभिधम्मत्थसंगहो, प्रथम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिच्छेद।

(ग) ध्यानद्रुमफलप्राप्ता बोधंतामागतं मन:।
ब्रज्रसारां स्थितिं धत्ते छिन्नप्रक्ष्इवाचल:।। **योगवाशिष्ठ**, निर्वाण-प्रकरण।

11.(क) **संयुक्त निकाय**, 1-14.

(ख) सम्यक्सम्बोधिचित्तमुत्पादयितुमुप्रक्रमते ते बोधिसत्वशिक्षायामानुपूर्व्या यथा स्थिता:।।
बोधिचर्यावतार तृतीय: परिच्छेद-22.

12. त्रिभिर्गुणमयैभविरेभि: सर्वमिदं जगत। **भगवद्गीता।**
अस्ति भाति प्रियम् रूपं नाम चेत्यंशपंचकम।
आद्यत्रयं ब्रह्मरूपं जगदूपं ततो द्वयम्।। **वाक्यसुधा।**
एतान्येव सूक्ष्मभूतानि तन्मात्राण्यपंचीकृतानी चोच्यन्ते।। **वेदान्तसाइ**, 59.
सत्वाशै: पंचभिस्तेषां क्रमाद्धन्द्रियपंचकम्।
श्रोत्रत्वगक्षिरघ्राणाख्यमुपजायते।।

13. विज्ञान-भैरव,
इन्द्रजालमयं विश्वं व्यस्तं वा चित्रकर्मवत्।
भ्रमद्वा ध्यायत: सर्व पश्यतश्च सुखौद्गम:।। **का० सं०**, 102.
इसके साथ अन्य बातों का समावेश समझने के लिए देखें **का० सं०**, 60 एवं 35.

14. इडा वामे. स्थिता भागे पिङ्गला दक्षिणे स्मृताँ''
सुषुम्ना मध्यदेशे तु गांधारी वामचक्षुषि। 38'' शिवस्वरोदय।
शक्तिदीप: स्थितश्चन्द्रो बामनाड़ी प्रवारक:।
दक्षनाड़ी प्रवाहश्य शम्भुरूपो दिवाकर: 52'' शिवस्वरोदय
गत्यभ्यासे यंत्र-तंत्रे दुर्गपर्वतरोहणें-पिंगला नाड़ी फल, शिवस्वरोदय
चण्डा प्रज्ञा वामनाड़ी आलिरूपा उपायो दक्षिण नाड़ी...। हेबज्रतंत्र टीका:, **बौद्ध तंत्र कोश**, सारनाथ, पृ० 38.

15.(क) वक्षनाइया समाकृष्य बहिस्ठं पनं शनै:
यर्थेष्ट पूर्स्येद्वायुं रेचयेदिंडिया तुत:।।
कपाल शेधने वापि रेयचेत्पवनं शनै:
चतुष्कं वातदोषं तु कृमिदोषं निहन्तिय।। **घरण्ड संहिता**, प्राणायाम प्रकरणं।

(ख) सूर्यप्रवाटे प्रवदन्ति विद्या

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ज्ञानं ह्यगम्यस्थ तु निश्चयेन ।।8।। शिवस्वरोदय

(ग) मैन, एलेक्स वे, बुद्धिष्ट तंत्राज, भौल्युम-9, पृ० 149.

16. ग्रीष्मे संचीयते वायुः प्रावृकटाले प्रकुष्यति।
वर्षासु चीयते पित्तं शरत्काले प्रकुप्यति।।
हेमन्ते चीयते श्लेष्मा वसन्ते च प्रकुप्यति।
प्रायेण प्रशमं याति स्वयमेव समीरणः।।
शरत्काले वसन्ते च पितं प्रावृहतौ कफः।। शारङ्र्गधरसंहिता, पूर्वखण्ड द्वितीय अध्याय।

17. गोरखवाणी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भिक्षु जगदीश काश्यप : नव नालन्दा महाविहार के पं० मदन मोहन मालवीय

नन्दकिशोर उपाध्याय

जिस प्रकार रविन्द्र नाथ टैगोर ने बंगाल में "शांति निकेतन" और महामना पं० मदन मोहन मालवीय ने काशी में हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की उसी प्रकार प्राचीन विश्वविद्यालय नालन्दा के भग्नावशेष के पार्श्व में भिक्षु जगदीश काश्यप जी ने नव नालन्दा महाविहार की स्थापना की। इस अर्थ में हम भिक्षु जगदीश काश्यप जी को नालन्दा का अभिनव पं० मदन मोहन मालवीय कह सकते हैं।

यहाँ महामना काश्यप जी के संक्षिप्त जीवन वृत, नालन्दा के पुनर्जन्म और इसे विश्वस्तर पर प्रतिष्ठापित करने के उनके प्रयत्न को रेखांकित करने का उपक्रम किया गया है।

भिक्षु जगदीश काश्यप का जन्म 2 मई 1908 ई० में राँची के एक सुसम्पन्न कायस्थ परिवार में हुआ था। इनका पैत्रिक गृह गया जिले में रौनियाँ नामक ग्राम में था। रौनियाँ खिदरसराय के निकट फल्गु नदी के पूरब की ओर अवस्थित है। यहाँ से बराबर की पहाड़ियाँ बहुत ही निकट दीख पड़ती हैं। पूरब में मगध राज जरासन्ध की राजधानी राजगृह की पहाड़ी श्रृंखला, पश्चिम में बराबर की पहाड़ियाँ और बीच में कलकल करती महानदी पुण्यहोया फल्गु हैं। महाबोधि मण्डय में वज्रासन का चरणस्पर्श करती निरञ्जना मोहना से मिलकर महानदी बनी फल्गु प्रियदर्शी मगध-सम्राट अशोक की नागार्जुनी गुफाओं के सिद्धों का दर्शन करती आगे चलकर कई शाखाओं में विभक्त हो भागीरथी में मिल जाती है। बोध गया से मन्दाकिनी तक का यह क्षेत्र बड़ा ही पवित्र माना जाता है। बराबर के निकट के पञ्चकोश क्षेत्र की आज भी महत्ता है। इस क्षेत्र को सिंद्ध क्षेत्र भी कहा जाता है। आश्चर्य है, इस क्षेत्र ने पुन: भिक्षु जगदीश काश्यप के रूप में एक सिद्ध दिया।

रौनियाँ के मोख्तार श्री भिखारी लाल अमामा राज्य के एक नामी कर्मचारी थे। इनके एक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मात्र पुत्र श्री श्यामनारायण का विवाह राँची जजी कोर्ट के एक सुसम्पन्न सिरिस्तेदार मुंशी श्री रामप्रसाद जी की एक मात्र पुत्री बतासो देवी से हुआ। इनके श्री आदित्य नारायण, श्री शिव नारायण एवं श्री जगदीश नारायण नामक तीन पुत्र थे। श्री आदित्य नारायण राँची कोर्ट के एक जाने माने नामी वकील थे। श्री शिवनारायण लहेरियासराय (दरभंगा) के प्रमुख वकील थे और तीसरे श्री जगदीश नारायण।

आर्थिक दृष्टि से सुसम्पन्न मुंशी श्री रामप्रसाद राजनैतिक दृष्टि से अपना महत्व रखते थे। डॉ० राजेन्द्र प्रसाद एवं श्री कृष्ण ·.ल्लभ सहाय से इनकी अत्यधिक निकटता थी। इन्होंने अपनी एक विशाल कोठी राष्ट्रीय कांग्रेस को दे दी जो आज भी कांग्रेस (राँची) का मुख्यालय बना हुआ है। कांग्रेस के इतिहास के साथ इस घराने का नाम आज भी जुड़ा हुआ है।

जगदीश नारायण का पठन-पाठन इसी राँची में ही प्रारंभ हुआ। माँ बतासो देवी एक धर्मपरायण महिला थीं। गीता और रामायण इन्हें कंठस्थ था। धर्म, संस्कृति, देश प्रेम एवं राजनीति के स्वच्छ वातावरण में जगदीश नारायण के भविष्य का निर्माण हो रहा था। राँची से शिक्षा प्राप्त कर ये पटना चले आये और यहाँ से इन्होंने स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। श्री रामधारी सिंह 'दिनकर', श्री राम नारायण मण्डल एवं श्री लक्ष्मी नारायण 'सुधांशु' इनके अन्तरंग मित्र थे। साइमन कमीशन का विरोध करने में सबसे आगे थे। 1929 में बी. ए. की उपाधि प्राप्ति के उपरान्त श्री जगदीश नारायण उच्च शिक्षा हेतु हिन्दू विश्वविद्यालय काशी चले आये। यहाँ से इन्होंने दर्शन शास्त्र और संस्कृत में एम. ए. किया। महामना मालवीय जी इनके प्रेरणा स्रोत थे। भारतीय राष्ट्रीय संग्राम के कई सेनानियों से इनके घनिष्ट संबंध थे। श्री कालू लाल श्रीमाली जागदीश नारायण के सबसे निकट के मित्र थे। परामनोविज्ञान के पंडित श्री लाल जी राम जी शुक्ल भी इनके अति निकट थे। 1931 के सत्याग्रह आन्दोलन में श्री जगदीश नारायण ने खुलकर भाग लिया। प्रखर राष्ट्रीयता इन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जोड़े हुई थी। इनके नानी के सहोदर भाई श्री अयोध्या प्रसाद आर्यसमाज के धुरन्धर पण्डित और प्रखर वक्ता थे। इनके प्रभाव ने इनकी दिशा में एक नया मोड़ दिया। इनके प्रभाव से प्रेरित हो इन्होंने आर्य समाज के गढ़ बैद्यनाथ धाम के संस्कृत विद्यापीठ गुरुकुल के प्रिन्सिपल का पद स्वीकार कर लिया।

यहाँ इन्होंने दो वर्षों तक पूर्ण निष्ठा के साथ एक आर्यसमाजी के रूप में गुरुकुल का संचालन किया। एक दिन गुरुकुल के ग्रन्थागार में इन्हें एक छोटी सी पुस्तक प्राप्त हुयी। यह धम्मपद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

की पुस्तक थी। इसकी प्रथम गाथा में मन या चित्त की प्रधानता बताते हुए सभी अच्छे और बुरे कर्मों की जड़ इसी मन को माना गया है। इस गाथा ने जगदीश नारायण के मार्ग को ही बदल दिया। ये वहाँ से सीधे काशी चले आये और हिन्दू विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान डॉ० भगवान दास से बौद्ध दर्शन पर शोध करने की अपनी इच्छा बतायी। डॉ० भगवान दास ने इन्हें बताया कि सम्पूर्ण बौद्ध दर्शन और बौद्ध साहित्य मागधी भाषा में लिखित, जिसे आज पालि कहते हैं। मूल रूप में यह लंका में प्राप्त है। बिना इसके अध्ययन के इस विषय पर अपने धुन के पक्के जगदीश नारायण ने वहीं से विद्यालङ्काराधिपति को संस्कृत में एक पत्र लिखा। इस पत्र में अध्ययन करने के लिए उनसे लंका आने की अनुमति माँगी गयी थी। कुछ दिनों के बाद जर्मनी से महापंडित राहुल सांकृत्यायन का पत्र आया कि पटना आकर डा० काशी प्रसाद जायसवाल जी के मकान आकर उनसे मिलें। ठीक समय पर जगदीश नारायण वहां पधारे। महापंडित राहुल सांकृत्यायन तिब्बत से लौट आऐ थे। वे अपने साथ वहाँ से अनेक ग्रंथों को ले आये थे। डा० काशी प्रसाद जायसवाल और राहुल जी उन्हें सहेज कर रख रहे थे। उनसे जगदीश नारायण को ज्ञात हुआ कि नालन्दा के वे सारे ग्रंथ जो तिब्बत चले गये थे, राहुल जी उन्हें पुनः ले आये हैं और वे इन्हें नालन्दा को देना चाहते हैं। भारत की खोयी निधि पुनः लौट आयी है, यह बहुत बड़ी रोमांचकारी घटना थी। जगदीश नारायण इन्हें निर्निमेष दृष्टि से देख रहे थे। अपने गन्तव्य की ओर वे स्वतः प्रेरित होकर बढ़ रहे थे। राहुल जी का मात्र निर्देश प्राप्त होना था, घर जाकर माता से इन्होने अनुमति प्राप्त कर ली और राहुल सांकृत्यायन के साथ ये लंका चले गये। भगवान बुद्ध घर से चुप-चाप निकले थे।अनजाने में सबको छोड़कर, किन्तु इन्होने माँ को मना लिया। लंका के विद्यालंकार महाविहार के पंडित महास्थविर धर्मानन्द से प्रव्रज्या ग्रहण कर वहाँ इन्होंने सम्पूर्ण पालि त्रिपिटक का अध्ययन कर त्रिपिटकाचार्य की उपाधि ग्रहण की। अब वे भिक्षु जगदीश काश्यप कहलाने लगे। काश्यप नामकरण में अनजाने ही कई रहस्य छिपे हैं, जो इनके कामों से स्वतः स्पष्ट होते गये। श्री लंका से काश्यप जी सारनाथ चले आये और वहाँ अपनी एक कुटी बनवायी। यहाँ इन्होंने सारनाथ कॉलेज में स्वयं रह कर पालि के अध्ययन का मार्ग प्रशस्त करवाया। वहाँ से वे हिन्दू विश्वविद्यालय काशी चले आये और पं. मालवीय जी की प्रेरणा से वहाँ पालि के अध्यापक का पद स्वीकार कर लिया और पालि का विश्वविद्यालय स्तर पर पठन-पाठन प्रारम्भ करवाया। किन्तु ये तो नालन्दा तक पहुँचने के मात्र सोपान थे। इनके मन मस्तिष्क में तो नालन्दा के अतीत के चलचित्र घूम रहे थे। देशरत्न डा० राजेन्द्र प्रसाद और पं० जवाहर लाल नेहरू भी इस ओर इन्हें प्रेरित कर रहे थे। अतः भारत की आजादी के पश्चात् नालन्दा के उत्थान का मार्ग प्रशस्त हो गया। अब केन्द्र में पंडित नेहरू प्रधानमंत्री थे तो डा० राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रपति। सौभाग्य से बिहार के मुख्य मंत्री डॉ० श्रीकृष्ण सिंह थे। ये प्रारम्भ से ही भारतीय संस्कृति के उद्गाता थे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत ही बाद भारतीय संस्कृति के प्राचीन स्थलों के उन्नयन और विकास के लिए एक योजना स्वीकृत करायी। आचार्य बदरीनाथ वर्मा शिक्षा मंत्री के पद पर थे। इनके कार्य को आयाम देने के लिए चित्र शिल्पी स्वयं साहित्यकार डॉ० जगदीश चन्द्र माथुर आइ० सी० एस० अधिकारी शिक्षा सचिव थे। ऊपर से नीचे तक के तार एक दूसरे से जुड़े हुऐ थे। भिक्षु जगदीश काश्यप जी को नालन्दा के निर्माण और उत्थान के लिए आमंत्रित किया गया।

प्राचीन नालन्दा की गौरव गरिमा को अभिनव रूप प्रदान करने के लिए भिक्षु जगदीश काश्यप ने नव नालन्दा महाविहार की रूप रेखा तैयार की। प्राचीन नालन्दा मुख्यतः बुद्ध प्रवेदित स्थविरवादी धर्म-अष्टादश सम्प्रदाय, महायान, वेद, व्याकरण (विशेषतः पाणिनी) तर्क-न्याय विशेष रूप में बौद्ध न्याय, चिकित्सा, रसायनशास्त्र, तंत्र (तंत्रयान -वज्रयान- सहजयान-सिद्धयान) आदि के लिए प्रसिद्ध था। किन्तु मौलिक रूप से नालन्दा को सर्वास्तिवाद का गढ़ माना गया है। काश्यप जी ने नव नालन्दा महाविहार के लिए थेरवाद के पालि त्रिपिटक को अध्ययन के लिये चुना। काश्यप जी श्री लंका के छात्र थे। भगवान बुद्ध की यह दीप शिखा लंका के माध्यम से बर्मा, थाईलैंड, लाओस और कम्बोडिया तथा वियतनाम में प्रदीप्त है। इस दीप शिखा को ये भारत ले आये थे, इसे इन्होंने धार्मिक संस्थान नहीं बल्कि सरस्वती मंदिर में प्रदीप्त किया। सदियों की प्रदीप्त शिखा की रक्षा के लिए निर्माता निदेशक बनाया गया। ये अपनी भूमिका को पहले ही समझ गये थे। अतः नई कल्पना, नये नाम, नये विषय के अनुरूप छात्रों के सृजन की परिकल्पना पहले ही कर ली थी इन्होंने। इसके लिए काश्यप जी ने नालन्दा कॉलेज के प्रिन्सिपल श्री झम्मन लाल शर्मा से बात की। ये नालन्दा कॉलेज (बिहार शरीफ) में आई० ए० एवं बी० ए० स्तर में पालि की पढ़ाई प्रारम्भ करवाना चाहते थे तब ही महाविहार के लिए एम० ए० के छात्र निरन्तर मिल सकते थे। श्री झम्मन लाल शर्मा तो इस प्रस्ताव से तुरंत सहमत हो गये। उन्होंने इन्हें कॉलेज के सचिव से मिलने का संकेत दिया। यह भी बताया कि बिना सचिव की अनुमति के कुछ कर पाना संभव नहीं था। काश्यप जी तुरंत उसी क्षण कॉलेज के सचिव से मिलने गये। नालन्दा कॉलेज के संस्थापक बाबू श्री ऐदल सिंह के सुपुत्र श्री कृष्ण बल्लभ नारायण सिंह उस समय कॉलेज के सचिव थे। दोनों की भेंट वर्षों बाद हुयी थी। "दोनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य थे। बउआ जी तो आज भी स्वयं सेवक हैं और बिहार के सह संघ संचालक हैं।" दोनों गले मिले और पालि की पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त हो गया। काश्यप जी स्वयं पालि के अध्यापक बने और इनके रहने सहने की सारी व्यवस्था नालन्दा कॉलेज के परिसर में ही कर दी गई। यहाँ रहकर इन्होंने नालन्दा के लिए छात्रों का सृजन किया। अपने पैसों से कितने छात्रों का नाम लिखवाया। कितनों को मुफ्त पुस्तकें दी, कितनों के रहने सहने और खाने पीने का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रबन्ध किया। कॉलेज में जो कुछ मिलता था छात्रों में उपरोक्त रीति से बाँट देते थे, तब ही जाकर कहीं पालि भाषा के प्रति छात्रों का आकर्षण हुआ। माहौल पैदा कर अपने बी० एच० यू० के छात्र डॉ० श्री चन्द्रिका सिंह उपासक को अपना पदभार देकर स्वयं नालन्दा चले आये। नव नालन्दा महाविहार का प्रथम कार्यालय राजगृह स्थित मघड़ा के अधिवक्ता श्री दशरथ बाबू के मकान में खोला गया। उन दिनों राजगृह और बख्तियारपुर के बीच बी० बी० लाईट की रेल चलती थी। काश्यप जी प्रति दिन राजगृह से इसी गाड़ी से महुआ बाग (नालन्दा स्टेशन) आते थे, और जन जागरण और जन चेतना द्वारा लोगों में इसकी प्राचीन गौरव गरिमा और अस्मिता की बात बताते थे। ''विश्व में आप लोगों का नाम है'' ऐसा सुनकर लोगों में एक गौरव भाव पैदा होता था। लोगों में एक नई जागृति पैदा हुयी। इन लोगों ने ऐसी नयी चेतना फैलायी कि सर्वत्र इलाके में इसकी चर्चा होने लगी। एक दिन भिक्षु जगदीश काश्यप इस्लामपुर स्टेट के जमींदार श्री चौधरी सलालुद्दीन साहब के पास उनकी कोठी पर मिलने गये। उन्होंने उठकर इनका स्वागत किया और बड़े ही प्रेम और भक्ति भाव से आसन पर बैठाया। काश्यप जी ने नालन्दा के निर्माण के लिए इनसे जमीन की माँग की। चौधरी साहब भावविह्वल थे। उन्होंने तुरंत ग्यारह एकड़ जमीन का हुकुमनामा इनके हाथों में सौंप दिया।

नालन्दा के प्राचीन भग्नावशेष की दक्षिणाभिमुखी इन्द्रपुष्करणी के तट पर अवस्थित उसी सुरम्य भूमि पर भारत गणराज्य के राजर्षी राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने देश विदेश के राष्ट्राध्यक्ष और धर्माध्यक्ष, विद्वानों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों से आवृत्त एक बड़े भव्य एवं मनोहारी समारोह के बीच, 20 नवम्बर, 1951 मार्गशीर्ष षष्ठी तिथि मंगलवार के दिन बुद्धाब्द 2495 को नव नालन्दा का शिलान्यास करते हुए ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण पालि के निम्नोक्त श्लोक को उसकी नींव में स्थापित किया:-

अस्मा एव सिलासिंगा,
नालन्दा भानुरंसियो।
उदेन्तु लोकभासाय,
विगमे माररत्तिया।।

इस समारोह के उद्गाता के रूप में आज भी नव नालन्दा महाविहार के अन्तः प्रवेश द्वार की भित्ति पर ये श्लोक उत्कीर्ण है।

वाणग्गहयुगक्खिम्हि,
बुद्धसंवच्छरे वरे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कण्हे माग सिरे मासे,
छट्ठियं मङ्गले दिने॥
भारते गणरज्जस्स,
रट्ठस्स पतिना सता,
रतनेन बिहारस्स।
धम्मिकेन सिरीमता॥
राजिन्दादिप्पसादेन,
नालन्दा पुञ्ञभूमियं॥
नव नालन्दा महा विहारस्स,
निहितायं सुभा सिला॥

नालन्दा के पुनर्जन्म के इस समारोह पर एक ओर महाकवि दिनकर की यह सस्वर पंक्तियाँ वातावरण को सुरभित बना रही थी-

जो त्रिकाल गूँजित संगम हो,
यह विशाल मन दो,
संजीवन धन दो।
मनमन मिलते जहाँ देवता,
वह विशाल मन दो
संजीवन धन दो।

तो दूसरी ओर श्री लंका, बर्मा, थाईलैंड, लाओस, कम्बोडिया, वियतनाम, कोरिया, तिब्बत, नेपाल आदि देशों के भिक्षुओं के समवेत स्वर के गायन से समारोह मुखरित हो रहा था। दक्षिण पूर्वी देशों के कई धर्माध्यक्षों ने अपनी अपनी लिपियों में त्रिपिटक, अनुपिटक साहित्य एवं स्वर्णजड़ित बुद्ध की प्रतिमायें काश्यप जी को भेंट की। तिब्बती विद्वान अपने ग्रंथों के साथ उपस्थित थे। जापान की राष्ट्रीय बौद्ध समिति ने 200 बहुमूल्य ग्रंथों के साथ जापानी और संस्कृत भाषा के एक विद्वान को नालन्दा के लिए भेजा। इस तरह काश्यप जी ने सम्पूर्ण बौद्ध देशों की लिपियों और भाषाओं में नालन्दा की विलुप्त सम्पदाओं को इस समारोह में पुनः प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। सदियों बाद ये विलुप्त सद्ग्रन्थ पुनः अपनी जन्मभूमि में लौट रहे थे, यह कैसा सुखद और रोमाञ्चकारी दृश्य था। प्रकृति सचमुच इस अवसर पर अपनी मनोमुग्धकारी छटा बिखेर रही थी। लेकिन तुरंत अपना भवन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बनना संभव नहीं था, नालन्दा का काम नालन्दा में ही हो, इसके लिए काश्यप जी ने कपटिया के जगु महतो के सुपुत्र श्री राघो महतो के नवनिर्मित भवन को उपलब्ध करने में सफलता प्राप्त की। बाद में यह भवन छात्रावास के रूप में वर्षों तक प्रयुक्त होता रहा।

उदारमना काश्यप जी ने नव नालन्दा महाविहार में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के विशिष्ट विद्वानों को नालन्दा में बुलाया। इनमें डॉ० सत्कारि मुखर्जी, डॉ० नथमल टाटिया, डॉ० गुलाब चन्द चौधरी, डॉ० यू. धर्मरत्न, रिंग जुग ड्न लूप लामा, वेंकटाचल, जैसे विद्वानों का उल्लेख किया जा सकता है। लंदन से पी. एच. डी. डिग्री प्राप्त कर भारत लौटने वाले डॉ० बी. जिनानन्द और डा० चन्द्रिका सिंह उपासक को नालन्दा में बुलाया गया। डॉ० चन्द्रिका सिंह उपासक जैसे विद्वान इस संस्थान के पहले रजिस्ट्रार बने।

कलकत्ता के उत्तरपाड़ा अवस्थित स्थान पर एक प्रख्यात विद्वान डॉ० नलिनाक्षदत्त द्वारा संग्रहीत बहुमूल्य पुस्तकों का विक्रय हो रहा था। यह खबर काश्यप जी को मिली। बिहार सरकार से पैसा मिलने में समय लगता। अतः अपने पैसे से उन्हेंखरीद लेने का उन्होंने अपना मन बनाया और 10 हजार की अपनी संचित पूंजी के साथ अपने साथ समनारायण झा को लेकर कलकत्ता चले गये। पुस्तकों का क्रय किया, ट्रक पर स्वयं लदवाया और झा जी के साथ स्वयं ट्रक पर ही सवार होकर नालन्दा पधारे। उस समय रास्ते इतने सुगम नहीं थे, कई दिन लगे, बरसात में भींगते, त्रिपाल से पुस्तकों को बचाते उन्हें ले आये, इस संग्रह ने नालन्दा ग्रंथागार को भारत में महत्त्वपूर्ण बना दिया। सरकार से जब पैसे मिले तो, छात्रावास के लिए महुआबाग (नालन्दा रेलवे स्टेशन) अवस्थित एक जमीन के टुकड़े को क्रय कर लिया। सेठ घनश्याम दास बिड़ला जी की मदद से उक्त भूमि पर एक टेम्पुल, दो होस्टल, और कई मकान बनवाये। इनमें छात्रों के लिए छात्रवास खोला गया जो आज भी टेम्पुल होस्टल के नाम से जाना जाता है; एक मकान पोस्ट ऑफिस खोलने के लिए इन्होंने दे दिया। कुछ में प्राध्यापकों को रखा, टेम्पुल में स्वयं रहे। काश्यप जी को तो कुछ और ही करना था। स्वयं आनरेरी निदेशक रहकर डॉ० सत्कारि मुखर्जी को महाविहार का निदेशक बनाया जिनके निर्देशन में संस्थान ने शोध के क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की। स्वयं एक डी० टी० पी० डी० संस्था कायम कर पंडित नेहरू से मिलकर बुद्ध की 25 सौवीं जयन्ती के अवसर पर सम्पूर्ण त्रिपिटक को देवनागरी लिपि में प्रकाशित कराने की योजना मंजूर करायी। इसमें बड़े विद्वानों और अपनी प्रशिक्षित शिष्य मंडली को लगाया। जब समय पर सबको वेतन मिलने में दिक्कत हुयी तब टेम्पुल होस्टल स्थित अपनी सारी जमीन और मकान को बेच डाला और उक्त काम को आगे बढ़ाया। मात्र छात्रवास

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अब शेष बचा हुआ है। इस तरह नियत समय पर सम्पूर्ण त्रिपिटक के 41 देवनागरी खण्डों को भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को सारनाथ स्थित मूलगंधकुटी विहार में एक बड़े समारोह के साथ समर्पित किया। बुद्ध के निर्वाण के तुरंत बाद महाकाश्यप ने मगधराज अजातशत्रु के राज्यकाल में ऐसा ही किया था। काश्यप जी ने इस अद्भुत कार्य को पूरा कर महाकाश्यप का काम किया। काश्यप नामकरण के रहस्य की परत पर परत अब खुलने लगी। इस देवनागरी पालि त्रिपिटक के प्रकाशन ने विश्व में नालन्दा की ख्याति और भी बढ़ा दिया। और काश्यप जी? ये तो दोनों काश्यप का काम पूरा कर चुके थे। उरुवेल काश्यप, गया काश्यप और नदी काश्यप तीन जटिल बन्धु थे। ये अग्निहोत्री ब्राह्मण बन्धु अपनी कठिन तपस्या के लिए प्रसिद्ध थे। काश्यप जी ने धूतवादी जटिल काश्यप बन्धुओं की तरह श्री लंका के एक पर्वत पर ''आनापान सति' की साधना कर उसमें सफलता प्राप्त की थी। तपस्या दीप्त उनके शरीर को देखकर स्वयं इन्हें राहुलजी ने कहा था- ''न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य अग्निमये शरीरा।'' और सचमुच में इसी अग्निमय शरीर से काश्यप जी ने नालन्दा का उद्धार किया। त्रिपिटक का देवनागरी प्रकाशन करवाया, और इसी अग्निमय शरीर से चीन जाकर ह्वेनसांग का अस्थि कलश लाकर ह्वेनसांग मेमोरियल भवन का निर्माण करवाया। 1955 ई० में एक मिशिनरी के रूप में काश्यप जी चीन गये और प्रधान मंत्री चाउ इन लाई से भेंट कर नालन्दा के शिष्य ह्वेनसांग की अस्थि नालन्दा ले आने में सफल हुए। 9-1-59 को चाउ इन लाई के प्रतिनिधि स्वरूप तिब्बत के राष्ट्राध्यक्ष धर्म गुरू दलाईलामा ने भारत के प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू को एक भव्यं समारोह के बीच नालन्दा की पुण्यभूमि पर स्वर्ण मंजूषा में ह्वेनसांग की अस्थि और ह्वेनसांग स्मृति भवन के निर्माण हेतु 5,74,413 रुपये का चेक चीनी जनता और चीनी सरकार के प्रेम के प्रतीक के रूप में प्रदान किया। आज यह 64 एकड़ की आवृत भूमि के बीच एवं सुरम्य सरोवर के तट पर भारतीय चीनी संस्कृति के प्रेम के प्रतीक के रूप में अपने भव्य आकार में निर्मित हो लोगों के आकर्षण का क्रेन्द्र बना हुआ है। चीनी भारतीय संस्कृति की पढ़ाई के लिए काश्यप जी ने इसका निर्माण करवाया। 'महायान साहित्य और दर्शन के अध्ययन का यह एक भव्य गढ़ बनेगा।'

इतिहास बताता है कि ईसा के 69 वर्ष बाद मातङ्ग काश्यप भारत से चीन गये थे। रहस्य यहाँ आकर पूर्ण रूपेन स्पष्ट होता है काश्यप नामकरण का। तीनों काश्यप का काम एक ही जन्म में काश्यप जी ने पूर्ण कर दिया।

काश्यप जी ने कई महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचनाएँ की इनमें ये महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं-

1. पालित्रिपिटक-देवनागरी संस्करण - 41 खण्ड।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

2. पालि महाव्याकरण
3. पालि निस्सेनी
4. तर्कशास्त्र (आगमन)
5. तर्कशास्त्र (निगमन)
6. अभिधम्म फिलासफी 2 भाग
7. बुद्धिज्म फार एवरी बडी
8. बुद्धिस्टिक आउट लूक
9. त्रिपिटक शब्दानुक्रमणी
10. मिलिन्द प्रश्न (हिन्दी अनुवाद)
11. दीघ निकाय (हिन्दी अनुवाद)
12. संयुक्तनिकाय (हिन्दी अनुवाद)

नव नालन्दा महाविहार को स्वायत्तशासी निकाय एवं डीम्बड टु बी युनिवर्सीटी बनाने का मूर्त्त स्वरूप काश्यप जी ने ही प्रदान किया था जिसे डॉ० नथमल टाटिया और डॉ० सी० एस० उपासक ने बहुत हद तक आगे बढ़ाया। इसे निर्माण के ऊँची मीनार पर पहुँचाने का सफल प्रयत्न डॉ० गुस्तॉव रॉथ ने किया। इनके पीछे महामहिम ए० आर० किदवई, राज्यपाल, बिहार का सक्रिय समर्थन, था। 24 फरवरी 1994 को भारत सरकार के संस्कृति विभाग ने इसका विधिवत अधिग्रहण कर लिया। सौभाग्य से महामहिम ए० आर० किदवई पुनः बिहार के राज्यपाल हुये। प्राचीन नालन्दा को जलाने का जो कलंक मुसलमानों पर था, महामहिम किदवई साहब ने नालन्दा के अभ्युदय और संवर्द्धन में अपने भरपूर सहयोग के श्लथ-श्रमजल से धो डाला है। कृतज्ञ महाविहार ने शीलभद्र छात्रावास के प्रवेश द्वार पर इसे स्वीकार करते हुए उनकी प्रशस्ति में शिलालेख अंकित किया है।

उन्होंने डॉ० उमाशंकर व्यास और बाद में डॉ० दीपक कुमार बरूआ को इसके संचालन हेतु निदेशक नियुक्त किया। अभी वही अभिरुचि बिहार के दार्शनिक राज्यपाल महामहिम विनोद चन्द्र पाण्डेय ले रहे हैं। अपने बहुमूल्य समय का हर क्षण वे नालन्दा को प्रदान कर रहे हैं। नालन्दा की आभा को बिखेरने में डॉ० रबीन्द्र पन्त निदेशक के रूप में लगे हुए हैं। नालन्दा का यह काम काश्यपजी का काम है, काश्यपजी के सारे प्रयत्न सफल दीख पड़ रहे हैं। यह महामानव रवि, नालन्दा का पंडित मदन मोहन मालवीय 28 जनवरी 1976 ई० की सन्ध्या वेला में सदैव के लिए अस्त हो गया। किन्तु स्मृति रूप में जीवित रखने के लिए थाई टेम्पुल नालन्दा ने महाविहार के प्रवेश-स्थल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पर उनकी संगमरमर की एक प्रस्तर प्रतिमा की स्थापना की है। ऐसी ही प्रतिमा थाई मंदिर जो महाविहार के पीछे अवस्थित प्रवेश द्वार पर बनायी गई है। प्रतिमा यह स्मरण कराती है कि काश्यप जी का यही स्थल कभी इनका निजी आवास था जिसे उन्होंने थाई भिक्षुओं को दान स्वरूप प्रदान कर दिया था। जापान के राष्ट्र सन्त फूजी गुरू जी की काश्यप जी के प्रति अनन्त श्रद्धा थी। इसी के स्मृति स्वरूप उन्होंने शान्तिस्तूप (राजगृह अवस्थित) के निकट काश्यप जी की प्रतिमा की स्थापना करवायी थी।

जय नालन्दा! जय काश्यप जी!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालंदा की जीवंत विरासत : भिक्षु जगदीश काश्यप

हरे कृष्ण तिवारी

बुद्ध काल से ही नालंदा का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। भगवान बुद्ध के दो प्रधान शिष्यों - सारिपुत्र और मौद्गल्यायन की जन्मभूमि होने के कारण भगवान बुद्ध का यहाँ अनेक बार आगमन हुआ। इतना ही नहीं भगवान महावीर का भी यहाँ कई बार आगमन हुआ। तदन्तर यहाँ अल्पकाल के लिए आने वाले भिक्खुओं के लिए विहार अथवा बौद्ध मठ स्थापित किए गए। कालक्रम में ये पवित्र मठ गुप्त एवं पाल राजाओं के राजकीय संरक्षण के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि की शैक्षिक संस्थान के रूप में परिवर्तित हो गया। अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए भारतीय संस्कृति को समृद्ध करने तथा विशेषतः बौद्ध दर्शन को चीन, मंगोलिया, कोरिया, जापान, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, कम्बोडिया, लाओस, वियतनाम, बांग्लादेश जैसे एशियाई देशों में प्रचारित करने में नालंदा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। किन्तु, काल के थपेड़ों से नालंदा भी बच नहीं सका। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बावजूद नालंदा बारहवीं शताब्दी तक आते-आते दुनिया के मानचित्र पर से विस्मृति के गर्भ में खो गया। सदियों तक गुमनामी के अंधेरे में खोये रहने के बाद पुनः इसे विस्मृति के गर्भ से उबारने तथा दुनिया के मानचित्र पर पुर्नस्थापित करने के लिए मगध की भूमि ने एक महान् सपूत को जन्म दिया। वह सपूत था - भिक्षु जगदीश काश्यप।

मगध के कायस्थ घराने में जन्में भिक्षु जगदीश काश्यप का बौद्धधर्म की ओर आकर्षित होना नालंदा के लिए वरदान साबित हुआ। बौद्ध दर्शन का प्रभाव तो इन पर शुरू से ही था, किन्तु 'धम्मपद' नामक बौद्ध ग्रंथ ने इनके जीवन के प्रवाह को ही बदल दिया।[1] 'धम्मपद से साक्षात्कार के बाद बौद्ध दर्शन और साहित्य में इनकी रुचि गहरी हो गई। बौद्ध दर्शन और साहित्य की पूर्ण जानकारी के लिए पालि त्रिपिटक का ज्ञान आवश्यक था। उस समय पालि त्रिपिटक के पांडित्य का गढ़ श्रीलंका का विद्यालंकार महाविहार था। अतः इन्होंने वहाँ जाने का संकल्प किया। महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने इन्हें श्रीलंका भेजने में मदद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

की। राहुल जी ने विद्यालंकार महाविहाराधिपति महास्थविर धर्मानंद के नाम एक पत्र दिया एवं काश्यप जी को अपना धर्मबंधु बताते हुए इन्हें बौद्ध धर्म में दीक्षित कर लेने का अनुरोध किया।[2]

श्रीलंका पहुँचकर महास्थविर धर्मानंद से प्रव्रज्या ग्रहण कर इन्होंने सम्पूर्ण पालि वाङ्मय का अध्ययन किया। श्रीलंका में रहकर इन्होंने 'त्रिपिटकाचार्य' की परीक्षा पास की, संस्कृत में बौद्ध धर्म पर एक पुस्तक लिखी तथा श्रीलंका में काफी प्रसिद्धि प्राप्त की।[3] राहुल जी के बुलावे पर वे भारत लौटे। संयोगवश, काश्यप जी को राष्ट्रपति डा॰ राजेन्द्र प्रसाद के साथ बर्मा (म्यांमार) जाने का अवसर प्राप्त हुआ। काश्यप–जी बर्मावासियों के लिए वज्रासन स्थित बोधिवृक्ष की शाखा को लेते गए। बर्मावासियों के लिए यह सबसे बड़ा उपहार था। डा॰ राजेन्द्र प्रसाद के साथ बर्मावासियों ने भिक्षु जगदीश काश्यप का भी बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया। बर्मावासी इन्हें कुमार महेन्द्र के रूप में देख रहे थे। भारत से आये आधुनिक 'धर्मप्रचारक का वहाँ भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत देखकर महामहिम डा॰ राजेन्द्र प्रसाद ने बर्मावासियों के बीच नालंदा स्थित बौद्ध शिक्षा के प्राचीन पीठ को पुनर्जीवित करने की घोषणा की। काश्यपजी को तो मानों कोई निधि हाथ लग गई हो। वे इस कार्य के लिए प्राणपण से जुट गए। अब उन्होंने अपना कार्य क्षेत्र मगध क्षेत्र को बनाया।

काश्यप जी इधर नालंदा के प्राचीन गौरव को पुनःस्थापित करने का संकल्प लिए प्रयत्नशील थे तो उधर बिहार की तत्कालीन सरकार भी अपने गौरव स्थलों का पुनःरूद्धार करना चाहती थी। बिहार के तत्कालीन शिक्षा सचिव ने नालंदा को पुनर्जीवित करने और यहाँ पालि भाषा और बौद्ध दर्शन के अध्ययनार्थ एक संस्थान के संचालन के लिए काश्यपजी को आमंत्रित किया। नालंदा उस समय उजाड़ स्थल था। काश्यपजी ने जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को नालंदा के उत्थान के लिए प्रेरित किया। जनसंपर्क अभियान के सिलसिले में ही इस्लामपुर स्टेट के जमींदार जनाब चौधरी जहूर के पास गए। काश्यपजी ने जमींदार से कहा "आपके पूर्वजों पर नालंदा को जलाने का जो कलंक है उसे यह धोने का समय है। नालंदा में पुनः उसी स्थान पर विश्वविद्यालय स्थापित किया जा रहा है, वह क्षेत्र आपके अधीन है। अतः भवन-निर्माण के लिए आप जमीन दें।" जमींदार जमीन देने के लिए सहर्ष तैयार हो गए। उन्हीं के द्वारा प्रदत्त जमीन पर प्राचीन नालंदा के पार्श्व में इन्द्रपुष्करणी के तट पर अवस्थित सुरम्य स्थान पर भारतीय गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा॰ राजेन्द्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रसाद ने देश-विदेश के विद्वानों से भरे एक भव्य समारोह में 20 नवम्कर 1951 मार्ग शीर्ष षष्ठी तिथि मंगलवार, बुद्ध संवत् 2495 को नवनालंदा महाविहार का शिलान्यास करते हुए ताम्र पत्र पर उत्कीर्ण पालि के निम्नोक्त श्लोक को उसकी नींव में स्थापित करा दिया-

अस्मा एवं सिला सिंगा नालंदा भानुरंसियो।
उदेन्तो लोक भासाय विगमे मार रत्तिया।।[4]

अर्थात माररूपी रात (अज्ञानान्धाकार) के बीत जाने पर संसार को प्रकाश देने के लिए (लोक भाषा के रूप में) नालंदा सूर्य की किरणें इसी शिला के शिखर से उदित हो। नव नालंदा महाविहार को उसकी पुरानी गरिमा से मंडित करने के उद्देश्य से इसके संस्थापक निदेशक काश्यपजी ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं दर्शनशास्त्र के विद्वान, डा० सत्कारि मुखर्जी को नालंदा बुलाया। डा० मुखर्जी नालंदा में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त होकर आए थे, लेकिन काश्यप जी ने अपने पद का परित्याग करके इन्हें निदेशक के पद पर नियुक्त करवाया और स्वयं अवैतनिक निदेशक रहकर नालंदा महाविहार के उत्थान के लिए कार्य करते रहे। यह काम काश्यप जी जैसा वीतरागी व्यक्ति ही कर सकता था। जैन धर्म के दोनों सम्प्रदायों के पंडित द्वय डा० नथमल टाटिया एवं गुलाब चन्द चौधरी काश्यप जी के कहने पर नालंदा आने के लिए तैयार हुए। श्रीलंका के विद्वान भिक्षु डा० यू० धर्मरत्न एवं बर्मी भिक्षु उ. जागराविभंश को अपने देश से दूर नालंदा में रहने के लिए काश्यपजी ने ही प्रेरित किया।[5] इस तरह देश-विदेश के प्रसिद्ध विद्वानों को नालंदा लाकर नव नालंदा महाविहार को प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र का रूप दिया।

नालंदा स्थित ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल काश्यपजी के प्रयासों का ही प्रतिफल है। काश्यपजी एक मिशनरी के प्रधान के रूप में 1955 ई० में चीन गए और चीनी प्रधान मंत्री चाऊ एन लाई से भेंट की। काश्यपजी के प्रयत्न से चीनी प्रधान मंत्री ह्वेनसांग की अस्थि भारत भेजने के लिए तैयार हुए। 1957 को चाउ एन लाई के प्रतिनिधि के रूप में तिब्बत के राष्ट्राध्यक्ष धर्म गुरु दलाई लामा ने भारत के प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को नालंदा की पुण्यभूमि पर एक भव्य समारोह के बीच ह्वेनसांग की अस्थि और ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल की स्थापना हेतु 5,74,413 रु० का चेक चीनी जनता और चीनी सरकार के प्रेम के प्रतीक के रूप में प्रदान किया। भारत सरकार ने अपनी ओर से और राशि लगाकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नालंदा में ह्वेनसांग की स्मृति में 'ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल' की स्थापना की।[6] ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल नालंदा की प्राचीन गरिमा के पुनर्स्थापन में एक मील का पत्थर साबित हुआ। यह हॉल शुंग वंश की प्रचलित चीनी भवन निर्माण शैली में निर्मित है और 52 एकड़ जमीन इसके अधिकार में है।[7] भारत सरकार नव नालंदा महाविहार और ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल दोनों को एक साथ मिलाकर बौद्ध दर्शन एवं अन्य विषयों के उच्च अध्ययन संस्थान के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। साथ-ही-साथ जापान सरकार के सहयोग से भारत सरकार नालंदा में एक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील है।

नव नालंदा महाविहार के निदेशक पद पर कार्य करते हुए काश्यप जी ने सम्पूर्ण पालि त्रिपिटक का 41 खंडों में देवनागरीकरण कराने का गुरुतर कार्य किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने न केवल अनेक ग्रन्थों का सृजन एवं अनुवाद किया, बल्कि भारत से विलुप्त अनेक बौद्ध ग्रंथों को पुनः भारत (नालंदा) लाने का सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कार्य किया। इनके प्रयास का ही प्रतिफल है कि बौद्ध धर्म से संबंधित प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण साहित्य का प्राप्ति स्थान नालंदा बना। विभिन्न देशों के विद्वान बौद्ध एवं दर्शन पर शोध करने के क्रम में नालंदा आने को प्रेरित हैं।

निष्कर्षतः नालंदा को पुनः इसकी प्राचीन गरिमा से मंडित करने, नव नालंदा महाविहार के रूप में प्रमुख शिक्षा केन्द्र बनाने, बौद्ध देशों के बीच सम्मान एवं श्रद्धा का स्थान दिलाने का सारा श्रेय भिक्षु जगदीश काश्यपजी को है। भोजपुरी में एक कहावत है- "बुढ़िया मर गइल,; बाकी पाँचों अंगुरिया छोड़ गइल"। आदमी चला जाता है किन्तु अपनी कृति दुनिया में छोड़कर चला जाता है। आज हमारे बीच भिक्षु जगदीश काश्यपजी नहीं है किन्तु उनकी कृतियाँ हमारे बीच है। नव नालंदा महाविहार, ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल आदि उनकी जीवंत कृतियाँ हैं। इन कृतियों के रूप में भिक्षु काश्यपजी जीवित हैं, वे नालंदा के कण-कण में समाए हुए हैं। सचमुच, भिक्षु काश्यपजी नव नालंदा महाविहार के आधार स्तम्भ थे।

पाद टिपण्णी

1. होमेज टू भिक्खु जगदीश काश्यप, पृ० 5.
2. वही, पृ० 7.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

3. वही, पृ० 7.
4. नालंदाः पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट, पृ. 140.
5. होमेज टू भिक्खु जगदीश काश्यप, पृ० 17.
6. नालंदाः पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट, पृ. 144.
7. वही, पृ. 144.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

List of Contributors

Prof. Suniti Kumar Pathak
Retd. Professor
Department of Indo-Tibetan Studies
Visva-Bharati University
Santiniketan, West Bengal

Shri Shrikant Singh
Assistant Profesor
Deptt. of English
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Prof. Angraj Chaudhary
Ex-Prof.
Deptt. of Pali
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Dr. Bhikkhu Satyapal
Head of the Deptt. of Buddhist Studies
University of Delhi
Delhi

Prof. C. S. Upasak
Ex-Director
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

List of Contributors

Sri Binod Kumar Chaudhary
Assistant Professor
Deptt. of Philosophy
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Ram Sakal Singh
Professor & Head of the Deptt. of Political Science
Nalanda College
Biharsharif, Bihar

Ven. Dr. Rastrapal Mahathera
President
International Meditation Centre
Bodh Gaya, Bihar

Dr. Mauli Chand Prasad
Ex-Lecturer
Deptt. of Pali
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Dr. O. P. Pathak
Research Manager
Vipassana Research Institute
Nasik, Maharashtra

Dr. Bimalendra Kumar
Sr. Lecturer
Deptt. of Pali & Buddhist Studies
Banaras Hindu University
Varansai, U.P.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Dr. A. Q. Ansari
Deptt. of Buddhist Studies
Magadh University
Bodh Gaya, Bihar

Dr. Prabhakar Mishra
Head of the Deptt. of Philosophy
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Bijayananda Kar
Special Assistant in Philosophy
Utkal University
Bhubaneshwar, Orissa

Dr. Vijay Kumar Sharma
Ex. Lecturer
Deptt. of Pali
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Dr. Dipankar Lama
Assistant Professor
Deptt. of Tibetan
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Dr. Shiv Bahadur Singh
Assisytant Professor
Deptt. of A.I. & A.S.
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

List of Contributors

Dr. Chandra Bhushan Mishra
Assistant Professor
Deptt. of A.I. & A.S.
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Sri Shyamdeo Dwivedi
Ex- Editor
Vipassaṇa Research Institute
Igatpuri, Nasik, Maharashtra

Dr. Jayram Das
Reader & Head of the Deptt. of Philosophy
Naladna College
Biharsharif, Bihar

Dr. Vidyanand Upadhyaya
University Professor
Deptt. of A.I. & A.S.
Nalanda College
Biharsharif, Bihar

Dr. Abha Rani
Deptt. of Pali
Magadh Univeristy
Bodh Gaya, Bihar

Prof. (Dr.) Ramshanar Tripathi
Ex- Head of the Deptt. of Buddhist Studies
Sampurnand Sanskrit University
Varanasi, U.P.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Dr. Vishwajit Kumar
Assistant Professor
Deptt. of Pali
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Mrs. Ruby Kumari
Assistant Professor
Deptt. of Sanskrit
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

Dr. Kapildev Prasad Singh
Head of the Deptt. of Pali
Nalanda College
Biharsharif, Bihar

Dr. Sadhvi Sampragya
Viraytan
Rajgrih, Bihar

Dr. Rabindra Kumar Pathak
Lecturer
Post Graduate Deptt. of Pali and Prakrit
Magadh University
Bodh Gaya, Bihar

Dr. Nandkishore Upadhyaya
Ex. Lecturer
Deptt. of Hindi
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Dr. Hare Krishna Tiwary
Assistant Professor
deptt. of Hindi
Nava Nalanda Mahavihara
Nalanda, Bihar

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant 2

Jangamwadi Math, Shivalal, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon